धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात
रांची, सोमवार
17.03.2025
* नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | चैत्र, कृष्ण पक्ष, तृतीया, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 242



12 मैंने आरएसएस से सीखा जीवन का सार

**रोजा का समय**
**सेहरी** (18.03.2025): 04.33 बजे
**इफ्तार** (17.03.2025): 06.00 बजे




## न्यूज डायरी

### पलामू में सड़क हादसा दादी-पोते की मौत, 3 गंभीर

**मेदिनीनगर।** जिले के विश्रामपुर थाना क्षेत्र के शंखा-गढ़वा एनएच-39 बाईपास पर गुरहा कोयल नदी पुल पर एक ट्रक और ऑटो में जोरदार टक्कर में दादी-पोते की मौत हो गयी। हादसे में पांच लोग घायल भी हैं, जिनमें तीन की हालत नाजुक है। सभी घायलों का इलाज गढ़वा सदर अस्पताल में चल रहा है। टेंपो पर एक ही परिवार के सात लोग सवार थे। सभी बेलचंपा से घर लौट रहे थे।

### तीन बच्चों की हत्या कर पिता ने की आत्महत्या

**गिरिडीह।** जिले के खुखरा थाना इलाके के महेशलिट्टी गांव में रविवार को तीन बच्चों सहित पिता का शव घर में बरामद हुआ। ग्रामीणों की सूचना पर डुमरी एसडीपीओ सुमित प्रसाद मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। मौके पर एसडीपीओ ने चार की मौत की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आयी कि पिता ने अपने तीन बच्चों का गला दबाने के बाद अपनी जान दे दी है। सभी के गले में निशान मिले हैं।

### सैन्य सम्मान के साथ किया गया अंतिम संस्कार

**रांची।** सीआरपीएफ के जवान संजीत कुमार सिंह (42) का अंतिम संस्कार उनके गृहनगर धुलियार (तीनपहाड़) में पूरे सैन्य सम्मान के साथ किया गया। उनके असामयिक निधन से इलाके में शोक की लहर है। राजधानी रांची में तैनात संजीत की नगड़ी थाना क्षेत्र में रिंग रोड पर 14 मार्च को सड़क हादसे में मौत हो गयी थी। तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी थी। वह रांची स्थित सीआरपीएफ कैंप से वापस लौट रहे थे। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर सड़क हादसे में मौत की जांच शुरू कर दी है।

### खूंटी में तीन नक्सली गिरफ्तार

**खूंटी।** जिला पुलिस ने 13 साल बाद एक नक्सली हत्याकांड का खुलासा किया है। इस कांड में शामिल तीन नक्सलियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसमें दुई उर्फ फगुआ मुंडा, दिया उर्फ बिरसा नाग उर्फ बिरसा मुंडा और तीन नाग उर्फ सीनु मुंडा शामिल है। इन तीनों पर आरोप है कि 25 मई 2012 की रात करम सिंह मुंडा के घर घुसकर उसे घसीटकर बाहर निकाला और लाठियों से बेरहमी से पिटाई कर पत्थर से कूचकर हत्या कर दी थी। जाते-जाते उन लोगों ने करम सिंह मुंडा को गोलियों से छलनी कर दी थी।

## भारत का एक और दुश्मन पाकिस्तान में ढेर, अज्ञात बंदूकधारियों ने किया छलनी

# मारा गया आतंकी हाफिज सईद का भतीजा अबू कताल

**एजेंसी**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में भारत का एक और दुश्मन लश्कर-ए-तैयबा का मोस्ट वांटेड आतंकी अबू कताल मारा गया। पंजाब प्रांत में शनिवार को 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद का खास और भतीजा अबू कताल और उसके सुरक्षाकर्मी की अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। द न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार अबू कताल का असली नाम जिया-उर-रहमान था। मंगला-झेलम रोड पर बंदूक से उस समय हमला हुआ जब वह अपनी जीप में यात्रा कर रहा था। हाफिज सईद ने अबू कताल को लश्कर-ए-तैयबा का चीफ ऑपरेशनल कमांडर नियुक्त किया था।

कताल की मौत को हाफिज सईद के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। हाफिज सईद के आदेश पर वह जम्मू-कश्मीर में बड़े हमलों को अंजाम देता था। राजौरी हमले में वह शामिल था।



### कैसे मारा गया कताल

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, कताल पर उस समय हमला किया गया जब वह वाहन से जा रहा था। शाम को करीब 7-8 बजे के बीच पुलिस को गोलीबारी की सूचना मिली। मौके पर देखा गया तो सामने की सीट पर बैठा शख्स मारा जा चुका था। वहीं पीछे की सीट पर बैठा बंदूकधारी भी मारा गया था। ड्राइवर भी घायल था। चश्मदीदों ने बताया कि अचानक से मोटर साइकिल सवारों ने गाड़ी रोकी और गोलियां बरसानी शुरू कर दीं। इस दौरान कताल को 14 से 15 गोलियां मारी गयी।

### बच गया हाफिज सईद, सैन्य अस्पताल में भर्ती

हमले में आतंक का आक भारत का मोस्ट वांटेड आतंकी हाफिज सईद भी जख्मी है। अज्ञात बंदूकधारियों की गोलीबारी में वह गंभीर रूप से घायल है। हाफिज सईद को रावलपिंडी में सेना के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वह अपने भतीजे और अन्य के साथ पाकिस्तानी सेना के कोर कमांडर मंगला से मुलाकात के बाद वापस लौट रहा था। रास्ते में ही अज्ञात बंदूकधारियों ने उसके वाहन को निशाना बनाया। उसका भजीता अबु कताल मारा गया। पहले हाफिज सईद के मारे जाने की अफवाह फैली। प्रारंभिक खबरों में बताया गया था कि हमले में हाफिज सईद गंभीर रूप से घायल हो गया था, और उसे बचाया नहीं जा सका। हालांकि, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआइ) नेता समद याकूब ने दावा किया कि हाफिज सईद जिंदा है, लेकिन उसके बेटे तल्हा सईद की आवाज से ऐसा लग रहा था कि वह किसी बड़े नुकसान से परेशान है। हाफिज सईद को रावलपिंडी में सेना के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वह अपने भतीजे और अन्य के साथ सेना के कोर कमांडर मंगला से मुलाकात के बाद वापस लौट रहा था।

### मुंबई आतंकी हमले का सरगना है हाफिज

हाफिज सईद 26 नवंबर 2008 को मुंबई में हुए आतंकी हमले का मास्टरमाइंड था। उस हमले में 160 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी। 2006 में मुंबई ट्रेन धमाकों में भी हाफिज सईद का हाथ रहा। 2001 में भारतीय संसद तक को सईद ने निशाना बनाया था। वो एनआईए की मोस्ट वांटेड की सूची में शामिल है। मुंबई हमले के बाद भारत ने पाक से उसे सौंपने को कहा था, लेकिन पाकिस्तान लगातार उसे आतंकी मानने से इनकार करता रहा।

## राज्य कर्मियों, सेवानिवृत्त और अधिवक्ताओं को ₹10 लाख तक की चिकित्सा सुविधा

# राशन कार्डधारी परिवारों का 15 लाख तक का होगा मुफ़्त इलाज : मुख्यमंत्री

**चिकित्सा सुविधा**

- यह योजना हर परिवार को सालाना स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान करती है, ताकि उनका बेहतर इलाज हो सके

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना की शुरूआत की है। इस योजना के तहत अब, राज्य के राशन कार्डधारी परिवारों को 15 लाख तक का मुफ्त इलाज की सुविधा दी जा रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का मानना है कि इस योजना का मुख्य उदेश्य राज्य के लोगों को गुणवत्तापूर्ण और किफायती स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। यह योजना हर परिवार को सालाना स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान करती है, ताकि उनका बेहतर ईलाज हो सके। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि राज्य के लोगों की सुरक्षा उनकी सरकार की जिम्मेवारी है।




### इन्हें मिलेगी 10 लाख तक की चिकित्सा सुविधा

राज्य सरकार एक और योजना 'अबुआ सरकार राज्यकर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना' लेकर आयी है। इस योजना के तहत राज्य कर्मियों, सेवानिवृत्त कर्मियों और अधिवक्ताओं को 10 लाख तक की चिकित्सा सुविधा मिलेगी। दोनों योजनाओं की शुरूआत झारखंड में कर दी गयी है। इस योजना के लाभुक परिवारों को 5 लाख का स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिलेगा। गंभीर बीमारियों के लिए बीमा राशि बढ़कर मिलेगी। इस योजना के तहत राज्य कर्मियों के अलावा पेंशनरों, विधानसभा के सदस्यों, पूर्व सदस्यों, विश्वविद्यालय शिक्षकों और कर्मियों का पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा होगा। गंभीर बीमारियों की स्थिति में कुल 10 लाख रुपये तक चिकित्सा व्यय का वहन किया जायेगा।

### एयर एंबुलेंस और वायुयान यात्रा की मिलेगी सहायता

बीमा राशि से अधिक खर्च होने पर कॉरपस फंड द्वारा भुगतान किया जाएगा। विशेष परिस्थिति में राज्यकर्मी और सेवानिवृत्त कर्मियों का दुर्घटनाग्रस्त अथवा मरणासन्न स्थिति में तत्काल उच्चतर संस्थान में उपचार के लिए रेफर किए जाने की स्थिति में एयर एंबुलेंस एवं वायुयान यात्रा की सहायता दी जाएगी। इसके लिए झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी (झारखंड सरकार) और टाटा एआइजी जेनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के बीच एमओयू (एकरारनामा) किया गया है।

## लेक्स फ्रिडमैन के साथ इंटरव्यू में बोले मोदी

# पाक से शांति की हर कोशिश में मिली दुश्मनी और धोखा

**पीएम का साक्षात्कार**

**एजेंसी**

**नयी दल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत की हर शांति पहल को पाकिस्तान ने दुश्मनी और विश्वासघात से जवाब दिया है। भारत को पाकिस्तान से शांति की हर कोशिश के बदले दुश्मनी और धोखा ही मिला है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि इस्लामाबाद के नेता समझदारी दिखायेंगे और भारत के साथ संबंध सुधारने का रास्ता अपनायेंगे। पीएम मोदी ने यह बातें अमेरिकी पॉडकास्ट होस्ट लेक्स फ्रिडमैन के साथ एक इंटरव्यू में कही। तीन घंटे लंबे पॉडकास्ट में पीएम मोदी ने भारत के इतिहास समेत कई विषयों पर चर्चा की। वहीं पाकिस्तान से रिश्तों के सवाल पर पीएम मोदी ने उक्त टिप्पणी की।

**2014 में नवाज शरीफ को दिया था न्योता :** पीएम मोदी ने 2014 में अपने शपथ ग्रहण समारोह में पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को आमंत्रित किया था। उन्होंने कहा, इसका मकसद दोनों देशों के रिश्तों में नयी शुरूआत करना था, लेकिन हर बार हमें सिर्फ धोखा और दुश्मनी मिली।



**पाक के लोग भी चाहते हैं शांति**
पीएम मोदी ने इस दौरान कहा कि पाकिस्तान के आम लोग भी शांति चाहते हैं, क्योंकि वे भी आतंकवाद, हिंसा और अस्थिरता से परेशान हैं। कोई भी सामान्य नागरिक ऐसा माहौल नहीं चाहता।

**भारत की कूटनीति और शांति संदेश :** 2014 में सार्क के सभी नेताओं को बुलाने का फैसला भारत की मजबूत कूटनीति का प्रमाण था। इस लेकर पीएम मोदी ने कहा, 'हमारे तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने भी इसे ऐतिहासिक क्षण बताया था।

# रांची के चुटिया व कोतवाली इलाके में पत्थर से कूचकर दो युवकों की हत्या

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची के चुटिया और कोतवाली इलाके में होली के दिन दो अलग-अलग घटनाओं में दो युवकों की पत्थर से कूचकर हत्या कर दी गयी। घटना शनिवार की सुबह और शुक्रवार की रात की है। चुटिया इलाके में होली के दिन बनास तालाब के पास एक युवक की पत्थरों से कूचकर हत्या कर दी गयी। मृतक की पहचान दीपक दुबे के रूप में हुई है। दीपक कोकर इलाके में किराए पर कमरा लेकर रहता था। चुटिया इलाके में उसके रिश्तेदार रहते थे। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार होली के दिन दीपक दुबे से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इस विवाद के दौरान मामला इतना बढ़ा कि दीपक की हत्या कर दी गयी।

### हिंसक झड़प के बाद नामकुम में तनाव


इधर राजधानी के नामकुम इलाके में शनिवार को दो गुटों में हुए हिंसक झड़प के बाद रविवार को भी इलाके में तनाव का माहौल रहा। एक पक्ष के लोगों ने हिंसा में मारे गए छात्र के शव के साथ सड़क जाम कर दिया। दूसरी तरफ जिला प्रशासन ने अड्डाबाजी के अड्डों पर बुलडोजर चला दिया। इस मामले में पुलिस ने 15 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### पुलिस कर रही जांच

शुरूआती जांच में पुलिस को दोनों ही मामले आपसी विवाद में हुआ झगड़ा लग रहा है। पुलिस का कहना है कि नशे को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद दीपक की पत्थरों से कूचकर हत्या कर दी गयी। पुलिस आसपास में लगे सीसीटीवी भी पुलिस खंगाल रही है। ताकि घटना में शामिल अपराधी की पहचान हो सके।

वहीं दूसरी घटना कोतवाली थाना क्षेत्र में हुई। यहां भी एक युवक की हत्या पत्थर से कूचकर कर दी गयी।

### 41 डिग्री के पार पहुंचा पारा, बारिश के आसार



**रांची।** झारखंड के कई जिलों में तापमान 41 डिग्री के पार पहुंच गया है। अत्यधिक तापमान बढ़ने का प्रतिकूल असर आम जन जीवन पर पड़ रहा है। रविवार को राज्य में सबसे अधिक तापमान चाईबासा में 41 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि राज्य के तीन शहरों मेदिनीनगर, जमशेदपुर और बोकारो में तापमान 40 डिग्री तक पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के पश्चिमी जिलों में हल्की बारिश होने और वज्रपात को लेकर अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में अगले एक-दो दिनों में अन्य जिलों में भी बारिश की संभावना बन रही है।

### पैतृक गांव नेमरा में बाहा पूजा में शामिल हुए सीएम



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को नेमरा में बाहा पर्व पर अपने कुल देवता की पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ सपरिवार पूजा-अर्चना की। साथ में उनकी मां रूपी सोरेन, पत्नी विधायक कल्पना सोरेन भी मौजूद थीं। उनकी भाभी पूर्व विधायक सीता सोरेन ने भी पारंपरिक पूजा-अर्चना में भाग लिया।

**गहना आभूषण**

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 80700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 102000 रु./प्रति किलो |

**तीसरी आंख**




## ड्रैगन कैप्सूल ने पृथ्वी से आइएसएस तक पहुंचने में लगभग 28.5 घंटे का लिया समय

# अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचा स्पेसएक्स क्रू-10, सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर की जल्द घर वापसी की उम्मीद

**एजेंसी**

**टेक्सास।** स्पेसएक्स का क्रू-10 मिशन रविवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आइएसएस) पर सफलतापूर्वक पहुंच गया। क्रू-10 के अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचने से नासा के दो अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर की वापसी की उम्मीद जगी है, जो पिछले कई महीनों से अंतरिक्ष में फंसे हुए हैं। दरअसल, शुक्रवार को टेक्सास से लॉन्च किया गया स्पेस कैप्सूल शनिवार को 12:05 बजे इएसटी (भारतीय समयानुसार 9:35 बजे) पर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर पहुंचा। स्पेस एक्स के ड्रैगन कैप्सूल ने पृथ्वी से आइएसएस तक की यात्रा करने में लगभग 28.5 घंटे का समय लिया। इस अंतरिक्ष यान में चार अंतरिक्ष यात्री सवार थे, जिनमें नासा से ऐनी मैकक्लेन और निकोल एयर्स, जापान के जेएक्सए से ताकुया ओनिशी और रूस के रोस्कोस्मोस से किरिल पेस्कोव शामिल हैं। वे अगले कुछ दिन नासा के अंतरिक्ष यात्रियों विलियम्स और विल्मोर के साथ आईएसएस के बारे में जानकारी लेंगे।



बता दें कि बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान में तकनीकी खराबी के कारण विलियम्स और विल्मोर जून 2024 से आइएसएस पर फंसे हुए हैं। आठ दिवसीय मिशन के बाद उनकी वापसी तय थी, लेकिन लगातार समस्याओं के कारण उनकी घर वापसी में देरी हुई।

### राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एलन मस्क से आंतरिक्ष यात्रियों को जल्द वापस लाने का किया था आग्रह

आपको बता दें, क्रू-10 का मिशन शुरू में बुधवार शाम के लिए तय था, लेकिन रॉकेट पर ग्राउंड सपोर्ट क्लैंप आर्म में समस्या आने के कारण स्थगित कर दिया गया था। देरी के बावजूद मिशन अब वापस पटरी पर आ गया है, जिससे यह सुनिश्चित हो गया है कि फंसे हुए अंतरिक्ष यात्रियों की लंबे समय से अपेक्षित वापसी जल्द होने वाली है। इससे पहले अंतरिक्ष यात्रियों को मार्च के अंत तक धरती पर वापस आना था, लेकिन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा एलन मस्क से उन्हें जल्दी वापस लाने का आग्रह करने के बाद इसकी जल्द योजना बनी।

उधर अगस्त में क्रू-9 के आगमन के बाद उन्हें वापस भेजने की प्लानिंग भी आपातकालीन एस्केप पॉड की कमी के कारण रद्द कर दी गई थी। अब क्रू-10 के सफलतापूर्वक डॉक किए जाने के बाद विलियम्स और विल्मोर को धरती पर लौटने का मौका मिलेगा।

## पद्म पुरस्कार-2026 के लिए नामांकन व सिफारिशें शुरू, अंतिम तारीख 31 जुलाई

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** गणतंत्र दिवस, 2026 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कार-2026 के लिए ऑनलाइन नामांकन और सिफारिशें शुरू हो गयी हैं। पद्म पुरस्कारों के नामांकन की अंतिम तारीख 31 जुलाई 2025 है। गृह मंत्रालय ने बताया कि पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन/सिफारिशें राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन प्राप्त की जाएंगी। गृह मंत्रालय ने सभी नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे नामांकन एवं सिफारिशें करें। नागरिक स्वयं को भी नामित कर सकते हैं। मंत्रालय के अनुसार महिलाओं, समाज के कमजोर वर्गों, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों, दिव्यांग व्यक्तियों और समाज के लिए निःस्वार्थ सेवा कर रहे लोगों में से ऐसे प्रतिभाशाली व्यक्तियों की पहचान करने के ठोस प्रयास किए जा सकते हैं जिनकी उत्कृष्टता और उपलब्धियां वास्तव में पहचाने जाने योग्य हैं।

मंत्रालय के अनुसार, नामांकन/सिफारिशों में पोर्टल पर उपलब्ध प्रारूप में निर्दिष्ट सभी प्रासंगिक विवरण शामिल होने चाहिए, जिसमें वर्णनात्मक रूप में एक उद्धरण (अधिकतम 800 शब्द में) शामिल होना चाहिए, जिसमें अनुशंसित व्यक्ति की संबंधित क्षेत्र/अनुशासन में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों/सेवा का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया हो। इस संबंध में विस्तृत विवरण गृह मंत्रालय की वेबसाइट और पद्म पुरस्कार पोर्टल पर उपलब्ध हैं।

आपको बता दें, पद्म पुरस्कार, अर्थात पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान हैं।

# खुद का रोजगार करने के लिए 183.20 करोड़ का अनुदान कर्ज देगी सरकार

## मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत 18-50 साल के उम्रवालों को कर्ज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत 183.20 करोड़ रुपये सहकारी निगमों को दिये गये। चालू वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान सरकार ने इस योजना के तहत कुल 183.20 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान किया था। अब सहकारी निगमों द्वारा एससी, एसटी, पिछड़ी जाति और अल्पसंख्यक समुदाय लोगों के आवेदनों पर विचार करने के बाद संबंधित निगमों द्वारा उन्हें यह राशि उपलब्ध करायी जायेगी। कर्ज लेने वालों की उम्र कम से कम 18 और अधिकतम 50 साल होनी चाहिये।

मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत अपना रोजगार शुरू करने के इच्छुक अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ी जाति और अल्पसंख्यक समुदाय के युवकों को न्यूनतम व्याज दर पर कर्ज सह अनुदान देने का प्रावधान है।

**सालाना 5 लाख रुपये से कम आमदनीवाले को कर्ज :** योजना का लाभ वैसे लोगों को दिया जाता है, जिनकी पारिवारिक आमदनी सालाना पांच लाख रुपये से अधिक नहीं हो। योजना के तहत कम से कम 50 हजार और अधिकतम 25 लाख रुपये कर्ज सह अनुदान दिया जाता है। कर्ज की राशि में कम से कम 40 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है। हालांकि अनुदान की अधिकतम राशि की सीमा पांच लाख रुपये निर्धारित है। कर्ज सह अनुदान की राशि सहकारी निगमों द्वारा सिर्फ छह प्रतिशत सूद की दर से उपलब्ध करायी जाती है। 50 हजार तक के कर्ज के लिए मार्जिन मनी और गारंटर की जरूरत नहीं होती है। इससे अधिक के कर्ज के लिए एक गारंटर देने की बाध्यता है।

### किस निगम को कितने करोड़ रुपये मिले

| सहकारी निगम | राशि |
|---|---|
| अनुसूचित जाति सहकारिता विकास निगम | 44 करोड़ रुपये |
| आदिवासी सहकारी विकास निगम | 88 करोड़ रुपये |
| अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम | 51.20 करोड़ रुपये |

# कांग्रेस को मजबूत बनाने को 26 से बैठक : केशव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा है कि झारखंड में कांग्रेस पार्टी को संगठित और मजबूत करने के लिए 26 से 30 मार्च 2025 तक महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित की जाएंगी। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सभी प्रमुख पदाधिकारियों को विशेष कार्य सौंपे जाएंगे, जिन्हें अगले 100 दिनों में जमीनी स्तर पर लागू किया जाएगा। इस दौरान प्रदेश प्रभारी की मौजूदगी में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों, कार्यकताओं और नागरिक संगठनों से विचार-विमर्श किया जाएगा।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बताया कि झारखण्ड कांग्रेस प्रभारी के.राजू 26 मार्च को सुबह 10:30 से 2:00 बजे तक जेपीसीसी के कार्यकारी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और महासचिवों के साथ चर्चा होगी, जबकि दोपहर 3:00 से 6:00 बजे प्रदेश कांग्रेस सचिवों के साथ बैठक होगी। 27 मार्च को एससी,एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक विभाग के राज्य समिति सदस्यों के साथ बातचीत की जाएगी, इसके अलावा युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई और इंटक के सदस्यों से चर्चा होगी। 28 मार्च को कांग्रेस के मंत्रियों, सांसदों, विधायकों, पूर्व विधायकों, पूर्व सांसदों, पूर्व मंत्रियों और जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्षों के साथ अहम बैठक होगी। 29 मार्च को नागरिक एवं समाजिक संगठनों के साथ दो चरणों में विचार-विमर्श किया जाएगा। 30 मार्च को पूर्व लोकसभा और विधानसभा चुनाव लड़ चुके कांग्रेस प्रत्याशियों से मुलाकात होगी, इसके बाद मीडिया, सोशल मीडिया और कम्युनिकेशन विभाग के पदाधिकारियों से संवाद किया जाएगा। इसी दिन शाम 3:00 बजे प्रेस वार्ता के माध्यम से मीडिया से बातचीत होगी और 5:30 बजे कांग्रेस कनेक्ट सेंटर, रांची का दौरा किया जाएगा।

**झारखंड में कांग्रेस की नई रणनीति :** इन बैठकों के दौरान प्रदेश कांग्रेस को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए विशेष कार्ययोजना बनाई जाएगी। पार्टी कार्यकताओं को मिशन मोड में काम करने के निर्देश दिए जाएंगे। कांग्रेस नेतृत्व का मानना है कि झारखंड में पार्टी की उपस्थिति को फिर से मजबूत करने के लिए जनसंवाद, मीडिया रणनीति और संगठनात्मक मजबूती पर विशेष ध्यान देना होगा।

केशव महतो ने बताया झारखंड कांग्रेस के लिए यह कार्यक्रम काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इससे राज्य में संगठन को मजबूत करने और बेहतर प्रदर्शन की रणनीति तैयार करने में मदद मिलेगी।

# झारखंड का सीडी रेशियो, राष्ट्रीय औसत से काफी पीछे, सरकार ने जतायी नाराजगी

## वित्त विभाग ने बनायी थी हाई लेवल कमेटी, लेकिन नहीं हुआ कोई सुधार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य में बैंकों का क्रेडिट-डिपॉजिट (सीडी) अनुपात राष्ट्रीय औसत से काफी कम बना हुआ है। वर्तमान में यह केवल 50.22 प्रतिशत है, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह 86.48 प्रतिशत है।

वित्त विभाग द्वारा इसे बढ़ाने के लिए 15 फरवरी 2024 को एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया था, लेकिन अब तक अपेक्षित सुधार देखने को नहीं मिला है।

**क्या है क्रेडिट-डिपॉजिट रेशियो? :** क्रेडिट-डिपॉजिट रेशियो किसी बैंक द्वारा दिए गए कुल ऋण और ग्राहकों से प्राप्त कुल जमा राशि के अनुपात को दशार्ता है। इस अनुपात का कम होना यह संकेत देता है कि बैंक पर्याप्त मात्रा में ऋण नहीं दे रहे हैं, जिससे राज्य के आर्थिक विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

**झारखंड में सीडी रेशियो कम क्यों? :**विशेषज्ञों के अनुसार, झारखंड में यह अनुपात कम होने का मुख्य कारण यह है कि राज्य में स्थापित अधिकांश विनिर्माण इकाइयों के मालिक और प्रमोटर अन्य राज्यों में रहते हैं।

इसके कारण ऋण लेने की प्रक्रिया झारखंड से बाहर शिफ्ट हो जाती है और स्थानीय स्तर पर लोन वितरण कम हो जाता है।

**सरकार ने जताई नाराजगी, बैंकों को निर्देश :** राज्य सरकार पहले भी इस मुद्दे पर बैंकों के रवैये को लेकर नाराजगी व्यक्त कर चुकी है। बैंकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे राज्य में ऋण वितरण को बढ़ावा दें और सीडी रेशियो सुधारें।

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) ने जिला लीड बैंक प्रबंधकों को निर्देश दिया है कि वे ऋण-जमा अनुपात को बढ़ाने के लिए सख्त कदम उठाएं।

### दक्षिण और पश्चिम भारत से पीछे झारखंड

एक ओर जहां झारखंड का क्रेडिट-डिपॉजिट अनुपात मात्र 50.22% है, वहीं दक्षिण और पश्िम भारत के कई राज्यों में यह 100% से भी अधिक है। इससे स्पष्ट होता है कि झारखंड में बैंकों द्वारा ऋण देने की प्रक्रिया अपेक्षाकृत धीमी है, जो राज्य की आर्थिक प्रगति में बाधा बन सकती है।

### समिति गठन के बावजूद सुधार नहीं

विगत छमाही में झारखंड का सीडी रेशियो 51.13 प्रतिशत था, जो और गिरकर 50.22 प्रतिशत पर आ गया है। सरकार द्वारा बनायी गयी उच्च स्तरीय समिति के बावजूद बैंकों की स्थिति में सुधार नहीं हुआ है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि इस पर तत्काल ध्यान नहीं दिया गया, तो राज्य में औद्योगिक निवेश और आर्थिक विकास की गति प्रभावित हो सकती है।

## जदयू नेता नागमणि का निधन, जताया शोक



**रांची।** जदयू के प्रदेश सचिव संजय सिन्हा उर्फ नागमणि का शनिवार को निधन हो गया। पार्टी प्रवक्ता सागर कुमार ने यह जानकारी रविवार को प्रेस बयान जारी कर दी। उन्होंने बताया है कि विगत दिनों फेफड़े में संक्रमण (निमोनिया) की शिकायत के बाद से संजय सिन्हा का रिम्स में इलाज चल रहा था। नागमणि के निधन पर प्रदेश जदयू अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो, विधायक सरयू राय एवं अन्य नेताओं ने शोक प्रकट किया है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा है कि जदयू के स्थापना काल से ही वे पार्टी में रहे। शोक व्यक्त करने वालों में पूर्व विधायक सुधा चौधरी, कामेश्वर दास, जदयू नेता डॉ आफताब जमील, धर्मेंद्र तिवारी, श्रवण कुमार, पीएन सिंह, भगवान सिंह, सागर कुमार, अखिलेश राय, रत्ना शर्मा, पिंटू सिंह,संतोष कुमार सोनी आदि शामिल रहें।

# झारखंड के अधिकांश जिलों में घट रहे हैं मलेरिया के मरीज

## पीएम जन आरोग्य योजना स्वास्थ्य बीमा प्रदान करने की एक परिवर्तनकारी पहल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रधानमंत्री (पीएम) जन आरोग्य योजना आर्थिक रूप से कमजोर आबादी को स्वास्थ्य बीमा प्रदान करने की एक परिवर्तनकारी पहल रही है। इसके तहत वर्ष 2020 से 2024 (सितंबर 2024 तक) की तुलना में झारखंड के अधिकांश जिलों में प्रति 1,00,000 जनसंख्या पर मलेरिया रोगियों की संख्या में कमी आयी है। बताते चलें कि झारखंड में मलेरिया सबसे प्रचलित बीमारी है। यह झारखंड में कुल बीमारी के बोझ का लगभग 37 प्रतिशत है। वहीं, टाइफाइड 10 प्रतिशत और तीव्र श्वसन संक्रमण 9 प्रतिशत है।

स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति



झारखंड में कुल 4.835 स्वास्थ्य संस्थान हैं। इनमें रांची में सबसे अधिक (459) और रामगढ़ (72) व कोडरमा (83) में सबसे कम है। सरकारी अस्पतालों में कुल बिस्तरों की संख्या 13 ।909 है। झारखंड में 2.280 स्वीकृत चिकित्सा अधिकारी पदों में से 1,613 पद भरे हुए है। धनबाद और जमताड़ा जैसे जिलों में सबसे अधिक खाली पद हैं, जबकि रांची और लोहरदगा में सबसे कम।

### स्वास्थ्य व्यय की स्थिति

- राज्य के स्वास्थ्य व्यय में कुल खर्च 18,430 करोड़ रुपए है। इसमें सरकारी स्वास्थ्य व्यय 9,056 करोड़ रुपए है।

### फैक्ट फाइल

- झारखंड में मलेरिया सबसे प्रचलित बीमारी है।
- मलेरिया की दर में कमी आई है।
- झारखंड में कुल 4 .835 स्वास्थ्य संस्थान हैं।
- सरकारी अस्पतालों में कुल बिस्तरों की संख्या 13 .909 है।
- झारखंड में 2 .280 स्वीकृत चिकित्सा अधिकारी पदों में से 1,613 पद भरे हुए हैं।

# झारखंड के सरकारी स्कूलों में वार्षिक परीक्षा सिर्फ खानापूर्ति

## सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में फोटो कॉपी करने की सुविधा तक नहीं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रदेश के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) प्रारंभिक विद्यालयों में कक्षा एक से 7वीं तक की वार्षिक परीक्षा सोमवार से होनी है। प्रश्नपत्र जेसीआरटी रांची द्वारा जेगुरुजी ऐप्प के माध्यम से परीक्षा के एक दिन पूर्व उपलब्ध कराया जायेगा। स्कूलों को निर्देश दिया गया है, कि इससे डाउनलोड करके छात्रों को उपलब्ध कराया जाये या फिर ब्लैक बोर्ड पर लिख दिया जाये। साथ ही यह भी कहा गया है कि स्कूल किट योजना से प्राप्त कॉपी में परीक्षा लिया जाये या अपने विद्यालय विकास कोष से परीक्षा कॉपी की क्रय की जाये। सरकार के इस आदेश से अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ काफी नाराज है। प्रदेश के विद्यालयों के प्रभारी प्रधानाध्यापक सहित शिक्षकों में भी इसे लेकर भारी आक्रोश है।

इस मुद्दे पर प्रदेश मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने कहा कि यह राज्य के समस्त गरीब तबके के वैसे छात्रों जो सरकारी स्कूलों में आस्था रखकर उज्जवल भविष्य की सपने बुनते हैं। उनके सपनों पर कुठाराघात पहुंचाने का आदेश है। उन छात्रों के साथ भद्दा मजाक है, क्योंकि परीक्षा की गोपनीयता कहीं से भी नहीं दिख रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व में सिल पैक प्रश्न पत्र हर विषय के भेजे जाते थे। विद्यालय या सीआरसी (क्लस्टर रिसोर्स सेंटर) में। वार्षिक परीक्षा एक बार आयोजित होती है। बच्चे इसकी तैयारी करते है। परन्तु परीक्षा लेने के नाम से विभाग सिर्फ और सिर्फ खानापूर्ति कर रही है। एक-आध स्कूलों को छोड़कर शेष सभी स्कूलों में विकास कोष (वित्तीय वर्ष मार्च माह अंतिम है) की राशि पूर्व में ही खत्म हो चुकी है। ऐसे में प्रिंट या फोटो कॉपी कैसे की जाये? ग्रामीण क्षेत्र में अधिकतर स्कूल है। वहां फोटो कॉपी में अधिक असुविधा है। कम छात्रों में शिक्षक किसी प्रकार अपने जेब से खर्च कर देंगे। लेकिन जहां पर छात्रों की संख्या 500 से 1000 से अधिक है। वैसे स्कूलों में काफी दिक्कत है। एक विषय का प्रश्नपत्र 4 पृष्ट का होता है। एक पृष्ट फोटो कॉपी का मूल्य तीन रुपये है। यदि कक्षा 3 से 5 तक में 100 छात्र नामांकित है तो प्रति विषय बारह सौ रुपये खर्च होंगे। इन कक्षाओं में चार विषय है। इस प्रकार केवल प्रश्नपत्र में चार हजार आठ सौ खर्च होगा। उन्होंने कहा कि मध्य विद्यालय में आठ तक की पढ़ाई होती है। ऊपर की कक्षाओं में छह विषय हैं। यदि किसी स्कूल के सिर्फ कक्षा 6 से 7 में 70 छात्र नामांकित हैं तो उनमें प्रति विषय आठ सौ चालीस रुपये अर्थात छह विषय मिलाकर कुल पांच हजार चालीस रूपया का खर्च है। कुल खर्च को जोड़ा जाए तो एक प्राथमिक स्कूल में कम से कम केवल प्रश्नपत्र में 4800 रुपये और उच्च प्राथमिक कक्षा वाले विद्यालय में नौ हजार आठ सौ चालीस रुपये खर्च होंगे। कॉपी की क्रय करने पर और अतिरिक्त व्यय होगी, जबकि जेसीईआरटी के पास करोड़ों का बजट है एवं इससे पूर्व हर बार प्रश्नपत्र और कॉपी विभाग की और से उपलब्ध कराया जाता रहा है। इसके लिए करोड़ों का टेंडर होता था। बजट की व्यवस्था होती थी। लिखने के लिए कॉपी नहीं है। स्कूल किट योजना से प्राप्त कॉपी की साइज बहुत पतली थी। इस कारण पूर्व में ही छात्रों के पास खत्म हो चुकी है। शिक्षकों के लिए ब्लैकबोर्ड में प्रश्नपत्र लिखना मुमकिन नहीं है, क्योकि अधिकांश स्कूलों में शिक्षकों की कमी या वर्ग कक्ष की कमी के कारण एक वर्गकक्ष में एक से अधिक कक्षाओं के छात्र बैठते हैं। ऐसे में शिक्षक दो- तीन कक्षाओं के केवल प्रश्नपत्र लिखेंगे तो उन्हें दो घंटे लगेंगे।

### वार्षिक परीक्षा की गोपनीयता पर उठने लगे सवाल

# हिन्दू विरोधी है सरकार : बाबूलाल

## घोड़थम्बा घटना में दर्ज एफआइआर तुष्टिकरण से प्रभावित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स के माध्यम से हेमंत सरकार पर बड़ा निशाना साधा। श्री मरांडी ने राज्य सरकार को हिंदू विरोधी बताते हुए कहा कि उनकी आशंका सही साबित हुई। श्री मरांडी ने कहा कि उन्होंने कल आशंका व्यक्त की थी, कि होली के दिन गिरिडीह के घोड़थंबा में हुई हिंसा मामले में प्रशासन उपद्रवियों का बचाव करते हुए मामले को संतुलित दिखाने के लिए पीड़ित हिंदू पक्ष पर कारवाई कर सकती है। उन्होंने कहा कि अब इस मामले में दर्ज एफआईआर को देखने से ऐसा लगता है, जैसे यह कोई शिकायतवाद नहीं, बल्कि हिंदुओं पर हुए हमले का एक पूर्व नियोजित खाका हो।

**हिंदुओं ने होली मनाकर कोई अपराध कर दिया है? :** बाबूलाल मरांडी ने कहा कि एफआइआर में जिस प्रकार से घटना को वर्णित किया गया है। उससे ऐसा प्रतीत होता है कि कांग्रेस-झामुमो के शासन में हिंदुओं ने होली मनाकर कोई अपराध कर दिया है? यदि हिंदू अपना त्योहार मनायेंगे तो उनपर बोतल बम और पत्थर से हमला होगा। फिर उसके बाद घटना का दोषी बताते हुए उनपर ही मुकदमा भी दर्ज होगा?

**सिर्फ हिंदुओं को दोषी ठहराये जाने की सुनियोजित साजिश :** श्री मरांडी ने कहा कि यह एफआइआर पूरी तरह तुष्टिकरण से प्रभावित लगती है। इसमें हेमंत सरकार की हिंदूविरोधी मानसिकता स्पष्ट नजर आती है। सिर्फ पीड़ित हिंदू पक्ष को कटघरे में खड़ा कर उन्हें ही दोषी ठहराये जाने की सुनियोजित साजिश रची गई है। घटना के असली गुनहगारों को बचाने की पटकथा (एफआइआर)लिखकर सरकार ने उपद्रवियों का मनोबल बढ़ाने और भविष्य में हिंदुओं के ऊपर ऐसे ही हिंसक हमले करने के लिए प्रेरित किया है।

### पीएम मोदी से मिले बाबूलाल, प्रदेश की प्रगति को नया आयाम देने का संकल्प



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी शनिवार को दिल्ली पहुंचे। वहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। चर्चा के दौरान प्रदेश की वर्तमान परिस्थितियों, विकास कार्यों और भविष्य की रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया गया। बाबूलाल मरांडी ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश को प्रगति के नए आयाम देने का संकल्प व्यक्त किया।

## खबर एक नजर में

### राज्य हित में संप्रदायिक राजनीति करने से परहेज करें बाबूलाल मरांडी : सोनाल शांति



रांची। गिरिडीह में हुई घटना पर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा सांप्रदायिक राजनीति करने पर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि गिरिडीह की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है लेकिन श्री मरांडी झारखंड में किसी भी दुर्भाग्यपूर्ण घटना को सतरंगी सांप्रदायिक चश्मे से देखते हैं और हर घटना में सांप्रदायिकता का जहर घोलकर लोगों के बीच नफरत फैला कर भाजपा की जड़े मजबूत करना चाहते हैं, जिसमें वह सफल नहीं हो पा रहे हैं उन्हें इससे बचना चाहिए। सोनाल शांति ने कहा है कि गिरिडीह में हुई घटना उपद्रवियों द्वारा अंजाम दी गई थी इसे किसी भी धर्म या समुदाय विशेष से जोड़कर नहीं देखना चाहिए बल्कि घटना में जो जो लोग शामिल थे उनके खिलाफ कार्रवाई पर बल देना चाहिए। इसके विपरीत श्री मरांडी एक विशेष नजरिये के तहत सामाजिक वैमस्यता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। गिरिडीह की घटना को लेकर भाजपा पूरे राज्य में अशांति का वातावरण बनाने की कोशिश कर रही है लेकिन घटना के तुरंत बाद प्रशासन ने तेजी के साथ घटना के दोषियों पर कार्रवाई करते हुए किसी अनहोनी को टाल दिया, उससे इनकी दंगाई सोच धरी रह गई।

सोनाल शांति ने कहा है कि बाबूलाल जी जिस प्राथमिकी का हवाला दे रहे हैं उन्हें उसे पूरी तरह से पढ़ना चाहिए। प्राथमिक में किसी वर्ग, धर्म और समुदाय विशेष के लोगों को निशाना नहीं बनाकर घटनास्थल के साक्ष्यों के आधार पर उन तमाम लोगों पर कार्रवाई के बारे में घटनास्थल पर उपस्थित पदाधिकारी ने शिकायत दर्ज कराई है, जिनके बारे में प्रमाण और जानकारी मिली है। सरकार जांच कर दोषियों को सजा दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। बाबूलाल मरांडी जी को समाज में विषाक्त वातावरण घोलने की जगह झारखंड में आपसी भाईचारा मजबूत करने पर बल देना चाहिए।

### गिरिडीह घटना : धर्म-जाति में बांटने की भाजपा की साजिश सफल नहीं होगी : विनोद पांडेय



**रांची।** होली के दिन 14 मार्च को गिरिडीह में हुई हिंसक घटना को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव व प्रवक्ता विनोद पांडेय ने रविवार को एक प्रेस बयान जारी कर दावा किया है कि हेमंत सोरेन की सरकार के रहते झारखंड को धर्म व जाति के नाम पर बांटने की साजिश सफल नहीं होगी। उन्होंने कहा है कि गिरिडीह में उपद्रव और हिंसा फैलाने की साजिश को जिला प्रशासन ने नाकाम कर दिया है। प्रशासन ने पूरी तत्परता से कार्रवाई कर समाज में नफरत फैलाने वालों के मंसूबे को नाकाम कर दिया। विनोद पांडेय ने नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह और उनकी पार्टी भाजपा हर घटना पर राजनीतिक रोटी सेंकना चाहते हैं। बाबूलाल मरांडी के बयानों से भाजपा का राजनीतिक चरित्र उजागर हो रहा है। भाजपा को राज्य में अमन-चैन पसंद नहीं है। लेकिन उन्हें यह याद रखना चाहिए कि झारखंड में हेमंत सोरेन की नेतृत्व वाली सरकार है। भोली-भाली जनता को उकसाने का प्रयास कभी सफल नहीं होगा। विनोद पांडेय ने कहा है कि भाजपा के लोग जनता को उकसाने का प्रयास कर रहे हैं। कुछ लोग प्रशासन पर दबाव बनाना चाहते हैं। इस प्रकार की सांप्रदायिक मानसिकता रखने वालों के खिलाफ प्रशासन को कड़ी से कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा लोगों को धर्म, जाति, समुदाय में बांट कर विद्वेष फैलाने के लिए साजिश रचने से बाज आने वाली नहीं है। ऐसा इसलिए है क्योंकि जनता के विकास और उन्नति के लिए भाजपा नेताओं के पास कोई सकारात्मक सोच नहीं है। भाजपा के नेताओं के पास राज्य के विकास के लिए का कोई विजन नहीं है। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य प्रगति कर रहा है तो भाजपा के नेताओं को यह पच क्यों नहीं रहा है। उन्होंने कहा है कि भाजपा हर मामले को सांप्रदायिक चश्मे से देखती है। चुनाव में जनता ने इनका सूपड़ा साफ कर दिया। राज्य के किसान, मजदूर, गरीब, आदिवासी, मूलवासी, महिलाओं, अल्पसंख्यक, पिछड़ों के विकास के लिए भाजपा के नेता कभी आगे नहीं आते। ये सिर्फ पूंजीपति वर्ग पर केंद्रित राजनीति करते हैं।

# राज्य सरकार का फैसला लागू होते ही झारखंड में बढ़ जायेगी कोयले की कीमत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड सरकार ने कोयले पर सेस 100 रुपए प्रतिटन से बढ़ा कर 250 रुपए प्रतिटन करने फैसला लिया है। इस स्थिति में झारखंड में अब कोयले की कीमत सेस के अनुरूप बढ़ेगी। हालांकि कोल इंडिया के सूत्रों ने बताया कि फिलहाल झारखंड सरकार की ओर से सेस बढ़ाने संबंधी कोई आधिकारिक जानकारी कोयला कंपनियों को नहीं है। वैसे स्वाभाविक है कि प्रतिटन कोयले पर सेस का जो प्रभाव पड़ेगा, उसी हिसाब से कोयले की कीमत बढ़ेगी।



मालूम हो कि वित्त वर्ष 2025-26 में खनिजों से सेस के माध्यम से अतिरिक्त राजस्व जुटाने के लिए झारखंड कैबिनेट ने खनिज धारित भूमि पर सेस की दरों में बदलाव के लिए अधिनियम में संशोधन के प्रस्ताव पर मंजूरी दी है। अभी लौह अयस्क और कोयले पर 100 रुपए प्रतिटन सेस लगता है। कैबिनेट की मंजूरी के अनुसार कोयले पर सेस को प्रतिटन 250 रुपए करना है। प्रस्ताव के अनुसार अप्रैल 2025 से संशोधित दर से खनिज धारित सेस की वसूली होगी। कोयला सहित अन्य खनिजों से सेस के रूप में झारखंड को मोटी रकम मिलेगी।

बात सिर्फ कोयले की करें तो झारखंड में औसतन सालाना 140 मिलियन टन से ज्यादा कोयले का उत्पादन होता है। झारखंड देश का इकलौता कोकिंग कोल उत्पादक राज्य है। झारखंड में बीसीसीएल-सीसीएल के साथ ईसीएल की भी खदानें हैं। इसके अलावा कैप्टिव और कॉमर्शियल कोयले की भी खदानें हैं। चालू वित्तीय वर्ष के फरवरी तक सीसीएल का 75.85 और बीसीसीएल में 36.17 मिलियन टन कोयला उत्पादन हो चुका है। राज्य में ईसीएल की कोयला खदानों से भी 20 मिलियन टन कोयला उत्पादन संभव है। यानी सेस के माध्यम से कोयला कंपनियों को राज्य सरकार को बड़ी रकम देनी होगी। मालूम हो कि झारखंड सरकार खनिज भूमि धारित सेस से 15 हजार करोड़ राजस्व लक्ष्य को ध्यान में रखकर प्रस्ताव को मंजूरी दी है। मालूम हो कि सेस के अलावा कोयले से रॉयल्टी एवं डीएमएफटी के रूप में भी कोयले से झारखंड को अच्छी कमाई होती है।

# हथियार के साथ तीन युवक गिरफ्तार



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पुलिस उपमहानिरीक्षक सह वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा को मिली गुप्त सूचना आधार पर प्रभारी खादगढ़ा टीओपी दिवाकर कुमार एवं भीम सिंह के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया और वाहन चेकिंग शुरू किया गया। इसी के क्रम में एक मोटर साईकिल पर बैठे तीन सवार युवकों ने पुलिस को देखते ही तेजी से कांटा टोली चौक से कोकर चौक की ओर भागने लगे। जिसे पुलिस बल ने पीछा किया और खदेड कर बासुदेव नगर के एक खंडहर कमरे से सभी को पकड़ लिया। पकड़ने के बाद जांच की गयी तो इन तीनों के पास से अवैध आग्नेयास्त्र एवं गोली तथा चोरी की मोटर साईकिल बरामद हुई है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण**
शेख अफरोज उर्फ पुटीलाल उर्फ अयामत उर्फ अहमद रजा उर्फ साहिल इलाही बख्श कॉलोनी थाना सदर रांची, मो. अशफाक अंसारी, मौलाना आजाद कॉलोनी गली नबंर 11 थाना नामकुम, आसिफ सिद्धिकी, मौलाना आजाद कालोनी गली नंबर एक थाना नामकुम सभी रांची निवासी को गिरफ्तार किया गया है।

## घोड़थांभा में पुलिसिया कार्रवाई बर्बरता की पराकाष्ठा : बाबूलाल



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने घोड़थांभा में हुई पुलिसिया कार्रवाई की कड़ी निंदा की है तथा बर्बरता की पराकाष्ठा बताया है। श्री मरांडी ने कहा कि गिरिडीह के घोड़थंबा में इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान चलाने वाले विकास शाह को पुलिस ने जिस क्रूरता के साथ पीटा है, वह चीख चीख कर पुलिस की बर्बरता की गवाही दे रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा क्या इसी तरह जनता को पुलिसिया जुल्म के हवाले छोड़ दिया जाएगा? पुलिस की यह कारवाई बेहद शर्मनाक और अक्षम्य है। लोकतंत्र में लाठीतंत्र की कोई जगह नहीं है। पुलिस की दमनात्मक कारवाई को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मामले की जांच कर विकास के साथ अमानवीय व्यवहार करने वाले सभी पुलिसकर्मियों पर सख्त कारवाई हो, अन्यथा पीठ पर दिख रहे एक-एक जख्म का हिसाब लिया जाएगा।

## हिंसक झड़प में एक दर्जन से ज्यादा लोग हुए थे घायल

# नामकुम में हिंसा के बाद प्रशासन का चला बुलडोजर, मुआवजा के लिए हुआ हंगामा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी के नामकुम इलाके में होली के दिन शनिवार को दो गुटों में हुए हिंसक झड़प के बाद रविवार को भी इलाके में तनाव का माहौल रहा। एक पक्ष के लोगों ने हिंसा में मारे गए छात्र के शव के साथ सड़क जाम कर दिया। दूसरी तरफ जिला प्रशासन ने अड्डाबाजी के अड्डों पर बुलडोजर चला दिया।

**मौत के बाद हंगमा :** होली के दिन रांची के नामकुम में दो गुटों में हुए हिंसक झड़प में एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल हुए थे। जिसमें सोनू नाम के युवक की मौत भी हो गई थी। मौत से गुस्साए ग्रामीणों ने रविवार को रांची-नामकुम सड़क जाम कर दिया। आगजनी कर वाहनों का परिचालन पूरी तरह से बंद कर दिया। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने आरोपियों की गिरफ्तारी, शराब के अड्डों को ध्वस्त करने के साथ-साथ मृतक के परिजनों को सरकारी नौकरी देने की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों के साथ कई दलों के नेता भी सड़क को जाम करने में उनके साथ दे रहे थे।



**विधायक और पुलिस ने समझाया :** इलाके में तनाव को देखते हुए भारी मात्रा में पुलिस बल को तैनात किया गया था। डीएसपी अमर कुमार पांडे और कई थानों के थानेदार मौके पर मौजूद थे। डीएसपी ने आम लोगों को काफी समझाया उन्हें बताया कि आरोपियों को गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है कई आरोपी गिरफ्तार भी कर लिये गये हैं।

### अड्डेबाजी की जगह पर प्रशासन का चला बुलडोजर



डीएसपी ने भीड़ को यह भी जानकारी दी कि सरकारी जमीन पर कब्जा कर जिन लोगों के द्वारा शराब के अड्डे चलाए जा रहे थे उन्हें भी ध्वस्त कर दिया गया है। स्थानीय विधायक ने भी ग्रामीणों के साथ वार्ता कर भविष्य में ऐसी घटना ना हो इसके लिए प्रयास करने की बात कही। इसके बाद जाकर मामला शांत हुआ।

### पुलिस ने दिखायी तत्परता : राजेश कच्छप

स्थानीय विधायक राजेश कच्छप ने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण कर बनाए गए अड्डाबाजी के अड्डों को ध्वस्त कर दिया है। सरकार की तरफ से बीडीओ के माध्यम से मृतक के परिजनों को दाह संस्कार के लिए राशि भी उपलब्ध करवाई गई। स्थानीय विधायक और पुलिस प्रशासन के आश्वासन के बाद ग्रामीण सड़क से हटे जिसके बाद जाम खत्म हुआ।

# बहावलपुरी पंजाबी समाज की होली की टोली में खूब उड़े रंग-गुलाल

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** बहावलपुरी पंजाबी समाज की होली की टोली में खूब रंग गुलाल उड़े। होली की गीतों पर सभी उम्र के लोग जमकर जमकर नाचे-झूमे। बहावलपुरी पंजाबी समाज द्वारा कृष्णा नगर कॉलोनी रातु रोड में होली की टोली निकाली गई। सुबह 11:00 बजे कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा मंदिर चौक पर सब का मिलन हुआ और 11:15 बजे होली की टोली आरंभ हुई। इस टोली में सभी उम्र के युवा, युवती एवं बड़े बुजुर्ग ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाया और ढोल की थाप पर होली के गीत गाते हुए कृष्णा नगर कॉलोनी की गलियों का भ्रमण करने निकल पड़े। होली खेले रघुवीरा अवध में होली खेले रघुवीरा....' तथा ' तैनू रंग दूं मैं जचड़े मेरिये कि रंग दूं जच जच के...' जैसे कई होली के गीत गाकर माहौल को होलियाना कर दिया। टोली में डॉ सतीश मिढ़ा, लक्ष्मण दास मिढ़ा, मुकेश बजाज, वेद प्रकाश मिढ़ा, नरेश पपनेजा, अश्विनी सुखीजा, कंवलजीत मिढ़ा, समीर काठपाल, मोहन खीरबाट, प्रमोद चूचरा, अमरजीत बेदी, सुरजीत मुंजाल, कुणाल चूचरा, संतोष किंगर, जयराम काठपाल, कमल तलेजा, उमेश मुंजाल, अनिल मिढ़ा, किशन गिरधर, राकेश घई, जितेंद्र मुंजाल समेत अन्य शामिल थे। ये जानकारी समाज के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने दी।

# केंद्रीय कारा में लगी जेल अदालत, तीन बंदी रिहा



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झालसा के निर्देश पर डालसा, रांची ने 16 मार्च, 2025 को बिरसा मुंडा केन्द्रीय कारा होटवार में जेल अदालत-सह-विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में न्यायिक दंडाधिकारी (प्रथम श्रेणी) मनोज कुमार इंदवार, सार्थक शर्मा, प्रशांत गुप्ता, रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी, विजय यादव, बिरसा मुंडा केन्द्रीय कारा होटवार के कारापाल, काराकर्मी, अधिवक्ता, न्यायालय कर्मी एवं बंदी उपस्थित थे। विभिन्न न्यायालयों में लंबित वाद निष्पादन के निमित बिरसा मुंडा केन्द्रीय कारा में संसीमित 7 बंदियों का आवेदन जेल अदालत के लिए समर्पित किया गया था। तीन बंदियों को जेल अदालत का लाभ देते हुए कारा मुक्त किया गया। इसमें अजीत कुमार महतो, शंकर तिर्की एवं विशाल पुरकायत है। मौके पर जेल अदालत -सह- विधिक जागरुकता शिविर में बंदियो को लीगल एड क्लिनिक की जानकारी दी गयी।

## स्व. आर पी द्विवेदी मेमोरियल वुडबॉल प्रतियोगिता संपन्न

**रांची।** रविवार को झारखंड राज्य वुडबॉल संघ कि ओर से स्थानीय जयपाल सिंह स्टेडियम रांची में एक दिवसीय स्व आर पी द्विवेदी मेमोरियल राज्यस्तरीय वुडबॉल प्रतियोगिता सम्पन्न हुआ। जिसमें झारखंड के विभिन्न जिलों से आए 50 वुडबॉल खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के विजेता सीनियर बालक वर्ग में प्रथम- रौशन लिंडा और बालिका वर्ग में- नीतू मांझी रहीं। विजेताओं को आशा गुप्ता पूर्व पार्षद वार्ड 18, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, अजय वर्मा श्री महावीर मण्डल श्रृंगार समिति के पूर्व मंत्री एवं सामाजिक कार्यकर्ता दीपक वर्मा एवं झारखंड राज्य वुडबॉल संघ के सचिव गोविंद झा ने संयुक्त रूप से सभी खिलाड़ियों को ट्रॉफी और मैडल देकर सम्मानित किया।

## बीआइटी मेसरा क्रायोविजाड्र्स को हिमाशील्ड-2024 में मिला पहले रनर-अप का खिताब

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मेसरा (बीआईटी) की टीम क्रायोविजाड्र्स ने वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन ज्योलॉजी, देहरादून के सहयोग से हिमाशील्ड 2024 में पहले रनरअप का खिताब हासिल किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन भारतीय हिमालय क्षेत्र में ग्लेशियर लेक आउटबर्स्ट बाढ़ की समस्या को हल करने के लिए किया गया था। टीम में एम-टेक के छात्र सुदीप बैनर्जी, सुनील महतो, पीएचडी स्कॉलर निकिता रॉय मुखर्जी (बीआईटी मेसरा) और सौरभ आनंद (डब्ल्यूआईएचजी, देहरादून) शामिल थे। इनके इनोवेशन को 3 लाख रुपये के नकद पुरस्कार और सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया। साथ ही उन्हें फील्ड-डिप्लॉयेबल सोल्युशन विकसित करने के लिए स्टार्ट-अप इन्क्युबेशन सपोर्ट भी दिया गया।

**ग्रैण्ड फिनाले तक पहुंची थी सात टीमें :** सीडीएसी थिरूवनंतपुरम द्वारा विद्युत एवं सूचना प्रोद्यौगिकी मंत्रालय के तहत आयोजित इस चैलेंज में 151 टीमों ने हिस्सा लिया। इनमें से केवल सात टीमें ग्रैण्ड फिनाले तक पहुंचीं। ग्राण्ड फिनाले का आयोजन 28 फरवरी 2025 को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर किया गया था। क्रायोविजाड्र्स बन्नारी अम्मान इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, तमिलनाडु के बाद दूसरे स्थान पर रही, जबकि बन्नारी ने पहला पुरस्कार अपने नाम किया। हिमाशील्ड-2024 के मंच पर वैज्ञानिक, ओद्यौगिक विशेषज्ञ एवं अकादमिक जगत के दिग्गज एकजुट हुए।

# संस्कार भारती के रंगोत्सव में चिरंजीवी के बच्चों ने भरे रंग



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** संस्कार भारती रांची महानगर एवं चिरंजीवी किड्स स्कूल के संयुक्त प्रयास से रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। प्रारम्भ में संस्कार भारती के अखिल भारतीय स्वरूप के बारे में झारखंड प्रान्त के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ सुशील अंकन ने बताया। जय प्रकाश सिंह ने ख्याल और होली से सबको आनंदित किया। अवनींद्र सिंह अभिषेक कुमार, सत्येंद्र पांडे, अमित कुमार ने पारंपरिक होली बाबा हरिहर नाथ और बंगला में उड़त अबीर से माहौल को होलीमय कर दिया।

वहीं, संगीत शिक्षिका रेणु कुमारी सिन्हा ने ब्रजमंडल रास रचायो रसिया.... होली गीत से ब्रज की छवि को उकेरने का प्रयास किया। शुभ्राज्योत्सना ने अधरम मधुरम गीत पर भारत नाट्यम शैली में नृत्य, अध्या और अश्विका होली नृत्य, शुभ्रज्योत्सना और अश्लेषा ने जा रे हट नटखट पर नृत्य की प्रस्तुति दी। अंत में सभी उपस्थित अतिथियों और कलाकारों ने सामूहिक होली गीत गया और नृत्य किया। अवनींद्र सिंह ने सभी कलाकारों एवं अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया और होली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में रामानुज पाठक, आशुतोष प्रसाद, अनूप मजूमदार, सीके ठाकुर, शाश्वत कुमार, उमेश कुमार सिंह, भवानी शंकर थे। आयोजन में चिरंजीवी किड्स की प्राचार्य निधि कुमारी, रश्मि कुमारी, अमोल, रेखा और कामिनी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# होली में जमकर उड़े रंग और गुलाल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रंग, गुलाल और अबीर से एक- दूसरे को सराबोर करने की होड़ और होली के गीतों की मस्ती के साथ रंगों का त्योहार होली शुक्रवार और शनिवार को राजधानी रांची में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। क्या अमीर, क्या गरीब सभी एक ही रंग में नजर आ रहे थे। हर तरफ होली की धूम थी। बच्चे, बूढ़े,जवान सभी होली की मस्ती में थे। कॉलोनियों से लेकर सड़कों तक पर दिखी होली की उमंग। होली आई रे कन्हाई, रंग बरसे की धून पर लोगों का जो थिरकना शुरू हुआ वह देररात तक जारी रहा।

**हरियाणा संघ के होली मिलन समारोह में खूब उड़े अबीर गुलाल**
मारवाड़ी ब्राम्हण भवन के सभागार में रविवार को हरियाणा संघ के सानिध्य में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। हरियाणा संघ के अध्यक्ष रमेश चंद शर्मा ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत व अभिनंदन किया। मिलन समारोह में शामिल मारवाड़ी समाज के कई संस्थानों के अध्यक्ष और सचिव सहित अन्य पदाधिकारीयो को हरियाणा संघ की ओर से मंत्री विनोद जैन ने अंग वस्त्र भेंट कर उनका अभिनंदन और स्वागत किया।



समारोह के संयोजक कमल शर्मा और राहुल शर्मा ने सभी अतिथियों को अबीर और गुलाल का टीका लगाकर होली की बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मंच का संचालन उप मंत्री प्रमोद सारस्वत ने किया। वहीं लजीज स्वादिस्ट व्यंजनों का सदस्यों ने लुफ्त उठाया। इस अवसर पर रमेश चंद शर्मा, विनोद जैन, प्रमोद सारस्वत, कमल शर्मा, अनिल अग्रवाल, गोविंद अग्रवाल, श्याम सुंदर गोयंनका, सुभाष पिलानिया, महेंद्र वर्मा, रतन शर्मा, किशन शर्मा, रवि शर्मा, सोमनाथ शर्मा, श्याम सुंदर गोयल, प्रभाष गोयल, राज कौशिक सहित सामाजिक संस्थाओ की ओर से उप महापौर संजीव विजयवर्गीय, सुरेश चंद्र पोद्दार, ललित पोद्दार, बसंत मित्तल, मनोज बजाज, पवन शर्मा, मनोज चौधरी, रमन वोडा, प्रमोद अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, किशन शर्मा, किशन साबू, नरेंद्र लखोटिया, रवि शंकर शर्मा, विमल दासानी, अमरचंद बेगानी, अशोक पुरोहित, विकास अग्रवाल, विशाल महलका, पृथ्वी राज चौधरी, पंकज पांडिया, विष्णु सेन, संजय सराफ राज कुमार नाटाणी, नंद किशोर चांगल, महेश खंडेलवाल शमिल हुए।

## इमाम हसन के आगमन पर पूरे मदीना में खुशी : तहजीबुल हसन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** रमजान इबादत और तपस्या का महीना है। इसी महीने की 15 तारीख सन तीन हिजरी में अल्लाह ने पैगम्बरे इस्लाम को नवासे से नवाजा। इमाम हसन के आगमन पर पूरे मदीना में खुशियाँ मनाई गयीं। इमाम हसन के लिए पैगंबर ने कहा कि मेरी हु बहू की तस्वीर हसन का जात है। आप इमाम हसन के साथ सात साल तक रहे और आप इमाम हसन को ऐसा लाड़-प्यार देते थे कि जमाना हैरान हो जाता था। आप ही ने इमाम हसन के कान में अजान और इकामत कही थी और यह सुन्नत नबी बन गई। आप ने ही अपने नवासे का नाम हसन रखा। अगर आप इमाम हसन की पूरी जिंदगी पढ़ेंगे तो यही सीख मिलती है कि इंसान को हर मोर्चे पर सबसे पहले सुलह को अहमियत देनी चाहिए। इसी में मानवता का अस्तित्व निहित है। इमाम हसन ने कहा, ऐ मुसलमानों, उम्मत में मतभेद पैदा मत करो। उम्मत में कलह पैदा करने वाले सही मायने में पैगम्बर के खुले दुश्मन हैं। ये बातें हजरत मौलाना हाजी सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने कहीं। वह मस्जिद जाफरिया में इमाम हसन के जश्न को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की शुरूआत मौलाना नैय्यर द्वारा पवित्र कुरान की तिलावत से हुई। शायर ने कलाम पेश किया। इनमें सैयद निहाल हुसैन सरियावी, अत्ता इमाम रिजवी, कमर बिलग्रामी, कासिम अली, हाशिम अली, अली हसन फातेमी, इकबाल हुसैन, यावर हुसैन, शहजादा इब्न अली शामिल थे। इस कार्यक्रम का आयोजन स्वर्गीय हाजी अजहर हुसैन के पुत्र के द्वारा किया गया।

## सिरम टोली सरना स्थल से बन रहे फ्लाईओवर रैंप का हो रहा विरोध

# आदिवासी संगठनों ने 22 मार्च को बुलाया रांची बंद 21 मार्च को मशाल जुलूस के साथ होगा विरोध दर्ज

- राज्य स्तरीय पुतला दहन में सीएम सहित सभी विधायकों की निकाली जायेगी शव यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** सिरम टोली सरना स्थल से बन रहे फ्लाईओवर रैंप का विरोध कर रहे आदिवासी संगठनों ने आन्दोलन के आगे की रणनीति पर विचार करने के लिए रविवार को बैठक की। रणनीति के तहत यह निर्णय लिया गया कि सीएम का राज्य स्तरीय पुतला दहन के साथ ही 81 पक्ष-विपक्ष विधायकों की शव यात्रा निकाली जायेगी। साथ ही 21 मार्च को मशाल जुलूस और 22 मार्च को रांची बंद किया जाएगा। कई संगठनों ने कहा कि अगर सरकार अब भी हमारी मांगों पर विचार नहीं किया तो फ्लाईओवर रैंप आदिवासियों के द्वारा खुद तोड़ने का काम किया जायेगा। साथ ही निर्णय लिया गया कि रांची डीसी की ओर से सरहुल शोभायात्रा की तैयारी को लेकर जो शांति समिति की बैठक रखी जाएगी, उसका सरना समाज विरोध करेगा और उसमें सरना समाज और आदिवासी संगठन शामिल नहीं होंगे।

बैठक में झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सह वर्तमान कांग्रेस विधायक रामेश्वर उरांव भी शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता हीरो हंस ने किया और संचालन कुंदरसी मुंडा ने किया। बैठक में राहुल तिर्की, निरंजना हेरेंज टोप्पो, अजय टोप्पो, बबलू मुंडा, रवि मुंडा, प्रेमशाही मुंडा, लक्ष्मी नारायण सिंह मुंडा, फुल चंद तिरकी जगलाल पाहन, सुरज टोप्पो, अमित मुंडा मुन्ना टोप्पो आकाश तिर्की, विजय तिर्की, संगीता कच्छप,अजय टोप्पो, अनिल कुमार भगत,जागरे उरांव, अरविंद हंस, विजय उरांव, सुशीला कच्छप, प्रदीप लकड़ा एवं अन्य सैकड़ों लोग उपस्थित हुए।

## बीआइटी मेसरा में एसकैट-2025 का आयोजन

# सैल्युलर ऑटोमेटा रीसर्च में इनोवेशन को किया प्रोत्साहित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बीआईटी मेसरा के एशियन सिम्पोसियम ऑन सैल्युलर ऑटोमेटा टेक्नोलॉजी (एसकैट-2025) के चौथे संस्करण का सफलता पूर्वक समापन हो गया। इस आयोजन के साथ संस्थान ने सैल्युलर ऑटोमेटा में आधुनिक रीसर्च के लिए अग्रणी प्लेटफॉर्म के रूप में अपनी भूमिका की पुष्टि की है। इस सम्मेलन के मंच पर दुनिया भर से विशेषज्ञ, शोधकर्ता और छात्र एकजुट हुए, जिन्होंने कम्प्युटिंग, एआई, सिक्योरिटी, फिजिक्स एवं हेल्थकेयर में सैल्युलर ऑटोमेटा के ऐप्लीकेशन्स पर चर्चा की।

बताते चलें कि एक ऑनलाईन वेबिनार सीरीज (2020-21) से बढ़कर विश्वस्तर पर विख्यात सम्मेलन का रूप ले चुका है। 2022 में इसके पहले संस्करण का आयोजन आईआईईएसटी शिबपुर में किया गया था। 2024 में एनआईटी दुगार्पुर में और अब बीआईटी मेसरा में किया गया। इस साल सम्मेलन में रिकॉर्ड भागीदारी दर्ज की गई। पीएचडी फोरम और समर स्कूल साझेदारियां सम्मेलन का मुख्य आकर्षण केन्द्र रहीं, जिन्होंने युवा शोधकताओं को सैल्युलर ऑटोमेटा की प्रगति में योगदान के लिए मंच प्रदान किया। शोधकताओं ने उभरते विषयों जैसे सैद्धान्तिक मॉडल, एआई-उन्मुख ऐप्लीकेशन्स, क्रिप्टोग्राफी और बायोमेडिकल डेटा एनालिसिस पर अपने विचार प्रस्तुत किये। सकैट-2025 का समापन जोश और उत्साह के साथ हुआ। इसने सैल्युलर ऑटोमेटा अनुसंधान में भावी प्रगति का मार्ग प्रशस्त किया। आपसी सहयोग एवं इनोवेशन पर जोर देते हुए सम्मेलन ने इस उभरते क्षेत्र के भविष्य को आकार देने के महत्व पर रोशनी डाली।

## न्यूज डायरी

### रातू : संजय नगर में नकद और जेवरात की चोरी

**रातू।** संजय नगर कॉलोनी निवासी अमन कुमार के घर में लगे ताले को तोड़कर अपराधियों ने घर में रखे लगभग 2 लाख रुपये के जेवरात, एक मोबाईल व बहन की शादी के लिये अलमारी में रखे 70 हजार नकद की चोरी कर ली। घटना 11 मार्च रात की है। मामले को लेकर भुक्तभोगी अमन कुमार के ब्यान पर रातू थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। जानकारी के मुताबिक, घटना के समय घर में कोई सदस्य नहीं थे। अपराधकर्मी चोरी की घटना को अंजाम देने से पहले सभी पड़ोसियों के घर के दरवाजे को बाहर से बंद कर दिया था। पुलिस इसकी छानबीन कर रही है।

### रातू : कार की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

- गोविंदनगर के थे अर्जुन मालाकार
- पुत्र मनीष कुमार भी हुये घायल

**रातू।** थाना अंतर्गत रिंग रोड स्थित फोकस रेस्टोरेंट के पास शुक्रवार की रात 8 बजे दो कार में हुई टक्कर में गोबिंदनगर निवासी 70 वर्षीय अर्जुन मालाकार की मौत हो गयी। जबकि, उनका पुत्र मनीष कुमार घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक, मनीष कुमार अपनी कार जेएच 01 एआर 8772 में सवार होकर अपने पिता अर्जुन मालाकार के साथ घर लौट रहा था। इस बीच समान दिशा से आ रही कार जेएच 01 सीयू के चालक ने पीछे से धक्का मार दिया और कार पलट गया। कार के पलट जाने से मृतक के सिर में गंभीर चोटें आई और उनकी मृत्यु हो गई। मामले को लेकर उनके पुत्र मनीष कुमार के ब्यान पर रातू थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गई है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को जब्त लिया है।

### रातू : बुलेट के धक्के से स्कूटी सवार दो महिला जख्मी

**रातू।** थाना क्षेत्र के संडे मार्केट चौक में पलामू के पांकी दुंदु से स्कूटी जेएच 01 सी डब्लू 8155 से टेंडर लौट रही दो महिलाएं अज्ञात बुलेट के धक्के से जख्मी हो गयी। इसमें सोनी देवी व सुमन देवी शामिल हैं। उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों ने बताया कि वह खतरे से बाहर हैं। इलाज के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गयी।

### पुलिस ने छेड़छाड़ करने वाले युवक को भेजा जेल

**चान्हो।** थाना क्षेत्र के मेलानी गांव निवासी तौहीद अंसारी को गिरफ्तार कर रविवार को चान्हो पुलिस ने जेल भेज दिया है। उसके ऊपर एक विवाहिता के साथ छेड़छाड़ का आरोप है। चान्हो पुलिस के अनुसार तौहीद अंसारी पर जंगल में पत्ता चुनने के दौरान छेड़छाड़ करने के आरोप को लेकर हुरहुरी गांव एक महिला ने 14 मार्च को चान्हो थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद तत्काल कार्रवाई करते हुए चान्हो पुलिस ने उसे अपनी हिरासत में लेकर जेल भेज दिया।

### ऑटो पलटने से तीन घायल

**चान्हो।** रांची मेदिनीनगर मुख्य पथ पर करकट चौरा के निकट रविवार की शाम को एक ऑटो के पलट जाने से उसमें सवार बेड़ो की असरो निवासी सुकरो उरांइन 30 वर्ष, उसका पुत्र अंशु उरांव 10 वर्ष व पुत्री अनीसा उरांव 3 वर्ष घायल हो गये। बताया जाता है कि सुकरो उरांइन पति पवन उरांव अपने बच्चों के साथ बीजूपाड़ा स्थित अपने मायके आई थी और वहीं से ऑटो में अपने घर वापस जा रही थी। इसी दौरान उक्त स्थान के निकट ऑटो असंतुलित होकर सड़क पर पलट गयी। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने घायल सुकरो उरांइन व बच्चों को रेफरल अस्पताल पहुंचाया। सुकरो उरांइन को गंभीर चोट आई है जिसे मांडर रेफरल अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद रिम्स रेफर किया गया है।

### सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के जामुदाग गांव के समीप संतुलन बिगड़ने से एक बुलेट सवार व्यक्ति गिर गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हुआ। घायल व्यक्ति थाना क्षेत्र के कोड़ाडीह गांव का पंकज महतो बताया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार अपनी जानकारी बुलेट बाइक से अपने पुत्र ओर सास को लेकर जामुदाग की ओर आ रहा था। अचानक गिर गया और गंभीर रूप से घायल हुआ। घटना की सूचना पर पंचायत समिति सदस्य रूप कुमार साहू ने अपने स्तर से गाड़ी की व्यवस्था के घायल को सोनाहातू अस्पताल पहुंचाया। घायल व्यक्ति की स्थिति नाजुक बनी हुई है।

### ओरमांझी: खड़ी कार जलकर राख


धू-धूकर जलती कार।



**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के उलातु में खड़ी एक सफेद रंग की वर्ना कार जेएच01ईई-9014 जलकर राख हो गई। होली की रात हुई घटना के संबंध में बताया गया कि होटल संचलाक पासरनाथ साहू होली में अपने रिस्तेदार के घर गया था। रात आठ बजे के करीब घर पहुंचा। कार को घर के आगे मंडा बगीचा मे खड़ी किया। थोड़ी देर बाद कार धू-धूकर जलने लगा। स्थानी लोगों की मदद से कार को बुझाने का प्रयास की गई। जबतक आग बुझती कार पुरी तरह जल गई। बताया गया कि होटल संचालक वाहन को भाडे में भेजने का कार्य करता है, और अक्सर अपनी वाहन को घर के आसपास व मंडा बगीचा में खड़ी करता है। कार जलने पर ओरमांझी थाना में सनहा दर्ज कराया गया है।

# पुलिस से दुर्व्यवहार मामले में छह लोगों को भेजा गया जेल

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** थाना क्षेत्र के हातमा गांव मे रविवार अहले सुबह बूढ़मू थाना क्षेत्र के नाउज के 35 से 40 की संख्या लोगो ने एक युवती के घर जम कर हंगामा व पत्थड़ बरसाये। मना करने पहुंची मांडर पुलिस के साथ भी दुर्व्यवहार किया साथही थाना प्रभारी राहुल सहित जवानों के भी हथियार लूटने का भी प्रयास किया। इस दौरान मांडर थाना प्रभारी सहित जावानो को भी चोट आई है। पीड़िता 20 वर्षीय बिनीता कुमारी के द्वारा थाने मे दी गई लिखित आवेदन के अनुसार हातमा गांव की एक 20 वषीर्या युवती वर्तमान में रातू के कटहल मोड़ में रहती है। शनिवार को बुढ़मू थाना क्षेत्र के कनौज गांव के एक युवक कृष्णा मुंडा ने वहां जाकर उससे छेड़छाड़ की और उसे जबरन अपने साथ ले जाने का प्रयास किया। उस दौरान युवती ने किसी तरह अपने को कृष्णा मुंडा से बचाया और इसकी सूचना अपने जीजा को दी थी। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे युवती के जीजा ने कृष्णा मुंडा को धमकाया और दो चार थप्पड़ भी जमाए। इस बात से नाराज होकर कृष्णा अपने गांव नाउज से बाइक व अन्य वाहन में दो दर्जन लोगों को लेकर अहले सुबह हातमा गांव स्थित लड़की के घर आ धमका और युवती के घर को घेरकर उसके जीजा को गांव बुलाने की मांग करने लगा। इस दौरान उन्होंने युवती के घर में पत्थरबाजी भी की। पूर्व मे भी कृष्णा युवती को डराता और धमाकाता था साथ ही उसे बलेक मेलिंग करने की धमकी भी देता था। उधर इस हंगामा की सूचना पाकर रविवार की सुबह मांडर थाना प्रभारी अपने बल के साथ हातमा गांव पहुंचे और युवकों को समझाने की कोशिश की लेकिन कुछ युवक उनसे ही उलझ गये और हाथापाई शुरू कर दी। इस दौरान उनलोगों ने थाना प्रभारी और पुलिस के एक जवान से भी हथियार छीनने का भी प्रयास किया। बाद में अतिरिक्त पुलिस बल पहुंचने पर पुलिस ने वहां हंगामा कर रहे युवकों को खदेड़ा और मौके से ही कई बाइक व वाहनों को जब्त कर छह को गिरफ्तार भी कर लिया। वहीं दूसरी ओर नाम जद अभियुक्तों कृष्णा मुंडा, निखिल मुंडा, पंकज मुंडा, रामदेव मुंडा, सुलो देवी व काजल मुंडा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।


हंगामा में घायल प्रभारी।

# शराब दुकान से तिजोरी सहित 6.80 लाख रुपये ले उड़े चोर

खबर मन्त्र संवाददाता



इसी शराब दुकान से रूपए की चोरी हुई है।

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के पांचा स्थित कंपोजिट (अंग्रेजी) शराब की दुकान से लगभग 6.80 लाख रूपए की चोरी हो गई। होलीका दहन की रात 13 मार्च को हुई घटना के संबंध में बताया गया कि दुकान का सेल्समेन होली में शराब की ब्रिकी का रूपया 6.80 लाख दुकान के तिजोरी में रख व दुकान बंद कर घर चला गया। दूसरे दिन दुकान का सटर में ताला लगा नही देख इसकी सूचना उसे दी गई। दुकान आने पर तिजोरी के साथ सारा पैसा गायब मिला। वहीं दुकान के काउंटर में रखे लगभग तीन हजार रूपए भी गायब थी। प्रबंधक विपीन विहारी कुमार को क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा घटना की सूचना देने के बाद प्रबंधक द्वारा ओरमांझी थाना में चोरी का मामला दर्ज करया गया। बताया कि शराब की कूल ब्रिकी नौ लाख की हुई थी। कुछ पैसे आनलाईन मिले थें, वह बच गया। बताया जाता है कि उक्त दुकान में पिछले तीन वर्ष में कभी भी किसी भी पर्व त्योहर में नौ लाख की शराब की बिक्री नही हुई है। वहीं चोरो द्वारा शराब की एक भी बोतल चुराया नही है। थाना प्रभारी अनिल कुमार तिवारी द्वारा चोरी की घटना पर संदिग्धता जताते हुए कहा जल्द की मामले का पदार्फास हो जाएगा। आरोपी को पुलिस जल्द गिरफ्तार कर लेगी।

# बेड़ो में होली हर्षोल्लास के साथ संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता


महादानी मंदिर परिसर में होली खेलते महादानी सेवा सत्संग समिति के सदस्य।

**बेड़ो।** रंगों का त्यौहार होली बेड़ो प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। प्रखंड से लेकर गांवों तक होली का उमंग और उत्साह में उम्र का हर दौर में छाया हुआ था। होली के दिन सुबह से ही बच्चे और युवा सड़कों पर निकल आए। बच्चों में सबसे ज्यादा उत्साह नजर आ रहा था। छोटे-छोटे बच्चे पिचकारी लिए मुखौटा लगाकर सड़क और अपने-अपने घरों के बाहर शरारत करते नजर आए। जगह-जगह पर युवाओं की टोली ने होली को लेकर अलग ही समा बांध रखा था। बेड़ो महादानी मंदिर परिसर में महादानी सेवा सत्संग समिति के पदाधिकारी व सदस्यों ने होली गीतों पर झूमते हुए एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली त्यौहार की शुभकामनाएं दिए। महादानी मंदिर परिसर के अलावे कई स्थानों पर बहुरंगी कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। वहीं खुखरा में ढोल नगाड़ों के साथ परंपरागत, तुको में मटका फोड़ व विनय बगीचा में कीचड़ होली खेला गया। वही प्रखंड के मुहल्लों से लेकर गांव की गली तक होली के रंग में रंगी हुई थी। वहीं स्वजनों, मित्र, हितैषी को व्हाट्सएप, एसएमएस से होली की बधाई भी दी। गांव में लोगो के घरों में एक से बढ़कर एक पकवान बनाकर खाया व खिलाया। साथ ही एक-दूसरे को रंग-अबीर लगाकर गले मिलकर बधाई दी। इससे पूर्व गुरुवार की देर रात में जगह-जगह होलिका दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। होलिका दहन के एक दिन बाद लोगों ने दो दिनों तक होली का जमकर मजा लिया। प्रखंड के विभिन्न स्थानों में होलिका दहन का भी आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने पारंपरिक रूप से पूजा-अर्चना कर आनंद लिया। साथ ही अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना भी की। होलिका दहन के साथ ही रंगों की बौछार शुरू हो गई थी। इधर शांति व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान व नरकोपी थाना प्रभारी नागेश्वर साव के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद थी।

### चटकपुर शांति नगर में होली बदरंग में बदली, घमासान

## दो गुटों में झड़प के बाद कई युवक घायल, हिरासत में हैं दर्जनों आरोपी

- 27 के खिलाफ प्राथमिकी
- पुलिस कर रही है तफ्तीश

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** चटकपुर शांति नगर में होली बदरंग हो गयी। दो गुटों के बीच झड़प में कई युवक जख्मी हो गये हैं। मामले को लेकर राजेंद्र पंडित के लिखित आवेदन पर पुलिस ने दर्जनों लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। हमले में सजीव साहनी, सुरज कुमार और विक्की कुमार को सिर समेत शरीर के अन्य हिस्से में चोटें आयी है। प्राथमिक उपचार के बाद इन्हें रिम्स रेफर किया गया है। आरोपियों में नंदकिशोर राणा, बीरू, राजधनी, गोलू, प्रदीप, पीयूष, अमित चौधरी, संजय शर्मा व अजय कुमार आदि शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक, श्री पंडित के घर के समीप नाचने-गाने के दौरान पीड़ित पक्ष के लोगों पर हरवे- हथियार से लैश युवकों ने जानलेवा हमला कर दिया। लूटपाट और तोड़ फोड़ किये जाने की भी खबर है।

इधर, आरोपित पक्ष की ओर से भी थाने में अर्जी दी गयी है। देर रात तक प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई चल रही थी। पुलिस न केवल घटना की जांच बल्कि, एहतियात के तौर पर शांति नगर में कैंप भी कर रही है।

# खलारी कोयलांचल में होली हर्षोल्लास के साथ संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** होली के गीतों की मस्ती के साथ रंगों का त्योहार होली शुक्रवार और शनिवार को पूर खलारी प्रखंड के लपरा, हेसालोंग, नवाडीह, कोंनका, मायापुर, दुल्ली, खलारी, मोहान नगर, करकट्टा, धमधमियां, डकरा, भूतनागर, सुभाष नगर सहित खलारी कोयलांचल क्षेत्रों में होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। होली क्या अमीर, क्या गरीब सभी एक ही रंग में नजर आ रहे थे। हर तरफ होली की धूम थी। बच्चे, बूढ़े, जवान सभी होली की मस्ती में मगन थे। होली से पूर्व होलिका दहन करके उसके दूसरे दिन घरों में विधिवत पूजन कर के होली मनाई गई। होली में छोटे बच्चे, किशोर, युवा सभी अपनी अपनी टोली में होली खेलते दिखे। महिलाएं, युवतियां भी रंग लगाने में पीछे नहीं रही। महिलाओं की टोली सुबह का घरेलु कामकाज निपटाकर होली खेलने निकली। कई जगहों पर युवा डीजे बजाकर होली के गीतों पर झूमते रहे। होली में घर घर में ही पकवान पकाकर एक दुसरो को खिलाकर आनंद लेते रहे। होली के मद्देनजर खलारी के पुलिस उपधीक्षक रामनारायण चौधरी के निर्देशन में खलारी थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर जय दीप टोप्पो व मैक्लुस्कीगंज थाना प्रभारी गोविंद कुमार पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी।

# रातू प्रखंड के गुडू में 19 को डोल महोत्सव

- जोर शोर से की जा रही तैयारी
- झुले में झूलेंगे राधा और कृष्ण

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** प्रखंड के गुडू में 19 मार्च की रात परंपरागत पंचम डोल महोत्सव लगेगा। प्रत्येक साल श्री बंशीधर महाप्रभु मेला समिति की ओर से होली के पांचवें दिन इसका आयोजन किया जाता है। जोर-शोर से इसकी तैयारी की जा रही है। डोलोत्सव को लेकर क्षेत्र के लोगों में विशेष उत्साह है। यहां अष्टधातु से बनी राधा व श्रीकृष्ण की मूर्ति को सुसज्जित झूले में पूरी रात झुलाने की परंपरा है। देवताओं को गाजे-बाजे के साथ नगर भ्रमण कराया जायेगा। जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जायेंगे। दंडाधिकारी की भी प्रतिनियुक्ति होगी। मेले में समिति के दर्जनों स्वयंसेवक तैनात रहेंगे।

#### गीत-संगीत का चलेगा दौर

मेलार्थी, नागपुरी गीत-संगीत, छऊ नृत्य व नर्तकी नाच का लुत्फ उठाएंगे। यहां सभी तरह की दुकानें सजेंगी। अध्यक्ष मुकेश सिंह ने बताया कि उत्सव में झारखंड के अलावा बिहार, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा व छत्तीसगढ़ आदि राज्यों के हजारों श्रद्धालु भाग लेंगे। मेले में इलाके के जन प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्त्ता व राजनीतिक दलों के नेता शिरकत करेंगे।

### साम्प्रदायिक सद्भाव के साथ मनी होली

रातू। प्रखंड में शनिवार को रंगों का त्योहार होली पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनायी गयी। चारों ओर रंग ही रंग देखने को मिला। हर वर्ग के लोग रंग में सराबोर नजर आये। मुस्लिम समुदाय ने भी होली खेली और साम्प्रदायिक सद्भाव की मिसाल कायम किये। उन्होंने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगा होली की मुबारकवाद दी। उत्साही बच्चे और युवाओं ने पटाखे छोड़ खुशी का इजहार किया। आतिशबाजी से क्षेत्र जगमगा उठा। फगुआ गीत-संगीत पर लोग झूम उठे। लोगों ने लजीज व्यंजन का भी स्वाद चखा। इधर, त्योहार को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे। इसकी कमान थानेदार आरएन सिंह ने संभाली।

### अनगड़ा: अलग सड़क हादसा में पांच लोग घायल, तीन गंभीर

**अनगड़ा।** थाना क्षेत्र में रविवार को हुई हो अलग अलग सड़क दुर्घटना में पांच युवक घायल हो गए। पहली घटना गेतलसूद बीसा सड़क में सरई टोली के पास हुई जहां दो बाईक जेएच-01 ईटी1824 और जेएच -01 बी क्यु 0922 के आमने सामने टक्कर हो जाने से विनोद बेदिया, मंगल बेदिया, करम सिंह बेदिया, और बुधराम बेदिया घायल हो गए इनमें विनोद बेदिया और मंगल बेदिया की हालत गंभीर बताई गई है जिन्हें पीएचसी अनगड़ा में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची भेज दिया गया। चारो बीसा टूंगरी और टोला बहेरा टोला के निवासी हैं दूसरी घटना रिंग रोड पर टॉल प्लाजा हेसल के पास हुई। जहां एक बाईक सवार को एक एक्सयूवी ने धक्का मार दिया जिससे बाईक सवार रिंग रोड पूल से करीब बीस फीट नीचे गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। जिन्हें स्थानीय लोगों ने तत्काल एम्बूलेस बुलाकर इलाज के लिए रिम्स भेज दिया। मालूम हो कि टॉल प्लाजा के पास आए दिन दुर्घटना हो रही है।

### गेल फगुआ में धुरहैर मिलन समारोह का हुआ आयोजन



**अनगड़ा।** सिविल सोसाइटी अनगड़ा के द्वारा रविवार को गेल फगुआ में धुरहैर मिलन समारोह का आयोजन हुआ। अध्यक्षता आतिश कुमार महतो व संचालन डॉ रिझू नायक ने की। मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार व विशिष्ट अतिथि कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो थे। सभी ने एक दूसरे को गुलाल और अबीर लगाया। मिठाइयां बांटी गई। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। फगुआ गीत गया गया। अनगड़ा में पहली बार इस तरह का आयोजन किया गया। मौके पर जैलेन्द्र कुमार ने कहा कि होली के बाद इस तरह का आयोजन सराहनीय है। इस मौके पर मुखिया रौशनलाल मुंडा, जलनाथ चौधरी, रामपोदो महतो, शिवलाल महतो, साहेबराम महतो, राजू प्रमाणिक, जलेश महतो, विश्राम महतो, दुर्गा महतो, राजेश महतो, जयशंकर मुंडा, झब्बूलाल महतो, बरतू मुंडा, संजय नायक, मोतीराम मुंडा, शंकर महतो, ज्योतिष महतो, धर्मेंद्र सिंह, बिपिन मुंडा आदि उपस्थित थे।

### इंस्पायर अवार्ड मानक स्कीम में डीएवी छात्राओं का चयन

**खलारी।** विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार द्वारा आयोजित जिला स्तरीय प्रदर्शनी सह प्रोजेक्ट प्रतियोगिता हेतु डीएवी स्कूल खलारी के तीन विद्यार्थियों का चयन हुआ है। कक्षा नवमीं के इन विद्यार्थियों में सुखविंदर, कृष्ण कुमार यादव एवं अनामिका कुमारी चयन हुए। विद्यार्थियों में प्रत्येक के बैंक खाते में इंस्पायर अवार्ड मानक स्कीम के तहत 10 हजार भेजे गए हैं जिससे वे जिला स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता के लिए प्रोजेक्ट आदि बना सकें।

### होली हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



**इटकी।** इटकी प्रखंड क्षेत्र में रंगों का त्यौहार होली हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। क्षेत्र के लोग दो दिनों तक होली के रंग में रंगे रहे। मौके पर इटकी जगन्नाथ मंदिर में डोल उत्सव का आयोजन किया गया। जगन्नाथ मंदिर में स्थापित राधा-कृष्ण सहित अन्य भगवान की प्रतिमाओं को झूला पर रखकर झूलाया गया। इससे पूर्व भगवान को पूजा अर्चना कर गुलाल-अबीर अर्पण किया गया। इटकी में पंडित सुंदर श्याम तिवारी के नेतृत्व में लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव, अश्वनी नाथ शाहदेव व आशीषनाथ शाहदेव ने और मकुंदा गांव में पंडित शत्रुघ्न पांडेय के नेतृत्व में पूजा अर्चना की गयी। वहीं फाग गायन का भी आयोजन हुआ। शनिवार को होली की मस्ती के दौरान लोगों ने रंग व अबीर लगाकर पर्व की बधाइयां दी। त्यौहार को लेकर इटकी थाना प्रभारी मनीष कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल मुस्तैद थी।

## खबर एक नजर में

### एकता मंच ने काशीराम साहेब का जयंती मनायी

**खलारी।** अंबेडकर पार्क डकरा में एस टी /एससी/ ओबीसी एकता मंच के तत्वधान में शनिवार के दिन काशीराम साहेब का जयंती सादे समारोह के साथ मनाई गया। समारोह की अध्यक्षता देवपाल मुंडा ने किया। इस दौरान सर्वप्रथम काशीराम साहब की तस्वीर पर माल्यार्पण कर एवं पुष्प अर्पित श्रद्धा सुमन अर्पित कर सदस्यों ने उनके विचारों को रखा। माननीय काशीराम साहब बामसेफ एवं बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक थे। वे दलितो एवं शोषितों के मसीहा थे। इन्होंने समाज को जगाने का कार्य किया। इनके बताएं रास्ते पर चलने की आवश्यकता है।

### शरारती तत्वों ने मसियातू जंगल में लगाई आग

**बेड़ो।** होली के दिन बेड़ो प्रखंड के मसियातू गांव स्थित जंगल में शनिवार की दोपहर को शरारती तत्वों ने आग लगा दी। जिससे देखते ही देखते जंगल के अधिकांश क्षेत्र में आग फैल गई। इस भयावह आग में हजारों पेड़-पौधे जलकर राख हो गए। जिससे वन्यजीवों और पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचा है। घटना की सूचना करकरी पंचायत के टंगराटोली निवासी समाजसेवी आलम अंसारी ने मौके पर वीडियो बनाकर प्रशासन को दी। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग की है ताकि जंगल और पर्यावरण को बचाया जा सके।

### जवानों व थाना के संग इस्तिहार तामिला कराया

**ठाकुरगांव।** थाना कांड संख्या 31/23 और 36/23 के फरार अभियुक्त प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी और हाल के दिनों में टीएसपीसी से अलग होकर बीकेएस तिवारी ग्रुप अपराधिक गिरोह के कमांडर रामेश्वर महतो उर्फ पहाड़ी जी और उक्त गिरोह के सक्रिय सदस्य अनीश अंसारी उर्फ अविनाश जी के विरूद्ध बुढ़मू व ठाकुरगांव पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए एसएसबी के जवानों व स्थानीय थाना के संग इस्तिहार तामिला कराया। खलारी डीएसपी आर एन चौधरी, ठाकुरगांव थाना प्रभारी विनित कुमार, बुढ़मू थानेदार रितेश कुमार महतो के नेतृत्व मेंइस्तिहार तामिला कराने के दौरान परिजनों से आत्मसमर्पण करने का अपील किया। उक्त गिरोह के विरूद्ध रविवार सुबह में केरेडारी और बुढ़मू थाना क्षेत्र के जंगलों में छापामारी अभियान भीचलाया गया।

### आग लगने से टेंट का सामान जलकर राख

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के लमकाना गांव के अखरा के समीप घर में टेंट हाउस के समान में आग लग लगने से लाखों रुपये का टेंट का सामान जलकर राख हो गया। टेंट हाउस के संचालक कदोजोरा गांव निवासी मो सलीम ने बताया कि मैं लमकाना गांव में किराये के दुकान में डायमंड टेंट हाउस के नाम से टेंट का दुकान चलता हूं। वहीं टेंट का सारा सामान लमकाना गांव के अखरा समीप स्व शनि उरांव के घर में रखता हूं। जिसमें शुक्रवार की रात लगभग ग्यारह बजे आग लग गई। जिसकी सूचना मुझे ग्रामीणों ने फोन द्वारा दिया।

# धार्मिक आयोजनों को ले ग्रामीणों की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

### पूजा समिति पांचा के अध्यक्ष बने बिजय साहू


ओरमांझी में हुई बैठक में उपस्थित ग्रामीण।

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के पांचा में इस वर्ष होने वाले विभिन्न धार्मिक आयोजनों के लिए रविवार को ग्रामीणों की एक बैठक हुई। ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र साहू की अध्यक्षता में हुई बैठक में 10 अप्रेल से होने वाली मंदिर की वार्षिक महोत्सव का आयोजन सहित रामनवमी व सरहुल पूजा के साथ मंडा पूजा सफल बनाने पर विषेष रूप से चर्चा की गई। सभी आयोजनों को उत्साहपूर्ण, भव्य व धूमधाम से करने के साथ वार्षिक महोत्सव महायज्ञ के अवसर पर भव्य जागरण कार्यक्रम का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए पूजा समिति का गठन भी किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से विजय कुमार साहू को अध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावे सचिव रवि कुमार साहू, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार साहू, उपाध्यक्ष आनंद महतो, आशीष साहू, प्रीतम साहू, सर्वण श्रीवास्तव, प्रवीण कुमार साहू, सहसचिव दिलीप महतो, राजधाम साहू, सुभाष साहू, शंकर चैरसिया, नवीन साहू व उप कोषाध्यक्ष गोपाल श्रीवास्तव, विक्की साहू, अविनाश कुमार साहू को बनाया गया। वहीं संरक्षक जिप सदस्य सरिता देवी, प्रकाश चैधरी, रामनंदन महतो, बालक महतो असेश्वरलाल गुप्ता, वीरेंद्र साहू को बनाया गया है। साथ ही देवराज करमाली को रामनवमी पूजा, सुरेंद्र पाहन को सरहुल पूजा व आनंद महतो को मंडा पूजा की जिम्मेदारी सौंपर गई। बैठक में संन्तु साहू, शैलेंद्र साहू, महादेव साहू, चंदन चैरसिया, रोशन कुमार साहू, अमित कुमार, मनोज कुमार, रवि कुमार, नवीन कुमार साहू, दीपक कुमार मुंडा, संतोष साहू, करण कुमार, दिनेश महतो, देवनंदन चैरसिया, प्रदीप श्रीवास्तव, विक्की कुमार साहू, संजय महतो, भोला साहू, दीपक कुमार मुंडा, रोहन साहू, चरकू नायक, जितेंद्र कुमार, रंथो गंझु, रामजन्म महतो, अनिल साहू, लालजी महतो, तेजनाथ ठाकुर, राहुल प्रजापति, जागेश्वर प्रसाद साहू, नंदकिशोर प्रजापति, नीरज कुमार साहू व ग्रामीण उपस्थित थें।

## स्पीड न्यूज

### किशोरों को बनाया जा रहा टूरिस्ट गाइड, मिल रहा प्रशिक्षण

**धनबाद।** बरमसिया स्थित बाल सुधार गृह में रविवार को एक अनोखी पहल के तहत छत्रपति शिवाजी महाराज के 11 ऐतिहासिक किलों से लाए गए जल और राष्ट्रीय युद्ध स्मारक से लाई गई मिट्टी से शौर्य वृक्ष का पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर सभी किशोरों ने स्मारक स्थल की मिट्टी को हाथों में लेकर कानून का पालन करने की शपथ ली। बाल सुधार गृह के नोडल ऑफिसर कर्नल जेके सिंह ने बताया कि यहां रह रहे किशोरों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए टूरिस्ट गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया है। भगवान बिरसा मुंडा के जीवन के 24 वर्षों से प्रेरित होकर यह 24 दिनों का विशेष प्रशिक्षण है।

### पूर्व मुखिया ने किया होली मिलन समारोह आयोजित

चैनपुर पलामू। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नरसिंहपुर पथरा में अपने आवास पर नरसिंहपुर पथरा पंचायत पूर्व मुखिया भीष्म चौरसिया ने होली मिलन समारोह मनाया। ग्रामीणों ने इनके आवास पर एकसाथ अपना पारंपरिक गीत संगीत प्रस्तुत कर खुब आनंदित दिखे। वहीं श्री चौरसिया ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगा कर सभी को बधाई दी। इस अवसर पर विधायक आलोक कुमार चौरसिया, उत्तरी चैनपुर जिला परिषद सदस्य रामलव प्रसाद चौरसिया, तेज बहादुर चौरसिया,पिंकु चौरसिया,अरुण गुप्ता, अमरेन्द्र चौरसिया ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया।

### पाटन प्रखंड में धूमधाम से मनाया गया होली पर्व, सांस्कृतिक कार्यक्रम में झूमे लोग

**पाटन (पलामू)।** पाटन प्रखंड में होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। होली पर्व पाटन प्रखंड में दो दिन मनाई गई । लोग एक दूसरे को जमकर अबीर गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई दी। पाटन पुलिस होली पर्व को लेकर क्षेत्र में गश्ती करती रही जिससे कहीं भी कोई अप्रिय घटनाएं नहीं हुई। पाटन पश्चिमी जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह ने अपने क्षेत्र भ्रमण कर लोगों को होली की बधाई दी तथा जमकर होली लोगों के साथ खेला। होली के अवसर पर लोगों ने मंदिरों देवालयों में जाकर पूजा अर्चना की, जिससे मंदिरों देवालयों में भीड़ उमड़ पड़ी थी। वहीं अपने अपने क्षेत्र में जनप्रतिनिधि भी लोगों के साथ होली खेलते नजर आये। होली के दिन पाटन के विभिन्न क्षेत्रों में होली मिलन समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। होली मिलन समारोह में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक होली गीत गाकर लोगों को खुब झुमाया। वहीं ग्रामीणों ने भी अपने अपने गांव में एकत्रित होकर होली मनाया एवं एक दुसरे को आपसी भाईचारा के साथ होली पर्व का शुभकामनाएं दी। क्षेत्र में पाटन नावा जयपुर थाना एवं किशुनपुर ओपी की पुलिस होली पर्व को लेकर विशेष गश्ती करती रही।

### लायंस क्लब के सदस्यों ने मुसहर परिवार के साथ मनाई होली

**मेदिनीनगर।** होली का त्योहार सिर्फ रंगों का नहीं, बल्कि समरसता और सामाजिक एकता का भी प्रतीक है। इस साल मेदिनीनगर में लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर की पहल से मुसहर समुदाय के लोगों के लिए एक अनोखी होली का आयोजन किया गया। लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर के सहयोग से इस विशेष आयोजन में बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में गुलाल उड़ाए गए, महिलाओं बच्चों को नए वस्त्र एवं अबीर गुलाल का उपहार देकर होली को खास बनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा समाजसेवी गुरवीर सिंह ने की। संचालन क्लब के सचिव निलेश चंद्र ने किया। इस मौके पर लायन अनूप कुमार, मनोज सोनी, लायन फिरोजुद्दीन अंसारी, रंजीत कुमार मिश्रा, परिमल प्रसून, प्रियंका आनंद साहू एवं अमुक प्रियदर्शी समेत कई लोग उपस्थित थे।

### नाबालिग की रामगढ़ के कोठी महुआ जंगल में फंदे पर लटका मिला शव

**रामगढ़ (पलामू)।** बहन के घर जाने के लिए निकली नाबालिग लड़की का शव जंगल में फंदे पर लटका मिला। नाबालिग ने अपनी साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शनिवार को डेड बॉडी पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर एमआरएमसीएच में लाया गया। मामला पलामू जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के बभंडी के कोठी महुआ जंगल से जुड़ा है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और डेड बॉडी को पेड़ से उतारकर कब्जे में ले लिया। बाद में उसकी पहचान कोठी महुआ गांव की 14 वर्षीया शिवलोचन कुमारी पिता राजेश परहिया के रूप में हुई। मृतका शिवलोचन शुक्रवार को सुबह अपनी बहन के घर जाने की बात कह कर घर से निकली थी।

### अंगद चौरसिया की संदेहात्मक स्थिति में मौत

**चैनपुर (पलामू)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत भैरवा निवासी अंगद चौरसिया (25)बर्ष का मृत्यु संदेहात्मक मौत हो गई। अंगद चौरसिया के पिता उपेन्द्र चौरसिया ने बताया कि कल होली उत्सव में शामिल सभी ग्रामीणों ने गान बजाने का कार्यक्रम 9बजे तक समाप्त कर सभी लोग घर चल गए।अंगद भी घर आ गया था वहीं सूबह 04 बजे जगकर नित्य कर्मों के लिए निकला।जब सुबह नित्य कर्मों के लिए चाचा सुरेन्द्र चौरसिया गए तो देखा कि अंगद का शव पड़ा हुआ है फिर आनन-फानन में सबको खबर दे बुलाया वहीं मौके पर चैनपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज व अस्पताल भेजा गया वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### पिकअप व कार की टक्कर में पांच घायल, एक गंभीर

**हरिहरगंज (पलामू)।** शहर के बेलोदर स्थित कोमाकी बाइक शो रूम के समीप एनएच 139 पर शुक्रवार को अपराह्न करीब 3.30 बजे नेक्सोन कार जेएच 03 एके 5190 तथा पिकअप यूपी 64 एटी 9890 की आमने-सामने टक्कर हो गई। जिससे कार पर सवार पांच युवक घायल हो गए। घायलों में बेलोदर निवासी रंजन कुमार सिंह (26 वर्ष )पिता अनिल कुमार सिंह, सूरज कुमार सिंह 21 वर्ष, पिता संजित कुमार सिंह, सौरभ सिंह 26 वर्ष पिता विजय कुमार सिंह, सुरेश शर्मा 30 वर्ष पिता वृहस्पत शर्मा, तथा सियारभुका निवासी बसंत मेहता का 28 वर्षीय पुत्र भूषण कुमार शामिल हैं।दुर्घटना के तुरंत बाद आसपास के लोगों की सहायता से सभी घायलों को सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टर असदुल्लाह फैज ने सभी को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद रेफर कर दिया। घायलों में सूरज सिंह की हालत गंभीर बनी हुई है। उसका ईलाज बीएचयू ट्रामा सेंटर में चल रहा है।



### पूर्व पार्षद अर्जुन गुप्ता के निधन पर शोक

**हुसैनाबाद (पलामू)।** हुसैनाबाद नगर पंचायत के वार्ड छह के निवर्तमान पार्षद अर्जुन प्रसाद गुप्ता के असामयिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। हृदय गति रुकने के कारण उन्हें मेदिनीनगर में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर मिलते ही नागरिकों में गहरा शोक व्याप्त है। अर्जुन प्रसाद गुप्ता जपला धरहरा नहर मोड़ के निवासी थे। वह वार्ड छह के पार्षद के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके थे। उनका दाह संस्कार सोन नदी घाट देवरी पर किया जाएगा। हुसैनाबाद विधायक संजय कुमार सिंह यादव, भाजपा नेता सह पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह, पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता, हुसैनाबाद नगर पंचायत के निवर्तमान अध्यक्ष शशि कुमार, उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी, भाजपा नेता अजीत सिंह, रामप्रवेश सिंह, छठन पासवान, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह, अजय गुप्ता, पवन लाल अग्रवाल समेत अन्य ने कहा कि उनका जाना हुसैनाबाद के सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। सभी ने ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति व परिजनों को इस दु :ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

### दो बाइक की टक्कर में एक सवार की मौत, सड़क जाम

**हुसैनाबाद (पलामू)।** पलामू जिला के जपला छतरपुर मुख्य पथ स्थित हुसैनाबाद थाना के गमहर बिगहा गांव के समीप बाइक सवार शशि रंजन मेहता व एक अन्य बाइक के साथ टक्कर हो गई। जिससे बाइक सवार 37 वर्षीय शशि रंजन मेहता की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वनांचल हॉस्पिटल संचालक धर्मेंद्र मेहता के भाई है शशि रंजन मेहता। वह होली मिलकर संढा गांव से जपला आ रहे थे। इसी बीच घटना घटी।

# सिया चलले अवधवा के ओर होलिया खेले रामलला...

- पलामू के शहरी व आंचलिक क्षेत्रों में शांतिपूर्ण मनी होली
- डीआईजी, डीसी , एसपी आवास में जमकर उड़े अबीर गुलाल पारंपरिक वाद्य यंत्र पर झूमे लोग
- एसपी आवास में कादो कीचड़ के पश्चात उड़े अबीर गुलाल







**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शांतिपूर्ण, हर्षोल्लास के साथ रंगों का त्योहार होली मनाया गया। इस अवसर पर लोग होली खेलने के पूर्व अपने घर एवं मंदिरों में पूजा अर्चना कर भगवान को अबीर गुलाल अर्पित किये। इसके बाद पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ एक टोली बनाकर होली का आनंद लोगों ने लिया। इस मौके पर कई जगहों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। होली के अवसर पर डीआईजी वाईएस रमेश आवास, डीसी शशिरंजन आवास व एसपी रीष्मा रमेसन, एसीबी के एसपी अंजनी अंजन के आवास पर जमकर लोगों ने अबीर गुलाल एक-दूसरे को लगाकर होली की शुभकामना दी। साथ ही कुर्ता फाड़ होली खेली। तीनों अधिकारी अपने मातहत कर्मियों व शुभचिंतकों के साथ जमकर होली खेली। जिले के कई क्षेत्रों में लोगों ने होली का आनंद दो दिन लिया। वहीं आम जनता के साथ ही साथ शासन प्रशासन के लोगों ने भी जमकर होली का लुत्फ उठाया। डीआईजी वाईएस रमेश के आवास पर पारंपरिक तरीके से रंग बिरंगे अबीर गुलाल थाली में भरकर रखी गई थी। इसके साथ ही मिष्ठान भोजन की भी व्यवस्था की गई थी। जिसे आनेवाले सभी लोगों को डीआईजी ने अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। मौके पर उन्होंने पलामू प्रमंडल के लोगों को होली की शुभकामना देते हुए शांतिपूर्ण आपसी सौहार्द के साथ होली खेलने की अपील की। वहीं दूसरी ओर उपायुक्त शशिरंजन के आवास पर जिले के प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे हुए थे। जहां पर उपायुक्त ने लोगों को अबीर गुलाल लगाकर शुभकामना दी। साथ ही पलामूवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रंगों का त्योहार बेरंग ना करें। इसको आपसी भाईचारे के साथ मनायें। पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन के आवास पर होली की जबरदस्त व्यवस्था की गई थी। प्राचीन समय से चली आ रही होली का प्रचलन को एसपी आवास में देखने को मिला। पहले लोग कादो कीचड़ से होली खेले। उसके बाद रंग अबीर गुलाल से सराबोर हुए। वहीं पारंपारिक वाद्य यंत्रों पर एक से बढ़कर एक धार्मिक होली की गीत कलाकारों द्वारा गाया गया। जिसमें सिया चलले अवधवा के ओर होलिया खेले राम लला समेत कई गीतों पर झूमते नजर आये। इस मौके पर एसपी श्रीमती रमेसन ने जिलेवासियों को होली की हार्दिक शुभकामना देते हुए कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से होली को मनायें। पुलिस प्रशासन आपकी सुरक्षा में सदैव तत्पर है।

## गिरिडीह के घोड़थम्बा में होली जुलूस पर पथराव और आगजनी से तनाव

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गिरिडीह।** गिरिडीह के घोड़थम्बा ओपी क्षेत्र में शुक्रवार को होली जुलूस के दौरान दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प हो गई। जुलूस को रोकने के प्रयास के बाद विवाद बढ़ा और दोनों पक्षों के बीच पथराव शुरू हो गया। उपद्रवियों ने कई दुकानों और वाहनों में आग लगा दी, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पथराव और आगजनी के दौरान एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद समेत कई पुलिसकर्मी मामूली रूप से घायल हो गए। हिंसा के बाद पुलिस ने मोर्चा संभाला और उपद्रवियों को काबू में करने के लिए लाठीचार्ज किया। घटना के बाद पूरे इलाके में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया और अगले आदेश तक धारा 144 लागू कर दी गई है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर 22 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। इसके अलावा 80 नामजद और 250 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। हिंसा में आधा दर्जन दुकानें और एक दर्जन से अधिक वाहन जलकर राख हो गए।

गिरिडीह एसपी डॉक्टर बिमल कुमार ने कहा कि स्थिति अब नियंत्रण में है और दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। प्रशासन ने पूरे इलाके में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात कर दिया है और हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है।

## तीन बच्चों की हत्या कर पिता ने की आत्महत्या

- ग्रामीण सेहरी के लिए उन्हें जगाने पहुंचे तो दरवाजा अंदर से बंद था

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिरिडीह।** पीरटांड़ थाना क्षेत्र के हरलाडीह ओपी अंतर्गत महेशलिट्टी गांव में शनिवार देर रात एक हृदयविदारक घटना घटी, जिसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत से गांव में मातम छा गया। सनाउल अंसारी (36) नामक व्यक्ति ने पहले अपनी दो बेटियों और एक बेटे की गला दबाकर हत्या कर दी, फिर खुद फांसी के फंदे से झूलकर आत्महत्या कर ली। रविवार सुबह जब ग्रामीण सेहरी के लिए उन्हें जगाने पहुंचे तो दरवाजा अंदर से बंद था। किसी अनहोनी की आशंका में जब खिड़की से



गांव में पसरा मातम

झांककर देखा गया, तो घर के अंदर का मंजर भयावह था। चारों शव देखकर गांव में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही खुखरा थाना प्रभारी निरंजन कच्छप और हरलाडीह ओपी प्रभारी दीपक कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। मृतकों की पहचान सनाउल अंसारी, उनकी 12 वर्षीय बेटी आफरीन परवीन, 8 वर्षीय जैबा नाज और 6 वर्षीय बेटे सफाउल अंसारी के रूप में हुई है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि सनाउल अंसारी ने पहले अपने तीनों बच्चों की हत्या की, फिर खुद आत्महत्या कर ली। हालांकि, इस दिल दहला देने वाली घटना के पीछे की वजह अब तक स्पष्ट नहीं हो पाई है। गांव में इस त्रासदी से गहरा सदमा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, परिवार में किसी गंभीर परेशानी की जानकारी नहीं थी, जिससे यह घटना और भी चौंकाने वाली बन गई है। पुलिस सभी संभावित एंगल से मामले की जांच कर रही है और परिजनों से भी पूछताछ जारी है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, और पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद घटना के वास्तविक कारणों का खुलासा किया जाएगा।

## हर पर्व में छुपा है संदेश, डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी

**विश्रामपुर (पलामू)।** पलामू जिला के प्रसिद्ध भोजपुरी गायक बिजय ववाली के द्वारा विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान जमकर अबीर गुलाल उड़े लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉक्टर ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने फीता काटकर कार्यक्रम को शुभारंभ किया । उन्होंने कहा कि धार्मिक पर्व त्योहार में छुपे संदेश को समझने की जरूरत है। होली हम सब को एकजुटता का संदेश देती है। कार्यक्रम में भोजपुरी के प्रसिद्ध गायक विजय बवाली ने चार चांद लगाया। साथ हीं एक से बढ़कर एक गीत से दर्शकों को झुमने पर विवश कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन समाजसेवी विजय कुमार रवि ने किया।

## ब्राह्मण महासभा ने धूमधाम से मनाया होली का त्योहार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर (पलामू)।** प्रखंड के जगतपुरवा स्थित हाबर्ड इंटरनेशनल स्कूल परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। महासभा के पदाधिकारियों ने भगवान परशुराम की पूजा अर्चना किया। मुख्य अतिथि महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष अजय तिवारी ने दीप प्रज्वलित करने के बाद फीता काटकर समारोह का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने अतिथि व प्रबुद्ध जनों को माला पहनाकर स्वागत किया। महासभा के पदाधिकारी और सदस्यों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामना दी। मुख्य अतिथि महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष अजय तिवारी ने कहा कि होली का त्योहार एकता, प्रेम और भाईचारा का संदेश देता है। पर्व के संदेशों को अपनाते हुए समाज हित में काम करने की जरूरत है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में व्यास अंकु राय और उनके सहयोगियों ने होली और फगुआ गीत प्रस्तुत कर वातावरण को होलियाना बना दिया। समारोह की अध्यक्षता जयराम तिवारी एवं संचालन संत कुमार तिवारी ने किया।

समारोह में कृष्णकांत दुबे, मनोज दुबे, सतीश मिश्रा, सब्यसाची धनंजय, नीलकंठ गिरी, बसंत शुक्ला, अवधेश शुक्ला, राजेंद्र राय, नवीन पांडेय, अमरेश तिवारी, ओम प्रकाश शुक्ला, दिनेश तिवारी, कपिलदेव पांडेय, सुनील तिवारी, संजय तिवारी, रामस्वरूप पांडेय, अरुण दुबे, ब्रज किशोर शुक्ला सहित कई गांव के लोग मौजूद थे।

## चैता के गीतों पर हलवाई समाज का भव्य होली मिलन समारोह आयोजित

**मेदिनीनगर।** गुरु तेग बहादुर मेमोरियल हॉल बेलवा टिका में श्री कन्य कुब्ज वैश्य मोदनवाल हलवाई का होली मिलन समारोह मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता ने किया। समोह में पूरे पलामू जिला से हलवाई परिवार के लोग उपस्थित थे। सभी ने होली के रंग में खूब झूमे। विशेष कर महिलाओं की संख्या अधिक थी। छोटे-छोटे बच्चों ने रंगारंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक गाने एवं भजन पर बच्चों ने अपनी प्रतिभा को दिखाया । मौके पर समाज के पांच लोगों ने ने सामूहिक रूप से मुख्य अतिथि ट्विंकल गुप्ता का स्वागत किया। मौके पर हलवाई समाज के ही मद्धेशिया हलवाई समाज से प्रतिनिधित्व करते हुए प्रभात गुप्ता उर्फ पिंटू जी जिला अध्यक्ष, मनोहर कुमार लाली सचिन एवं उनके सभी पदाधिकारी का स्वागत शॉल देकर एवं अबीर गुलाल लगाकर किया गया । समारोह में मोदनवाल हवाई मिलकर एकता का परिचय दिया और आगे वाले चुनाव पर चर्चा किया गया। शुभम प्रसाद ने बताया कि होली मिलन समारोह सभी परिवारों से एक साथ मिलने का बहुत ही अच्छा अवसर मिलता है । मौके पर पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश प्रसाद, विजय प्रसाद, बजरंगी प्रसाद आदि ने समाज को आगे बढ़ाने के लिए अपना मार्गदर्शन दिया । कार्यक्रम को सफल बनाने में हलवाई समाज के पदाधिकारी मनोज गुप्ता-अध्यक्ष, ट्विंकल गुप्ता - मुख्य अतिथि, ओमप्रकाश प्रसाद, मंच संचालक- शुभम प्रसाद,दीपांशु गौरव, बजरंगी प्रसाद, सुरेश प्रसाद, अशोक प्रसाद, कामता प्रसाद, मंगल प्रसाद, मोतीलाल प्रसाद, अनूप गुप्ता, संजय प्रसाद, रवि गुप्ता, सोनल मोदनवाल, बब्लू गुप्ता, विनय गुप्ता, चंदन मोदनवाल, गौरव मोदनवाल, श्यामसुंदर प्रसाद, अनुज गुप्ता, विशाल मोदनवाल, राहुल मोदनवाल, शुभम मोदनवाल, अरविन्द गुप्ता आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।




## धरोहर पर संकट उत्पन्न कर अपनी रोटी सेंकना चाहते हैं दो लोग

- गोपनीय रूप से मंदिर का निजी ट्रस्ट बनाकर कब्जा जमाने का हो रहा प्रयास
- मंदिर पूरे गांव की संपत्ति, किसी का एकाधिकार उचित नहीं
- मंदिर विकास समिति वर्षों से कर रही मंदिर का रखरखाव

**मेदिनीनगर।** ठाकुरबाड़ी मंदिर के देखरेख व रखरखाव हेतु वर्तमान मंदिर विकास समिति व स्थानीय ग्रामीण सक्षम हैं। मंदिर जैसे धार्मिक व सार्वजनिक आयोजन स्थल पर शिव ध्यान तिवारी शिक्षक और वामपंथी नेता रुचीर तिवारी अपनी रोटी सेंकना चाहते हैं। इनके द्वारा गोपनीय रूप से मंदिर का ट्रस्ट बनाकर कब्जा जमाने का प्रयास हो रहा है, जबकि मंदिर पूरे गांव की संपत्ति है। इसमें किसी का एकाधिकार उचित नहीं है।

**शिवध्यान तिवारी व रूचिर तिवारी गलत मानसिकता से कर रहे ट्रस्ट का निर्माण, ग्रामीण हैं आहत :** मंदिर के संदर्भ में ग्रामीणों का कहना है कि शिक्षक शिवध्यान तिवारी और वामपंथी नेता रुचीर तिवारी के द्वारा गोपनीय रूप से मंदिर का ट्रस्ट बनाने का प्रयास किया जा रहा है। दोनों के द्वारा ट्रस्ट बनाने के प्रयास से ग्रामीण जनता आहत है। ग्रामीण अपने पूर्वजों की धरोहर की रक्षा के लिए पूरी तरह से एकजुट हैं। ग्रामवासियों के द्वारा आमसभा में मंदिर विकास समिति के वर्तमान अध्यक्ष विजय तिवारी (अधिवक्ता), सामाजिक कार्यकर्ता नवीन तिवारी व अमीत तिवारी (अधिवक्ता) को नए ट्रस्ट बनाने की जिम्मेदारी दी गई थी और यह प्रक्रिया प्रारंभ है। प्रेस कांफ्रेंस में मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष विजय तिवारी अधिवक्ता, ललन तिवारी, सुनील तिवारी, अजय तिवारी, मुरारी तिवारी, बसंत तिवारी, विवेकानंद त्रिपाठी, युगल किशोर तिवारी,यशवंत तिवारी, अशोक तिवारी, बृजमोहन तिवारी, उमेश तिवारी, अजय तिवारी, श्री राम चरित मानस यज्ञ कमेटी के अध्यक्ष दिलीप तिवारी, मंटू,सामाजसेवी दीपक तिवारी, नवीन तिवारी, अभिषेक तिवारी सहित सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित थे।



### मंदिर विकास समिति के सदस्यों का आरोप निराधार : ब्राह्मण विकास समिति

रेड़मा ठाकुरबारी मंदिर परिसर और इसके दान किए हुए भूमि को हड़पने की साजिश को सर्व ब्राह्मण विकास समिति पूरा नहीं होने देगी। उक्त बातें सर्व ब्राह्मण विकास समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र तिवारी सचिव सह अधिवक्ता त्रिपुरारी तिवारी, संरक्षक सह पूर्व विधायक उम्मीदवार रुचिर कुमार तिवारी एवं सदस्य दयाशंकर तिवारी ने कही। नेताद्वय ने प्रेस बयान में कहा कि रेड़मा ठाकुरबारी मंदिर के जमीन को हड़पने की नीयत से पूर्व में विजय तिवारी और मिंटू तिवारी और कुछ अन्य लोगों ने एक ट्रस्ट बनाया एवं ठाकुरबारी की जमीन पर बिना ग्रामीणों की सहमति लिए गलत तरीका से दुकान बनाकर लाखों रुपयों का उगाही की गयी। इस जमीन के दाता हरिहर तिवारी के पुत्र मथुरा तिवारी वगैरह हैं जिनके वंशज शिवध्यान तिवारी, त्रिपुरारी तिवारी एवं अन्य रेड़मा के कुछ ग्रामीण हैं लेकिन विजय तिवारी और अन्य लोग जिन्हें इस मंदिर के विकास से कोई लेना-देना नहीं एक झूठा मंदिर विकास समिति भी इन्होंने 4 वर्ष पूर्व बनाया और बाद में इस वर्ष एक नया ट्रस्ट भी बनाया जिसके अध्यक्ष विजय तिवारी हैं। यह ट्रस्ट बनाने से पहले ग्रामीणों से कोई चर्चा नहीं की गयी न ही उनसे सहमति ली गई।

## बड़कीटांड़ के आदिवासी नाले का पानी पीने को हैं मजबूर



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिरिडीह।** सदर प्रखंड और गांडेय विधानसभा क्षेत्र के करहरबारी पंचायत के कई आदिवासी गांव आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। खासकर बड़कीटांड़ गांव के लोग आज भी नाले का पानी पीने को मजबूर हैं, क्योंकि स्वच्छ पेयजल की कोई कारगर व्यवस्था नहीं है।

इसी समस्या की जानकारी मिलने पर रविवार को पूर्व जिला परिषद सदस्य एवं फॉरवर्ड ब्लॉक नेता राजेश यादव गांव पहुंचे और लोगों की स्थिति देखी। राजेश यादव ने बताया कि गांव का बिजली ट्रांसफार्मर भी जला हुआ है, जिससे लोग अंधेरे में रहने को विवश हैं। उन्होंने याद दिलाया कि कुछ साल पहले भी बड़कीटांड़ के लोग दो वर्षों तक ट्रांसफार्मर जलने के कारण अंधेरे में रह चुके हैं, लेकिन उनकी समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं देता। मौके पर ही उन्होंने विभागीय अधिकारियों से बात कर ट्रांसफार्मर बदलवाने की पहल की।

**फारवर्ड ब्लाक ने उठायी आवाज**

यादव ने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने अधिकारों को समझें और पेयजल समेत अन्य बुनियादी समस्याओं के समाधान के लिए संगठित हों। उन्होंने सवाल उठाया कि जब वे संगठित होकर मतदान करते हैं, तो फिर उनकी समस्याएं अनदेखी क्यों की जाती हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि जल्द ही फॉरवर्ड ब्लॉक इन मुद्दों को लेकर आंदोलन करेगा।

## आदिवासी समाज ने धूमधाम से मनाया बाहा पर्व, विधायक ने बजाया मांदर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**तोपचांची।** सिंहदहा पंचायत के पथल चपड़ा गांव में रविवार को आदिवासी समाज ने पूरे पारंपरिक उत्साह और श्रद्धा के साथ बाहा पर्व मनाया। इस खास मौके पर समाज के लोग पारंपरिक परिधानों में सजे नजर आए और पूरे रीति-रिवाजों के साथ पर्व का आयोजन किया गया। इस उत्सव में स्थानीय विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने भी मांदर बजाकर अपनी भागीदारी दर्ज कराई, जिससे माहौल और भी जीवंत हो उठा। पर्व के दौरान आदिवासी महिलाओं ने पारंपरिक अंदाज में नृत्य और गीत प्रस्तुत किए, जिससे पूरे क्षेत्र में सांस्कृतिक उल्लास बिखर गया। विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने इस मौके पर कहा कि बाहा पर्व सिर्फ एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति आदिवासी समाज की गहरी आस्था और उनकी समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं का प्रतीक है। उन्होंने इस पर्व की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि आदिवासी समाज सदियों से प्रकृति पूजक रहा है, और यह उत्सव इसी परंपरा को जीवंत बनाए रखने का जरिया है। सुबह के समय समाज के लोगों ने जाहेर थान में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पूजा-अर्चना की। इस दौरान अच्छी फसल, समृद्धि और बीमारियों से रक्षा की कामना की गई। पूजा के बाद पूरा गांव उत्सव के रंग में रंग गया, जहां लोग सामूहिक रूप से पारंपरिक गीतों पर झूमते नजर आए। इस शुभ अवसर पर समाज के अध्यक्ष श्यामलाल हांसदा, सचिव ज्योति लाल बेसरा, जगदीश चौधरी, समाजसेवी इंजीनियर के. के. तिवारी, सुरेश बढ़ई, विकास तिवारी, नेवल केवट और झामुमो नेता बसंत महतो समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## थाना में प्रभारी समेत जवानों ने खेली होली

**मेदिनीनगर/चैनपुर।** चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने सभी जवानों के साथ होली मनाया। मौके पर सभी जवानों ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली खेली। साथ होली पर्व की शुभकामनाएं दी। मौके पर चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने कहा कि होली पर्व खुशियों का त्योहार है। इस पर्व में लोग गिले शिकवे भूलकर गले लग जाते हैं।

# खबर मन्त्र

रांची.सोमवार. 17 मार्च 2025


# अभिव्यक्ति



## जीत का जुनून

बारह साल बाद चैंपियंस ट्रॉफी में जीता खिताब भारतीयों को उल्लास से भर गया। वहीं टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में पच्चीस साल पहले न्यूजीलैंड के हाथों मिली हार का भी बदला ले लिया। सुखद यह भी है कि हमारी टीम पूरे टूनार्मेंट में अजेय रही। उससे भी महत्वपूर्ण यह है कि भारतीय टीम तीन बार चैंपियंस ट्रॉफी जीतकर टूनार्मेंट के इतिहास में सबसे सफल टीम बन गयी। यह भारतीय क्रिकेट प्रेमियों के लिये निश्चय ही गर्व की बात है। इस टूनार्मेंट की एक खास उपलब्धि रही मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती की खोज। भारतीय टीम की उपलब्धि यह भी है कि उसने आईसीसी इवेंट्स में पिछले 14 मैच लगातार जीते हैं। गर्व का पल यह भी है कि भारत के पास एक ही समय में टी-20 विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब है। दुनिया की ऐसी अनुभवी टीम जिसमें रोहित शर्मा व विराट कोहली के पास नौ आईसीसी फाइनल खेलने का रिकॉर्ड है। बहरहाल, इस मैच में भारतीय क्रिकेट प्रेमियों को इस बात को लेकर निराशा जरूर हुई होगी कि पूरे टूनार्मेंट में शानदार फॉर्म में रहे विराट कोहली फाइनल मुकाबले में सिर्फ दो गेंदों का ही सामना कर पाए। लेकिन श्रेयस अय्यर व केएल राहुल ने इस कमी को पूरा किया। बहरहाल, टॉस के मामले में अनलकी रहने वाले रोहित शर्मा ने होली से पहले क्रिकेट की जीत के रंग में भारतीयों को सराबोर कर दिया। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि भारतीय टीम ने अपनी जमीन पर वर्ष 2023 के वर्ल्ड कप में मिली पराजय के बाद जीत का जबरदस्त जज्बा पैदा किया। तब लगातार दस मैच जीतने के बावजूद टीम फाइनल में हार गई थी। लेकिन टीम ने वैसी गलती फिर नहीं दोहरायी। पहले 2024 में दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी-20 वर्ल्ड कप जीता और अब चैंपियंस ट्रॉफी। यह जीत जरूरी है और यह जुनून भी।




**मेष :** बुद्धि व धन का दुरूपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

**वृष :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-3-5

**मिथुन :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-3-8

**कर्क :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-5-8

**सिंह :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-4-8-9

**कन्या :** अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-8-9

**तुला :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करे। शुभांक-1-2-7

**धनु :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थो की प्राप्ति होगी। शुभांक-1-4-8

**मकर :** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-6-8

**कुंभ :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-5-7-8

**मीन :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। यात्रा सुखद रहेगी। शुभांक-3-5-7


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

प्रधान संपादक
सौरभ कुमार

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 95708-48433
पिन: -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797


धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।


## असंतुलित आर्थिक नीतियां बढ़ा रही हैं अमीरी-गरीबी की खाइ

-योगेन्द्र योगी





**आंकड़ों** के मुताबिक 5 साल पहले रियल एस्टेट की कुल बिक्री में अफोर्डेबल हाउसिंग की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत थी, जो अब घटकर महज 18 प्रतिशत रह गई है। इस महीने पेश हुए बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मध्यम वर्ग की जेब ढीली करने के लिए टैक्स में छूट दी।

देश के लगभग 100 करोड़ भारतीयों के पास इतनी आय नहीं है कि वे विवेकाधीन वस्तुओं पर कुछ भी खर्च कर सकें। अर्थात वे किसी भी प्रकार से किसी भी वस्तु पर अतिरिक्त खर्च करने में असमर्थ हैं। लोग जरूरत के अलावा सामान या सुविधाएं नहीं खरीद सकते। वहीं, देश के केवल 10 फीसदी लोग, अर्थात 13-14 करोड़ लोग देश की अर्थव्यवस्था को चला रहे हैं, क्योंकि ये लोग ही सबसे ज्यादा खर्च करते हैं और देश की तरक्की में बड़ा रोल निभाते हैं। केंद्र सरकार एक तरफ देश में तरक्की का नया मॉडल पेश करते हुए विकसित भारत की तरफ बढ़ते कदमों का आंकड़ा पेश करती है, वहीं गरीबी और अमीरी की बढ़ती खाई ने इस मॉडल पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। ब्लूम वेंचर्स की इंडस वैली की वार्षिक रिपोर्ट 2025 भारत की आर्थिक विषमता की यह तस्वीर पेश करती है। इस रिपोर्ट का सरकार द्वारा किसी तरह प्रतिवाद नहीं किए जाने से साफ जाहिर है कि देश की आर्थिक सेहत एक तरफा जा रही है। अमीरी और गरीबी की खाई का चौड़ा होना जारी है। रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि भारत का उपभोक्ता बाजार बड़े स्तर पर विस्तार नहीं कर रहा है, बल्कि एक ही जगह गहरा होता जा रहा है। इसका मतलब यह है कि भले ही अमीर लोगों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हो रही है, लेकिन जो लोग पहले से ही अमीर हैं, वे और भी अमीर हो आंकड़ों के अनुसार शीर्ष 10 प्रतिशत भारतीयों (10 सबसे अमीर भारतीय) के पास अब कुल नेशनल आय का 57.7 प्रतिशत हिस्सा है, जो पहले 1990 में 34 प्रतिशत था, जबकि निचले स्तर पर यह हिस्सा पहले के 22.2 प्रतिशत से घटकर 15 प्रतिशत रह गया है। इसके अलावा, 30 करोड़ लोग ऐसे हैं जिन्होंने हाल फिलहाल खर्च करना शुरू किया है। ये लोग भी अपने खर्च को लेकर बहुत सावधान हैं। खर्च करने वाला वर्ग बढ़ नहीं रहा!

आंकड़ों के मुताबिक 5 साल पहले रियल एस्टेट की कुल बिक्री में अफोर्डेबल हाउसिंग की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत थी, जो अब घटकर महज 18 प्रतिशत रह गई है। इस महीने पेश हुए बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मध्यम वर्ग की जेब ढीली करने के लिए टैक्स में छूट दी। 12 लाख रुपये तक कमाई करने वालों को अब इनकम टैक्स नहीं देना होगा जिससे 92 प्रतिशत वेतनभोगी लोगों को राहत मिलेगी। इसके बावजूद भारत की खपत चीन से 13 साल पीछे है। वर्ष 2023 में भारत में प्रति व्यक्ति खर्च 1,493 डॉलर था, जबकि चीन में वर्ष 2010 में ही ये 1,597 डॉलर था। माइक्रोफाइनेंस सेक्टर में भी हालात ठीक नहीं हैं। माइक्रोफाइनेंस सेक्टर में बढ़ता कर्ज का बोझ बढ़ता जा रहा है। दिसंबर 2024 तक इस सेक्टर के नॉन-परफॉर्मिंग असेट्स (एनपीए) 50,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। ये अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है और कुल लोन का 13 प्रतिशत है। अमीर-गरीब के बीच की खाई भारत में कभी छिपी नहीं रही है। यह खाई और चौड़ी हो गई है। माइक्रोफाइनेंस का मतलब है गरीब परिवारों को बिना गारंटी के लोन देना। इन परिवारों की सालाना कमाई 3 लाख रुपये से कम होती है। ज्यादातर महिलाएं इन लोन का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन ज्यादा लोन देने की होड़ में हालात बिगड़ गए हैं। बंधन बैंक, इंडसइंड, आईडीएफसी फर्स्ट जैसे बैंकों के एनपीए बढ़ गए हैं। बंधन बैंक के 56,120 करोड़ रुपये के लोन में से 7.3 प्रतिशत एनपीए हो चुके हैं। एनपीए वो कर्ज है जिसकी कोई भी किश्त 180 दिनों तक चुकाने में लेनदार असफल हो जाता है। इसके बाद बैंकों को इस तरह के लोन को एनपीए में डालना होता है। हालांकि इस लोन की वसूली की कोशिश जारी रहती है और कई बार ये पूरा या आंशिक तौर पर वापस मिल जाता है।

आंकड़ों के मुताबिक 91 से 180 दिन का बकाया लोन कुल आउटस्टैंडिंग का 3.3 फीसदी है, जबकि 180 दिन से ज्यादा बकाया लोन 9.7 प्रतिशत है। माइक्रोफाइनेंस को लेकर अब संस्थान भी सतर्कता बरत रहे हैं। क्योंकि उन्हें एनपीए अभी और बढ़? की आशंका है। भारतीय रिजर्व बैंक ने लोन पर रिस्क वेट घटाया इसी बीच बिजनेस लोन पर जोखिम वेट 125 प्रतिशत से घटाकर 75 प्रतिशत कर दिया है, जिससे बैंकों को राहत मिलेगी। छोटे बैंकों को हो रहे नुकसान को देखते हुए इस नियम में बदलाव से इन्हें फायदा मिल सकता है। देश में बढ़ती आर्थिक असमानता की तरफ पूर्व में चेतावनी मिल चुकी है। 12 अप्रैल 2024 को पेरिस स्थित शोध संगठन वर्ल्ड इनइक्वेलिटी लैब की ओर जारी एक शोधपत्र में बताया गया था कि देश के शीर्ष एक फीसद तबके की आमदनी और संपत्ति में हिस्सेदारी अपनी ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंच गई है और यह दुनिया में सबसे ज्यादा है। शोधपत्र के निष्कर्षों में कहा गया है कि साल 2023 तक सबसे अमीर एक फीसद भारतीयों के पास देश की आय का 22.6 फीसद और संपत्ति का 40 फीसद हिस्सा था। इनकम ऐंड वेल्थ इनइक्वेलिटी इन इंडिया, 1922-2023 द राइज ऑफ बिल्यनेर राज शीर्षक वाले शोधपत्र के अनुसार आजादी के बाद से 1980 के दशक की शुरूआत तक गैर-बराबरी में कमी आई थी लेकिन इसके बाद इसमें बढ़ोतरी शुरू हो गई और 2000 के दशक की शुरूआत में यह बहुत तेज गति से बढ़ी। देश के शीर्ष एक फीसद लोगों ने 2022-23 में औसतन 53 लाख रुपए कमाए, जो औसत भारतीय की आय से 23 गुना अधिक है जिसने 2.3 लाख रुपए की आय सृजित की। देश के निचले पायदान के 50 फीसद और बीच के 40 फीसद लोगों की औसत आय क्रमश 71, 000 रु. (राष्ट्रीय औसत का 0.3 फीसद) और 1,65,000 रु. (राष्ट्रीय औसत का 0.7 फीसद) रही सबसे अमीर 9,223 लोगों (9.2 करोड़ वयस्क भारतीयों में से) ने औसतन 48 करोड़ रुपए कमाए (औसत भारतीय आय से 2,069 गुना)। भारतीय अर्थव्यवस्था के उदारीकरण के बाद निजी उद्यम में वृद्धि और पूंजी बाजार की वृद्धि ने शीर्ष के कुछ ही लोगों के हाथों में संपत्ति का सिमटना बढ़ाया है। उदारीकरण के बाद से सेवा की अगुआई में हुई आर्थिक वृद्धि के भी असमानताकारी असर हुए। इस पूरे हालात से साफ है कि भारत की खपत ग्रोथ संतुलित नहीं है। एक तरफ जहां अमीर और अमीर हो रहे हैं, वहीं गरीब और गरीब जिसके लिए आने वाले समय में सरकार को बड़े कदम उठाने होंगे जिससे आर्थिक असमानता कम हो सके।

> आंकड़ों के मुताबिक 5 साल पहले रियल एस्टेट की कुल बिक्री में अफोर्डेबल हाउसिंग की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत थी, जो अब घटकर महज 18 प्रतिशत रह गई है। इस महीने पेश हुए बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मध्यम वर्ग की जेब ढीली करने के लिए टैक्स में छूट दी। 12 लाख रुपये तक कमाई करने वालों को अब इनकम टैक्स नहीं देना होगा जिससे 92 प्रतिशत वेतनभोगी लोगों को राहत मिलेगी। इसके बावजूद भारत की खपत चीन से 13 साल पीछे

## लेटर टू एडिटर

### आतंकवाद की चुनौती

**घाटी** में नई सरकार के सामने आतंकवाद की बड़ी चुनौती उभरी है। पहले कश्मीरी पंडितों को लक्षित हिंसा का शिकार बनाया जाता रहा, लेकिन इस बार आतंकवाद की घटनाएं मजदूरों और कर्मचारियों पर केंद्रित रही हैं। ये हिंसा की घटनाएं केंद्र सरकार के शांति प्रयासों पर पानी फेर सकती हैं। पहले भी घाटी में भाड़े के आतंकी कहर बरपा चुके हैं।

**- अमृतलाल रांची**

### सतर्क भी रहें

**भारत** और चीन के बीच हाल ही में हुए समझौते के तहत दोनों देशों ने वास्तविक नियंत्रण रेखा से अपने सैनिकों को पीछे हटाने का निर्णय लिया है। भारत को इस पर सतर्क रहना चाहिए। चीन के प्रति नरम रुख अपनाने के बजाय, भारत को अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। नागरिकों को चीनी सामान की निर्भरता कम करके आर्थिक लड़ाई में योगदान देना होगा।

**- राजेश चौहान, कोडरमा**

## X ट्वीट

**झारखंड** पुलिस द्वारा कुख्यात अपराधी अमन साहू के एनकाउंटर पर मैं झारखंड पुलिस को साधुवाद देता हूँ। ऐसे अपराधी, जिनके आतंक से न जाने कितनी माताओं ने अपने बेटे खोए, कितनी बहनों ने अपने भाई, कितनी पत्नियों ने अपने सुहाग, और कितने बच्चों ने अपने पिता को खो दिया, उनके लिए कोई सहानुभूति नहीं हो सकती। **- सीपी सिंह, विधायक**

आज अबुआ सरकार झारखण्ड को शिक्षा के क्षेत्र में देश का अव्वल राज्य बनाने के लिए जी-तोड़ मेहनत कर रही है। डबल इंजन सरकार के दौर में भी झारखण्ड का नाम अव्वल था- पर शिक्षा व्यवस्था में नहीं, बल्कि हजारों स्कूलों को बंद कर, बच्चों को शिक्षा से वंचित करने में!

**-कल्पना सोरेन, विधायक**

## वर्चस्व पर संकट का कवच बनती हिंदी विरोध की राजनीति

**उमेश चतुर्वेदी**

सामयिक

**हिंदी** को लेकर तमिलनाडु की राजनीति का आक्रामक होना कोई नई बात नहीं है। हिंदी के विरोध में जिस तरह स्टालिन ने रोजाना आधार पर मोर्चा खोल रखा है, वह 1965 के हिंदी विरोधी आंदोलन की याद दिला रहा है। संवैधानिक प्रावधानों की वजह से 26 जनवरी 1965 को हिंदी को राजभाषा के तौर पर जिम्मेदारी संभालनी थी, जिसके विरोध में सीए अन्नादुरै की अगुआई में पूरी द्रविड़ राजनीति उतर आई थी। तब हिंदी विरोध के मूल केंद्र में तमिल उपराष्ट्रीयता थी। उसके लिए तब यह साबित करना आसान था कि उस पर हिंदी थोपी जा रही है।

तब आज की तरह सूचना और संचार की सहूलियतें नहीं थीं, तब दक्षिण और उत्तर के बीच आज की तरह सहज संचार नहीं था, तब आज की तरह मीडिया का इंटरनेटी वितान नहीं था। लेकिन आज हालात बदल चुके हैं। लिहाजा इस संदर्भ में स्टालिन के मौजूदा हिंदी विरोध की तह में जाना जरूरी हो जाता है।

चाहे तमिलनाडु का निवासी हो या फिर उत्तर भारत के किसी हिंदीभाषी इलाके का, उसके हाथ में अगर फोन है, उसमें अगर इंटरनेट का कनेक्शन है तो तय है कि उसकी उंगलियों के नियंत्रण में हिंदी और अंग्रेजी ही नहीं, दुनियाभर की भाषाएं हैं। इसलिए कम से कम सूचना और संचार के ऐसे माध्यमों पर किसी सरकार की वजह से भाषायी बंधन आज के दौर में हो भी नहीं सकता।

आज का बाजार वर्ल्ड वाइड वेब यानी डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू के पंखों के सहारे कहीं और तेजी से फैल तो रहा ही है, फल-फूल भी रहा है। इसलिए हिंदी ही नहीं, किसी भी भाषा का विरोध अब दुनिया के किसी भी कोने में पूरी तरह न तो सफल हो सकता है और कोई दीवार उसे रोक सकती है। बेशक तमिलनाडु भाषायी स्तर पर अपनी अलग पहचान रखता है, लेकिन वह भी हमारे देश का हिस्सा है। मौजूदा स्थिति में तेजी से विकसित होता राज्य है और उसे अपने उत्पादन केंद्रों के लिए कामगारों की जरूरत है। जिसकी आपूर्ति उत्तर भारत के ही राज्य करते हैं। उसके निजी शैक्षिक केंद्रों के लिए विद्यार्थियों की भी जरूरत है। उत्तर भारत की जो शैक्षिक स्थिति है, उसकी असलियत सबको पता है। इस वजह से उत्तर भारतीय छात्रों की आवक भी तमिलनाडु में खूब है। ऐसे माहौल में वैसे तो हिंदी विरोध के औचित्य पर ही सवाल है। फिर भी स्टालिन विरोध कर रहे हैं तो उसके अपने कारण हैं।

संचार और सूचना क्रांति और तेज आवागमन के चलते भाषायी स्तर पर तमिलनाडु की स्थिति तीन-चार दशक पहले जैसी नहीं है। वहां हिंदी बोलने वालों की संख्या भले कम हो, लेकिन उसे समझने और हिंदी में आने वाले सवालों का जवाब देने या प्रतिक्रिया में सौदा-सुलफ मुहैया कराने वालों की तादाद बढ़ी है। हिंदी या कोई अन्य भाषी वैसे भी तमिल संस्कृति को इसलिए बहुत ज्यादा प्रभावित नहीं कर सकते, क्योंकि तमिल संस्कृति और भाषा दुनिया की पुरानी संस्कृतियों में से एक है और उसकी जड़ें बहुत गहरी हैं। तमिल लोग अपनी संस्कृति और भाषा से नेह-छोह ही नहीं रखते, उसका शिद्दत से सम्मान भी करते हैं। फिर तमिलनाडु की ऐसी स्थिति नहीं है कि दिल्ली, जालंधर, सूरत, लुधियाना, मुंबई की तरह तमिलनाडु के शहरों में हिंदीभाषियों की बाढ़ आ जाएगी।

वैसे एक बारगी मान लें कि जिन जगहों का जिक्र हुआ है, वहां हिंदीभाषियों की बाढ़ होने के बावजूद क्या वहां की स्थानीय संस्कृति और भाषाओं पर संकट आया। निश्चित तौर पर इसका जवाब ना में है। दरअसल होता यह है कि बाहर से आया व्यक्ति स्थानीय संस्कृति और समाज के लिहाज से वहां व्यवहृत भाषा को अपने सामाजिक और सार्वजनिक कामकाज की भाषा बनाता है, वह अपनी बोली-बानी को अपने सीमित समाज और परिवार में इस्तेमाल तो करता है, लेकिन उसकी सार्वजनिक संपर्क भाषा वहां की स्थानीय भाषा ही होती है। पता नहीं, इन तथ्यों को स्टालिन समझते हैं या नहीं, लेकिन वे बार-बार हिंदी पर आरोप लगाते रहते हैं कि वह तमिल संस्कृति को नुकसान पहुंचाएगी।

असल बात यह है कि तमिलनाडु की राजनीति में पिछली सदी के साठ के दशक से ही स्थानीय द्रविड़ राजनीति का वर्चस्व बना हुआ है। कभी डीएमके तो कभी एआईडीएमके जैसी स्थानीय पार्टियां ही सत्ता की मलाई खाती रही हैं। सही मायने में देखें तो ये महज स्थानीय पार्टियां ही नहीं हैं, बल्कि अपने-अपने हिसाब से तमिल उपराष्ट्रीयता का ही प्रतिनिधित्व करती हैं। तमिल उपराष्ट्रीयता होना बुरी बात नहीं है, लेकिन वह राष्ट्रीयता पर हावी नहीं होनी चाहिए। लेकिन यह कड़वा सच है कि तमिल उपराष्ट्रीयता राष्ट्रीय मूल्यों पर हावी रहती रही है। तमिल उपराष्ट्रीयता के ही जरिए द्रविड़ राजनीति तमिलनाडु की सत्ता पर काबिज रही है।

## धर्म के प्रति निरपेक्षता से बढ़ते अधर्म को आखिर रोकेगा कौन?

**मनोज शर्मा**

विमर्श

**अब** जरा सोचिए, भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है, लेकिन यदि वह प्राणी बद्ध/मानव बद्ध पर उदासीन रहता है, कुतर्क करता है तो इसका दोषी सरकार नहीं है तो कौन है? क्योंकि जनता को भी तो जागरूक करना उसी का कार्य है।

धर्म और अधर्म के बीच मौजूद सूक्ष्म विभाजन को स्पष्ट करते हुए लोक रचयिता गोस्वामी तुलसीदास महाकाव्य रामचरित मानस में लिखते हैं कि 'परहित सरिस धर्म नहीं भाई, परपीड़ा सम नहीं अधमाई।' यानी कि दूसरों का हित सोचना-करना ही धर्म है और दूसरों को पीड़ा पहुंचाना ही अधर्म है। जहां तक भारत और उसकी धर्मनिरपेक्षता का सवाल है तो खुद आरएसएस और उसका राजनीतिक संगठन भाजपा (जनसंघ का परिवर्तित स्वरूप) इस पर सवाल उठाते हुए तत्कालीन सत्ताधारी पार्टी कांग्रेस और समाजवादी दलों की सरकारों पर तुष्टिकरण के आरोप मढ़ती आई है।

इससे स्पष्ट है कि धर्म के प्रति बढ़ती निरपेक्षता से बढ़ते अधर्म को आखिर कौन रोकेगा, यह यक्ष प्रश्न है और इस नीतिगत सवाल पर आरएसएस को ढुलमुल नहीं, बल्कि स्पष्ट रवैया अपनाना चाहिए। चूंकि वह विश्व का सबसे बड़ा सामाजिक संगठन है, दुनिया के सबसे पुराने धर्म सनातन धर्म के आधार पर जीवन पद्धति को विकसित करने और प्राणी मात्र की रक्षा करने का वह पक्षधर रहा है, इसलिए उसके रवैए से देश सहित विश्व का जनमत प्रभावित होता है। क्योंकि वह अमूमन तार्किक और लोकहितैषी बातें करता आया है। उसकी शाखाओं की दिनचर्या समाज के लिए भी सेहतमंद साबित होती आई हैं। भाजपा को इस मुकाम तक पहुंचाने में उसकी मेंटर की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता है।

अब जरा सोचिए, भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है, लेकिन यदि वह प्राणी बद्ध/मानव बद्ध पर उदासीन रहता है, कुतर्क करता है तो इसका दोषी सरकार नहीं है तो कौन है? क्योंकि जनता को भी तो जागरूक करना उसी का कार्य है। गाहे बगाहे होने वाले सांप्रदायिक, जातीय, क्षेत्रीय या आपराधिक हिंसा-प्रतिहिंसा की बातों को कुछ देर के लिए विराम भी दे दिया जाए, क्योंकि मानवीय सनक को काबू में रखना किसी भी प्रशासन के लिए जटिल कार्य है। फिर भी इस पर सियासी कारणों से रोक नहीं लगाना भी अधर्म है।

वहीं, ऐसी ही हिंसक प्रवृत्ति से जुड़ा एक पूरक सवाल है कि यदि भारत सरकार पशु-पक्षी बद्ध के लिए लाइसेंस जारी करती है या फिर इस तरह की मिलीजुली मानवीय प्रवृत्ति पर खामोश रहती है तो मेरे विचार में वह एक अधार्मिक प्रवृत्ति को बढ़ावा दे रही है और इससे उसका प्रशासन भी प्रभावित होगा। मेरा मानना है कि यदि देशवासियों को सही शिक्षा दी जाएगी, तो पुलिस व सैन्य खर्च में भारी कमी स्वतः आ जाएगी। आज यदि देश की जनता नाना प्रकार की नैतिक-भौतिक त्रासदी से जूझ रही है तो इसके पीछे उसकी धर्मनिरपेक्ष भावना ही है। जिसके चलते देशवासियों को सही शिक्षा की डिलीवरी नहीं हो पा रही है।

आश्चर्य होता है कि इसके बावजूद भी हमारे धर्मनिरपेक्ष नेता मदमस्त हैं। वो यह नहीं समझ पा रहे हैं कि हमारे देश में कौन सा धर्म सही शिक्षा दे रहा है और कौन सा धर्म भड़काऊ शिक्षा दे रहा है। इनकी शिनाख्त करके उसे सही राह पर चलने के लिए भारत का प्रशासन विवश नहीं करेगा, तो कौन करेगा। आप धर्मनिरपेक्ष हैं, बहुत अच्छी बात है। लेकिन आप प्रकृति धर्म, प्राणी धर्म और मानव धर्म से निरपेक्ष नहीं हो सकते, क्योंकि इसका सम्मिलित स्वरूप ही राजधर्म है। मनुष्यों को नियंत्रित रखने के लिए किसी न किसी धर्म की जरूरत होती है, जो उन्हें अधार्मिक होने से रोकता है। हिंसक प्रवृत्ति अधार्मिक है, भोगवाद अधार्मिक है, क्योंकि इससे रोग उतपन्न होता है और बढ़ता है। वहीं, अहिंसा, त्याग और सेवा की भावना धार्मिक है, जिसे बढ़ावा देना चाहिए। यह प्राकृतिक गुण है, मानवीय गुण है और प्राणी मात्र के लिए हितैषी है। इस नजरिए से सनातन धर्म/हिन्दू धर्म इसका वाहक समझा जाता है। चूंकि हमारी सरकार धर्मनिरपेक्ष है, इसलिए वह इन नैसर्गिक गुणों से भी निरपेक्ष होना चाहती है, जो तमाम जन-समस्याओं की जननी है।

इसलिए सवाल उठता है कि जिन्होंने हमें हिन्दू राष्ट्र और सनातनी सोच के सपने दिखाए, उन्हें भी जब देशवासियों ने कुछ अच्छा कर गुजरने के मौके दिये तो वो भी किंकर्तव्यविमूढ़ हो गए। क्या सत्ता के दुगुर्णों ने उन्हें भी अपने मायाजाल में फंसा लिया और अब वे दुष्टों के बढ़ते प्रभाव के वशीभूत होकर धर्मनिरपेक्ष होने मतलब अन्याय का समर्थन करने की वकालत कर रहे हैं। सच कहूं तो इससे एक बार फिर से धर्म की सही समझ ज्ञानी जनों के न्याय के कठघरे में खड़ी है।

खासकर तब, जब हिन्दू हृदय सम्राट समझे गए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत, गत रविवार को अमरावती में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहते हैं कि दुनिया में धर्म के नाम पर जितने भी अन्याय, अत्याचार होते हैं, उनके पीछे धर्म की गलत समझ काम कर रही होती है। याद दिला दें कि इससे पहले बीते सप्ताह ही आरएसएस प्रमुख ने यह भी कहा था कि जगह-जगह मंदिर विवाद खड़े करना ठीक नहीं है। लिहाजा संघ प्रमुख के बयानों के पीछे छिपी चिंता को समझे जाने की जरूरत है। क्योंकि ऐसा करना हालिया घटनाओं की रोशनी में खासा अहम हो जाता है। उन्होंने धार्मिक जटिलता पर ठीक ही कहा कि धर्म बड़ा जटिल विषय है और इसे समझने में अक्सर गलती होने की आशंका बनी रहती है। आखिर कब धर्म की उदार वृत्ति पर संप्रदाय विशेष की संकीर्ण दृष्टि काबिज हो जाती है और कब धार्मिक समावेशिता को सांप्रदायिक कट्टरता ढंक लेती है।

## स्पीड न्यूज

### कुजू में युवकों ने जमकर खेली होगली



**कुजू।** कुजू कोयचलांचल व आस-पास के क्षेत्रों में रंगों का त्योहार होली धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। क्षेत्र में दो दिन शुक्रवार व शनिवार को होली मनाया गया। लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। वहीं युवकों की टोली डीजे की धुन पर जमकर थिरकते नजर आये। होली को लेकर कई स्थानों में मटकी फोड़ी गयी। होली के दिन शुक्रवार को क्षेत्र में जमकर मुर्गा-मीट की बिक्री हुई। खरीददारी को लेकर लोगों की जमकर भीड़ भी देखी गयी। वहीं गुरुवार की रात्रि में चौक-चौराहों पर होलिका दहन किया गया। होली को लेकर बच्चों के साथ बड़ों में भी उमंग था। होली की संध्या लोग अपने रिश्तेदारों के घर जाकर होली बधाई देते हुए लजीज व्यंजनों का आनंद लिया। इधर कुजू पुलिस भी दिन भर चौक-चौराहों में मुस्तैद थी। क्षेत्र के कुजू, आरा, सारूबेड़ा, तोपा, ओरला, सांडी, दिगवार, करमा, रतवे, छोटकी डूंडी आदि स्थानों में जमकर होली खेली गयी।

### रामगढ़ में होली शांतिपूर्वक संपन्न




**रामगढ़।** जिले में होली छिटपुट घटनाओं को छोड़कर शांतिपूर्वक संपन्न गया। युवा व बच्चे टोली बनाकर निकले और लोगों को रंग और गुलाल लगाया और बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद भी लिया। पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया गया था।

### विस्थापित विकास समिति की बैठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मां पंचवाहिनी मंदिर प्रांगण में लबगा विस्थापित विकास समिति की बैठक हुई। जिसमें ग्रामीणों ने पीवीयूएनएल (एनटीपसी) पर गंभीर भेदभाव के आरोप लगाते हुए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस अन्याय के खिलाफ स्थानीय प्रशासन और विधायक को लिखित शिकायत दी जाएगी। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि पीवीयूएनएल गांव के नौजवानों को रोजगार और प्रशिक्षण से वंचित कर रहा है। साथ ही गांव में सीएसआर (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) के तहत कोई विकास कार्य नहीं किए जा रहे हैं, जबकि इसी गांव के संसाधनों का उपयोग बिजली विभाग द्वारा किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव का 90 प्रतिशत जमीन पतरातु थर्मल बनाने के लिए लिया जा चुका है। ग्रामवासियों का कहना है कि यह एक सोची-समझी रणनीति के तहत हमारे साथ भेदभाव किया जा है। जिससे गांव के युवाओं को रोजगार और विकास के अवसरों से दूर रखा जा रहा है। इस भेदभाव के खिलाफ अब ग्रामीण संघर्ष का मन बना चुके हैं। बैठक में तय किया गया कि जल्द ही स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके बाद भी उचित कार्रवाई नहीं हुई, तो बड़े स्तर पर आंदोलन भी किया जा सकता है। गांव के वरिष्ठ नागरिकों और युवाओं ने इस मुद्दे को लेकर एकजुटता दिखाते हुए पीवीयूएनएल से गांव को समान अधिकार देने की मांग की। बैठक में रामेश्वर गोप, लखन मुंडा, नन्दलाल महतो, रंजीत यादव, सुरेश गोप, दिपक कुमार, अभिषेक कुमार, सागर मुंडा, विकास कुमार, अशोक, मनोज, अमित, प्रेम, दिपक, संदीप, नितेश, योगेश, सूरज, संतोष, हंसराज, पंकज, विशाल, विजय, पवन, तपेश्वर, पिंटू, विक्की, नितेश, जीतू, राहुल, धनेश्वर, कृष्णा, अशोक, अनिल, आकाश, उमेश, सुनील, दीपक, अभिमन्यु, अविनाश सहित दर्जनों महिला-पुरूष ग्रामीण मौजूद थे।

### भुरकुंडा में सीपीएम की बैठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा कार्यालय में रविवार को सीपीएम रामगढ़ जिला कमेटी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता कॉ. रीना देवी ने की। बैठक में दिवंगत साथियों के प्रति मौन रखकर शोक व्यक्त किया गया। जिला सचिव कॉ. आरपी सिंह चंदेल ने गत बैठक से अब तक अपना कार्य रिपोर्ट लिखित रुप में प्रस्तुत किया। जिसपर उपस्थित लोगों ने अपना विचार व्यक्त करते हुए रिपोर्ट को सर्वसम्मति से पारित कर दिया। बैठक में आगामी 23 मार्च शहीद भगत सिंह के शहादत दिवस पार्टी की ओर से जिले के सभी यूनिटों में मनाने का निर्णय लिया। 23 मार्च को भुरकुंडा शाखा और कोल कंपनी के दोनों शाखाओं की बैठक की जाएगी। जिसकी जिम्मेदारी कॉ. रीना देवी, कॉ. सीता देवी, कॉ. आशा देवी को दी गयी। दोनों बैठकों में जिला सचिव और अशोक सिंह भाग लेंगे।

### पायल होटल की संचालिका ने मारपीट को लेकर थाना में दिया आवेदन

**रामगढ़।** होटल पायल की संचालिका ममता शरण ने रामगढ़ थाना में आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने बताया है कि 15 मार्च को कुछ लोग उनके होटल में पहुंचे और उनपर हमला कर दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई। आवेदन में उन्होंने बताया कि उनपर हमला करने वालों ने होटल के काउंटर में रखे रूपए भी ले लिये।

# महिला की संदिग्ध मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

▸▸ **मटवारी के कृष्णापुरी में अर्धनिर्मित अपार्टमेंट के नीचे अचेत अवस्था में मिली थी रेखा भारती, दो दिन तड़पने के बाद तोड़ा दम**





दीवार पर लगे खून के धब्बे।

**हजारीबाग।** मटवारी स्थित कृष्णापुरी में होली से पहले अगजा के दिन एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। हुडहुडु बाबा पथ की रहने वाली रेखा भारती नाम की महिला अर्धनिर्मित अपार्टमेंट के नीचे अचेत अवस्था में पाई गई, जबकि उसका मासूम बच्चा वहीं खेल रहा था। दो दिन तक तड़पने के बाद अस्पताल में आखिरकार उसकी मौत हो गई। 13 मार्च की सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले स्थानीय लोगों ने सड़क किनारे बेसुध पड़ी महिला को देखा था। उसकी हालत गंभीर थी, लेकिन सबसे चौंकाने वाली बात यह थी कि उसके पास खेल रहा बच्चा कुछ भी बताने में असमर्थ था। स्थानीय लोगों ने तुरंत कोर्रा थाना पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने महिला और उसके बच्चे को सदर अस्पताल भिजवाया। जानकारी के मुताबिक, रेखा भारती जबरा पावर स्टेशन के पास किराये के मकान में रोहित नामक युवक के साथ रहती थी। वह रोहित से शादी करना चाहती थी, लेकिन उसकी ज़िंदगी की हकीकत इससे कहीं ज्यादा कड़वी थी।

मानवाधिकार से जुड़ी मनसा पांडेय ने बताया कि 11 मार्च को रेखा ने उनसे मदद की गुहार लगाई थी। रेखा के मुताबिक, रोहित उसे नशे की दवाइयां देता था और जबरन गलत काम करने को मजबूर करता था।

मनसा पांडेय ने आरोप लगाया कि 11 मार्च की रात चार लड़के रेखा से जबरन गंदा काम करवाने आए थे। उनकी टीम ने उन्हें रंगे हाथ पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वे भाग निकले। हालांकि, उनकी गाड़ी जब्त कर ली गई थी, जिसे पुलिस ने बाद में पैसे लेकर छोड़ दिया। इस घटना के बाद मकान मालकिन ने रेखा को घर से निकाल दिया। बेघर होने के बाद रेखा और उसका बच्चा पूरी रात घर के बाहर रहने को मजबूर हुए। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जो महिला जबरा रोड पर रहती थी, वह कृष्णापुरी गली नंबर 4 तक कैसे पहुंची? क्या उसे वहां लाया गया? उसके चेहरे पर चोट के निशान थे, क्या उसे बूरी तरह से मारा पीटा गया था? जिस जगह से उसे उठाया गया, वहां की दीवारों पर अब भी खून के धब्बे हैं। इधर इस मामले पर कोर्रा थाना प्रभारी शमशेर बहादुर ने बताया कि पुलिस ने यूडी केस दर्ज कर लिया है। उन्होंने यह भी कहा कि आरोप लगाना बहुत आसान है। अगर सही में उसके साथ गलत हुआ है तो थाने में लिखित आवेदन देकर साक्षय जमा करें कार्रवाई की जाएगी। अब सवाल यह है कि रेखा भारती की मौत एक साज़िश थी या दर्दनाक हादसा? क्या उसकी मदद के लिए कोई आगे आएगा? क्या उसके मासूम बच्चे को न्याय मिलेगा? या फिर यह मामला भी बाकी अनगिनत मामलों की तरह धुंध में खो जाएगा?

# चुटूपालू घाटी में ट्रेलर ने कई गाड़ियों में मारी टक्कर

### पहाड़ से भी टकराया ट्रेलर और लगी आग



**रामगढ़।** रामगढ़-रांची राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर पर चुटूपालू घाटी में एक अनियंत्रित ट्रेलर ने कई गाड़ियों में टक्कर मारी। उसकी टक्कर से उसके आगे चल रहा ट्रेलर पहाड़ से जा टकराया, जिससे उसमें आग लग गई। हालांकि भीषण सड़क हादसे में सभी गाड़ियों के ड्राइवर और खलासी बाल बाल बच गए। घाटी में ट्रेलर में अचानक आग लग जाने से अफरा तफरी मच गई। रविवार को मिली जानकारी के अनुसार ओड़िसा के राउरकेला से हिमाचल जा रहा ट्रेलर संख्या (एचआर69सी 9422) का अचानक घाटी में ब्रेक फेल हो गया। ट्रेलर के चालक ने कई वाहनों को बचाते हुए रोकने का प्रयास किया। इसी दौरान एक अन्य ट्रेलर संख्या (आरजे 36 जीए 5002 )को अपनी चपेट में लेते हुए गाड़ी मोड़ ली और चट्टान से जा टकराई। चट्टान से टकराने के बाद ट्रेलर में आग लग गई।घटना की सूचना मिलते ही रामगढ़ थाना के सब इंस्पेक्टर सलीम खान पहुंचे और घायल चालक और खलासी को सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां इन दोनों का उपचार किया गया।

**कई सड़क हादसों में 27 लोग घायल :** रामगढ़ थाना क्षेत्र में हाईवे पर सैनी होटल के समीप एक कार चट्टान से टकरा गई। इस हादसे में कार पर सवार चार लोग घायल हो गए। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने उनका इलाज सदर अस्पताल में कराया। इसके अलावा जिले में दो दिनों में विभिन्न स्थानों पर हुए सड़क हादसे में कुल 27 लोग घायल हो गए, जिनका इलाज सदर अस्पताल में हुआ।

### मनरेगा वेंडरों का होगा सत्यापन

**रामगढ़।** जिले के मनरेगा वेंडरों की भौतिक जांच होगी। इसे लेकर उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो ने जांच दल का गठन किया है। इसमें शामिल सदस्यों को छह प्रखंड के 149 वेंडरों की भौतिक जांच करनी है। इसके तहत मनरेगा अंतर्गत निबंधित सामग्री आपूर्तिकर्ता के दुकान और उपलब्ध सामग्री का विवरण, सामग्री आपूर्ति से संबंधित भौतिक सत्यापन होगा। साथ ही जांच दल को सहयोग का निर्देश दिया गया है। उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो ने जांच दल का गठन किया है। पदाधिकारी रामगढ़ को चितरपुर और रामगढ़ प्रखंड, जिला ग्रामीण विकास शाखा रामगढ़ परियोजना पदाधिकारी फनींद्र कुमार गुप्ता को पतरातू प्रखंड, जिला ग्रामीण विकास शाखा परियोजना पदाधिकारी अनुजा राणा को दुलमी प्रखंड, जिला ग्रामीण विकास शाखा रामगढ़ सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी विजय कुमार को मांडू और जिला ग्रामीण विकास शाखा रामगढ़ लेखपाल विद्यार्थी कर्मेंद्र अग्रणी को गोला प्रखंड आवंटित किया गया है।

### रामगढ़ जिला क्रिकेट सीनियर टीम घोषित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन ने रविवार को रामगढ़ जिला सीनियर टीमों की घोषणा की। रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष गिरधारी गोप, मानद सचिव अरुण कुमार राय के मौजूदगी में रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के सिलेक्टर सह कोच सुभोजित दत्ता, कोषाध्यक्ष एवं सिलेक्टर सूरज प्रसाद, कोच एवं सदस्य महेंद्र प्रसाद राणा ने पिछले एक सप्ताह तक शिविर के माध्यम से प्रशिक्षण देकर 15 सदस्यीय टीम का घोषणा की है। पतरातू में चल रहे पिछले एक सप्ताह से प्रशिक्षण शिविर का समापन रविवार को महुआ ग्राउंड लबगा में हुआ। घोषित टीम में कप्तान प्रभात कुमार महतो, उप कप्तान अभिषेक कुमार, हर्ष राणा, पीयूष यादव, सावंत कुमार, रोशन कुमार, मनीष कुमार, आदर्श गिरी, मो. सोहेल, दिव्यम राज, अरुनीसी राज, वामिक राजा, सौरभ सिंह एवं शुभम यादव सहित स्टैंड बाय में पांच सदस्यों को रखा गया। इसमें अनंत कुमार, अभिषेक आर्य, विवेक कुमार, कुमार कुशाग्र अजय मांझी शामिल हैं। वहीं रवि मुंडा को टीम मैनेजर बनाया गया है। सचिव अरुण कुमार राय ने बताया कि झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित रणधीर वर्मा क्रिकेट टूनार्मेंट 2024-25 में भाग लेने हेतु रामगढ़ जिला की टीम 17 मार्च को सुबह 10 बजे रामगढ़ फुटबॉल ग्राउंड से हजारीबाग के लिए रवाना होगी। प्रथम राउंड में रामगढ़ की टीम लीग मैच खेलेगी। टीम काफी बैलेंस और मेहनती है। उपाध्यक्ष गिरधारी गोप ने कहा कि आपकी मेहनत और अनुशासन ही आपको महान क्रिकेटर बना सकता है। रामगढ़ जिला आपको प्लेटफार्म दिया है। आप बेहतर प्रदर्शन करें। आपकी बेहतर प्रदर्शन से रामगढ़ जिला की टीम फाइनल तक तो खिलेगा ही साथ ही आपका परफॉर्म भी राज्य तक पहुंचेगी। इसके बाद आप राज्य के लिए खेल सकेंगे। हमारी शुभकामनाएं आपके साथ है आप बेहतर प्रदर्शन कर रामगढ़ जिला को एवं खुद का नाम रोशन करें।

### कुजू: जब्त वाहनों में फिर लगी आग



**कुजू।** कुजू पुलिस द्वारा कुजू चौक स्थित मस्जिद के सामने रखे गए जब्त वाहनों में शुक्रवार को एक बार फिर से आग लग गई। जिसके कारण कई वाहन जल गए। आग लगने की खबर के साथ लोगों का हुजूम घटनास्थल पर उमड़ पड़ा। वहीं सूचना पाकर ओपी प्रभारी मो.नौशाद तत्काल उक्त स्थल पहुंचे। साथ ही फायर ब्रिगेड को सूचना देते हुए स्थानीय लोगों के सहयोग से आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन आग बढ़ता ही चला गया. बाद में पहुंचे फायर ब्रिगेड की टीम ने पानी की बौछार कर आग को नियंत्रण में कर लिया। तब जाकर आसपास के दुकानदारों व निवासियों ने राहत की सांस ली। इससे पहले भी 2 बार जब्त कर रखे वाहनों में आग लग चुका है।

# भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल में धूमधाम से मनी होली

▸▸ **एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगा व गले मिलकर दी बधाई और लजीज व्यंजनों का लिया आनंद**





**भुरकुंडा।** कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार को धूमधाम से रंग व उमंगों का पर्व होली मनाया गया। हलांकि इस बार कहीं शुक्रवार को तो कहीं शनिवार को होली का त्योहार मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्रवासी दोनों दिन रंगों के त्योहार में सराबोर रहें। इसके पूर्व गुरूवार की रात्रि पुरोहित द्वारा पुरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर होलिका दहन कराया गया। होली के अवसर पर लोगों ने एक-दूसरे को जमकर रंग-अबीर लगाया। साथ ही एक-दूसरे के गले मिलकर होली पर्व की बधाई दी। इसके बाद लोग एक-दूसरे के घर जाकर विभिन्न प्रकार के लजीज व्यंजनों का आनंद उठाया। होली के अवसर पर कई जगहों पर मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जहां मटका फोड़ने वाले को उपहार देकर पुरस्कृत किया गया। इस दौरान होली के गीतों पर लोग देर रात तक नाचते-गाते दिखें। भुरकुंडा क्षेत्र के पटेलगनर, सुंदरनगर, जवाहरनगर, हुरूमगढ़ा, हॉस्पीटल कॉलोनी, रीवर साईड, सौन्दा डी, जयप्रकाश नगर, सौन्दा बस्ती, सेन्ट्रल सौन्दा, केके कोलियरी, बासल क्षेत्र के बलकुदरा, लबगा, रसदा, किन्नी, जराद, हरिहरपुर, नेतुआ, मेलानी व भदानीनगर क्षेत्र के लादी, चिकोर, मुहआ टोला, देवरिया, मतकमा, कुर्से, पाली, सांकी, निम्मी, सुद्दी आदि क्षेत्रों में शांतिपूर्ण व भाईचारगी माहौल में होली का पर्व संपन्न हुआ। विधि-व्यवस्था बनाये रखने में भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय गुप्ता, भदानीनगर ओपी प्रभारी ब्रहमप्रत कुमार व बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार दल-बल के साथ मुस्तैद रहे। होली के दौरान भुरकुंडा, भदानीनग व बासल की पुलिस सड़कों पर लगातार पेट्रोलिंग कर विधि-व्यवस्था को दुरूस्त करने में जुटी थी।

## एक नजर में

### मदीना मस्जिद में सौहार्द बिगाड़ने की साजिश, सीसीटीवी से हुआ खुलासा

**बरही।** कोनरा स्थित मदीना मस्जिद में रविवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब नमाजियों ने देखा कि मस्जिद के गेट पर बाहर से ताला लगा हुआ है। पहले तो लोगों को यह किसी बाहरी शरारती तत्व की करतूत लगी, लेकिन जब जांच हुई तो मामला कुछ और ही निकला। मस्जिद के बाहर ताला देखकर नमाजी परेशान हो गए और पूछताछ शुरू कर दी। संदेह के आधार पर मोहम्मद रज्जाक से सवाल किया गया, तो उसने बिना किसी प्रमाण के हिंदू समुदाय पर आरोप लगाने की कोशिश की। स्थिति को देखते हुए पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जब मस्जिद में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की, तो चौंकाने वाला सच सामने आया—ताला लगाने वाला कोई और नहीं बल्कि मोहम्मद रज्जाक खुद ही था। मस्जिद समिति के अध्यक्ष मोहम्मद नाजिर हुसैन ने बरही थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में मोहम्मद रज्जाक ने सफाई देते हुए कहा कि पहले उसे मस्जिद के अंदर बंद कर दिया गया था, इसलिए उसने भी बदले में ताला लगाया। हालांकि, समुदाय के लोगों का कहना है कि रज्जाक पहले भी इस तरह की हरकतों में शामिल रहा है और उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर आभाष कुमार ने बताया कि आरोपी से पूछताछ जारी है और मामले कीजांच के बाद उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है ताकि किसी भी तरह की सांप्रदायिक अशांति न फैल सके।

### कटकमदाग में शांतिपूर्वक मनी होली



**कटकमदाग।** फाल्गुन पूर्णिमा पर पूरे कटकमदाग प्रखंड में होली का पर्व धार्मिक और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ उल्लासपूर्वक संपन्न हुआ। गुरुवार रात 10:34 बजे पंडित श्री शिशिर कुमार पांडेय के नेतृत्व में विधिवत होलिका दहन किया गया। इसके बाद शुक्रवार और शनिवार को पूरे प्रखंड में होली की धूम रही। सुबह से ही लोग एक-दूसरे को गुलाल और अबीर लगाकर बधाई देते नजर आए। बच्चों ने भी रंगों के साथ जमकर होली खेली। महूडर, रेवाली, कूद, मसरातू, पसई, बानादाग, सलगांवा, कदमा और खपरियावां सहित कई गांवों में लोगों ने पारंपरिक अंदाज में त्योहार मनाया। दोपहर बाद ग्रामीणों ने मंदिरों में झाल-करताल, ढोलक और ताशे की थाप पर फगुआ गीत गाए और एक-दूसरे को रंग-अबीर लगाकर गले मिले।शाम को महिलाओं ने घर-घर जाकर एक-दूसरे को रंग लगाया, जबकि बच्चे टोली बनाकर पूरे दिन उत्साह में डूबे रहे। पूरे क्षेत्र में सौहार्दपूर्ण माहौल बना रहा। कटकमदाग थाना प्रभारी पंकज कुमार खुद क्षेत्र का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करते नजर आए, जिससे होली शांतिपूर्ण संपन्न हुई।

### चरही और चुरचू में धूमधाम से मनी होली

**चरही।** चरही कोयलांचल और चुरचू प्रखंड क्षेत्र में चरही, चनारो, सडवाहा, बहेरा, इंद्रा, जरवा, फुसरी, कजरी, तापिन, प्रेमनगर, डूमर, लारा सहित विभिन्न गांवों में होली का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। लोग सुबह से ही रंग-गुलाल लगाकर एक-दूसरे को बधाई दे रहे थे। हालांकि, चरही में कुछ असामाजिक तत्वों ने माहौल बिगाड़ने की कोशिश की। कुछ युवकों ने अर्धनग्न होकर सड़क पर होली खेली और राहगीरों को जबरन रंग, राख और गर्दा लगाया। बाइक सवारों के कपड़े फाड़ने की घटनाएं भी देखी गईं, जिससे लोग घरों से बाहर निकलने में असहज महसूस करने लगे। प्रशासन को इस पर कड़ी निगरानी रखनी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### बरही : सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

**बरही।** पंचमाधव जीटी रोड पर शुक्रवार की रात हुए भीषण सड़क हादसे में बुलेट बाइक पर सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। पंचमाधव गांव के पास एक अज्ञात वाहन से टकराने के बाद बाइक सवारों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा निमार्णाधीन अंडरपास के पास बने जिक-जैक मोड़ पर ओवरस्पीड के कारण हुआ। मृतकों की पहचान तुईयो बरकट्ठा निवासी पारा शिक्षक बीरेंद्र राणा (36) और उमाशंकर प्रसाद (21) के रूप में हुई। बीरेंद्र उत्क्रमित मध्य विद्यालय तुईयो में कार्यरत थे। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। इस घटना से पूरे गांव में मातम पसर गया। होली की खुशियां मातम में बदल गईं, और मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कटकमसांडी में हर्षोल्लास के साथ मनी होली

**कटकमसांडी।** पूरे प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार और शनिवार को होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बच्चों और युवाओं ने टोली बनाकर रंगों की इस अनूठी परंपरा का आनंद लिया। ढौठवा, आराभुसाई, रेबर, शाहपुर, बाझा एदला, कंडसार डांटो, कंचनपुर, पबरा, खुटरा, रोमी, पेलावल सहित कई गांवों में मटका फोड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। कई चौक-चौराहों पर डीजे की धुन पर युवाओं ने थिरकते हुए होली मनाई, जबकि बुजुर्गों की टोली पारंपरिक फगुआ गीतों पर झूमी। कहीं-कहीं कुर्ता फाड़ होली भी खेली गई, तो वहीं घरों में बने पकवानों का लोगों ने आनंद उठाया। छीट-फूट घटनाओं को छोड़कर प्रखंड में होली शांतिपूर्ण रही, और प्रशासन की सतर्कता से कोई बड़ी अप्रिय घटना नहीं घटी।

### कंप्यूटर ऑपरेटर नियुक्ति में मामले में सुनवाई आज

**रामगढ़।** पीएम पोषण योजना जिलास्तरीय मध्याह्न भोजन कोषांग रामगढ़ में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत ज्योति ममता किशोरिया मामले की सुनवाई एवं समीक्षा 17 मार्च को होगी। इसे लेकर जिला शिक्षा अधीक्षक रामगढ़ संजीत कुमार ने शिकायतकर्ता को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने निर्धारित तिथि पर दोपहर 2 बजे अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में पहुंच कर सभी दस्तावेज उपलब्ध कराने की बात कही है। सुनवाई को लेकर उपायुक्त सह अध्यक्ष जिलास्तरीय स्टीयरिंग कमेटी अध्यक्ष का आदेश प्राप्त होने की जानकारी दी गई है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग निदेशक झारखंड सरकार शशि रंजन ने 20 फरवरी को पत्र जारी किया है। इसमें उन्होंने उपायुक्त सह जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनेटरिंग कमेटी रामगढ़ को पूरे मामले की जानकारी दी। पत्र में उन्होंने कहा कि विभिन्न माध्यमों से जिलास्तरीय मध्याह्न भोजन कोषांग में पदस्थापित कंप्यूटर ऑपरेटर की नियुक्ति और मानदेय भुगतान में अनियमितता की सूचना प्राप्त है। झारखंड राज्य मध्याह्न भोजन प्राधिकरण स्तर से कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ हुई थी। समीक्षा के दौरान जिला स्तरीय इस मामले में सभी तथ्य और अभिलेख जिला स्तर पर उपलब्ध होने की जानकारी मिली। इसलिए मामले समीक्षा और निर्णय जिलास्तर से लिया जाना उचित प्रतीत हुआ। मामले की एक सुनवाई परिवादकर्ता और जिला शिक्षा अधीक्षक रामगढ़ की उपस्थिति में करवा कर पारित आदेश की प्रति प्राधिकरण कार्यालय को उपलब्ध कराने की बात कही।

# क्या फिर दब जायेगी उनकी आवाज?

रमेश सर्राफ धमोरा




भारत वह देश है जहां महिलाओं की सुरक्षा और इज्जत का खास ख्याल रखा जाता है। अगर हम 21वीं सदी की बात करें तो यहां की महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिला काम कर रही है। अब तो भारत की संसद ने भी महिलाओं के लिए लोकसभा व विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण का विधेयक पास कर दिया है। इससे आने वाले समय में भारत की राजनीति में महिलाओं की भूमिका अधिक महत्वपूर्ण होनी तय है। देश में महिलाओं को अब सेना में भी महत्वपूर्ण पदों पर तैनात किया जाने लगा है। यह महिला सशक्तीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है।

यहां महिलाओं को पुरुषों के बराबर अधिकार है। महिलायें देश की आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती हैं तथा विकास में भी बराबर की भागीदार हैं। आज के युग में महिला पुरुषों के साथ ही नहीं बल्कि उनसे दो कदम आगे निकल चुकी है। महिलाओं के बिना समाज की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। भारतीय संविधान के अनुसार महिलाओं को भी पुरुषों के समान जीवन जीने का हक है। भारत में नारी को देवी के रूप में देखा गया है। कहा जाता है कि जहां नारी की पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं। प्राचीन काल से ही यहां महिलाओं को समाज में विशिष्ट आदर एवं सम्मान दिया जाता है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस हर साल 08 मार्च 1911 से पूरे विश्व में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य महिलाओं की सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और राजनीतिक उपलब्धियों का जश्न मनाना है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2025 का थीम है- कार्रवाई में तेजी लाना।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के ताजा आंकड़ों के मुताबिक साल 2023 में भारत में महिलाओं के खिलाफ कुल 4,05,861 अपराध दर्ज किए गए। इनमें सबसे ज्यादा घरेलू हिंसा और यौन उत्पीड़न के मामले हैं। यह आंकड़े समाज में महिलाओं की सुरक्षा के प्रति समाज और परिवार की उदासीनता को दशार्ते हैं। 2022 में 4,45,256 मामले, 2021 में 4,28,278 मामले 2020 में 3,71,503 मामले दर्ज किए गए थे।

आंकड़ों के मुताबिक प्रति एक लाख आबादी पर महिला अपराध की दर 66.4 फीसदी रिकॉर्ड की गई। भारतीय दंड संहिता के तहत महिलाओं के खिलाफ सबसे ज्यादा 31.4 फीसदी जुर्म पति या उसके रिश्तेदारों की क्रूरता के हैं। इसके बाद अपहरण के 19.2 फीसदी, शील भंग करने के इरादे से हमले के 18.7 फीसदी और दुष्कर्म के 7.1 फीसदी मामले हैं। पिछले साल देश में जितने मामले सामने आए उनमें से 2,23,635 यानी 50 फीसदी उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश में दर्ज किए गए। उत्तर प्रदेश में 2021 में महिला अपराध के 56,083 और और 2020 में 49,385 मामले दर्ज किए थे। इसके बाद राजस्थान (40,738 और 34,535), महाराष्ट्र (39,526 और 31,954), पश्चिम बंगाल (35,884 और 36,439) और मध्य प्रदेश (30,673 और 25,640) रहे थे।

भारत में वर्षों से महिला सुरक्षा से जुड़े कई कानून हैं। इसमें हिंदू विडो रीमैरिज एक्ट 1856, इंडियन पीनल कोड 1860, मैटरनिटी बेनिफिट एक्ट 1861, क्रिस्चियन मैरिज एक्ट 1872, मैरिड वीमेन प्रॉपर्टी एक्ट 1874,चाइल्ड मैरिज एक्ट 1929, स्पेशल मैरिज एक्ट 1954, हिन्दू मैरिज एक्ट 1955, फॉरेन मैरिज एक्ट 1969, इंडियन डाइवोर्स एक्ट 1969, मुस्लिम वुमन प्रोटेक्शन एक्ट 1986, नेशनल कमीशन फॉर वुमन एक्ट 1990, सेक्सुअल हर्रास्मेंट ऑफ वुमन एट वर्किंग प्लेस एक्ट 2013 आदि। इसके अलावा 7 मई 2015 को लोक सभा ने और 22 दिसम्बर 2015 को राज्य सभा ने जुवेनाइल जस्टिस बिल में भी बदलाव किया है। इसके अन्तर्गत यदि कोई 16 से 18 साल का किशोर जघन्य अपराध में लिप्त पाया जाता है तो उसे भी कठोर सजा का प्रावधान है।

राष्ट्रीय महिला आयोग के आंकड़ों के मुताबिक 2023 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले में उत्तर प्रदेश सबसे आगे रहा। देश भर से पूरे साल में महिलाओं के खिलाफ अपराध की 28,811 शिकायतें मिलीं। इसमें 16 हजार से ज्यादा मामले उत्तर प्रदेश राज्य से आए । दूसरे नंबर पर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 2,411 मामले दर्ज किए गए। महाराष्ट्र में 1,343, बिहार में 1,312 और मध्य प्रदेश में 1,165 इतने मामले दर्ज किए गए हैं।

2023 के 12 महीने बाद जारी किए गए इस रिपोर्ट में महिलाओं के प्रति हो रहे अपराध में दहेज उत्पीड़न और दुष्कर्म जैसे अपराध दर्ज किए गए हैं। राष्ट्रीय महिला आयोग की यह रिपोर्ट महिलाओं के प्रति पुलिस की उदासीनता दिखाती है। आंकड़ों के मुताबिक देश भर में यौन उत्पीड़न के 805 मामले, साइबर अपराध के 605 मामले, पीछा करने की 472 मामले और सम्मान से जुड़े अपराध के खिलाफ 409 शिकायतें दर्ज कराई गईं। आंकड़ों के मुताबिक, महिलाओं के खिलाफ अपराधों में बलात्कार के मामले भी शामिल हैं। साल 2023 में बलात्कार और बलात्कार के प्रयास के 1,537 मामले दर्ज किए गए। इसके बाद गरिमा के अधिकार के तहत 8,540, घरेलू हिंसा के 6,274, दहेज उत्पीड़न के 4,797, छेड़छाड़ के 2,349,और महिलाओं के प्रति पुलिस की उदासीनता के 1,618 मामले दर्ज किए गए।

2023 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले 2022 की तुलना में कम हुए हैं। 2022 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 30,864 मामले दर्ज किए गए थे। जबकि 2023 में यह संख्या घटकर 28,278 हो गई। यह एक सकारात्मक संकेत है लेकिन अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। साल 2022 के बाद से शिकायतों की संख्या में कमी देखी गई है। जब 30,864 शिकायतें प्राप्त हुई थी, जो 2014 के बाद से सर्वाधिक आंकड़ा था। जहां तक बात महिलाओं की सुरक्षा की आती है तो पिछले कुछ वर्षों में भारत ने अभूतपूर्व निर्णयों से महिलाओं की सुरक्षा के लिए कई प्रबंध किए हैं। आज भारत में महिलाएं पहले की अपेक्षा ज्यादा सुरक्षित है।

हम एक तरफ महिलाओं को हर क्षेत्र में बराबरी का दर्जा देकर उन्हे आगे बढ़ा रहें है। वहीं दूसरी तरफ उनके साथ अत्याचार की घटनाओं में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है। आये दिन हमें महिलाओं के साथ बलात्कार, दुर्व्यवहार होने की घटनाये सुनने को मिलती रहती है।

ऐसी घटनाओं से महिला सशक्तीकरण के अभियान को धक्का लगता हैं। देश में महिलाओं के प्रति खराब होते माहौल को बदलने की जिम्मेदारी सिर्फ सरकार की ही नहीं अपितु हर आम आदमी की भी है। हम सभी को आगे आकर महिला सुरक्षा की लड़ाई में महिलाओं का साथ देना होगा तभी देश की मातृ शक्ति सर उठा कर शान से चल सकेगीं। अब महिलाओं को समझना होगा कि आज समाज में उनकी दयनीय स्थिति समाज में चली आ रही परम्पराओं का परिणाम है। इन परम्पराओं को बदलने का बीड़ा स्वयं महिलाओं को ही उठाना होगा। तभी समाज में उनके प्रति सोच बदल पाएगी।

**(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार**

## फोटो न्यूज



**देश में पहली बार हिमाचल की काजल राय सदाना भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट जज एडवोकेट जनरल पास आउट हुई हैं। भारतीय सेना की चेन्नई स्थित आफिसर एकेडमी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के दिन हुई पासिंग आउट परेड में काजल ने लेफ्टिनेंट जज एडवोकेट जनरल बनने का गौरव प्राप्त किया।**

**मैं कल्पतरू हूं। मैं दुर्लभ प्रजाति का वृक्ष हूं। राजधानी राजी के डोरंडा में आपके शहर रांची में । तस्वीरः अजय सानी की**







**धुर्वा डैम रांची के दिवार पर माही की तस्वीर बनाते युवा।**

**तस्वीर अजय सानी की**

# सरकारी जॉब को लेकर नजरिया बदलें

प्रशांत झा

**भारत** में सरकारी नौकरी का क्रेज हद से ज्यादा है लेकिन रिक्तियां सीमित हैं। यह नजरिया बदलने की जरूरत है। यूं भी सरकारी के मुकाबले निजी क्षेत्र में प्रोडक्टिविटी व ग्रोथ की दशाएं बेहतर हैं। उन्नत देशों में सरकारी क्षेत्र के बजाय निजी क्षेत्र की भूमिका प्रभावशाली रही है।

जिन देशों ने भी आर्थिक सफलता हासिल की है, जो देश आर्थिक महाशक्ति बने हैं, वे सरकारी नौकरियों की बदौलत नहीं बल्कि निजी क्षेत्र की नौकरियों के चलते आर्थिक महाशक्ति बने हैं। अमेरिका का उदाहरण देख लीजिए, यहां का सरकारी क्षेत्र बहुत छोटा है। अमेरिका को आर्थिक महाशक्ति बनाती हैं, यहां मौजूद निजी क्षेत्र की कंपनियां। वह यहां की निजी कंपनियों की बदौलत ही इस हैसियत में पहुंचा है। इसी तरह जर्मनी भी अगर यूरोप की आर्थिक महाशक्ति बन सका है, तो अपने निजी क्षेत्र के उद्योगों और इनकी निर्यात में भूमिका के कारण। जापान और दक्षिण कोरिया में विकास के मामले में बड़ी कारगर भूमिका निजी क्षेत्र की ही रही।

**आर्थिक ताकतों से लें सबक**

अगर भारत को भी दुनिया की आर्थिक ताकतों की विकास यात्रा से कोई सबक सीखना है, तो यही कि सरकारी नौकरियों पर हमें अपनी निर्भरता कम करनी होगी। हालांकि तमाम चाहतों के बावजूद भारत में सरकारी नौकरियां बढ़ने की बजाय लगातार घट रही हैं। सभी तरह की केंद्र और राज्य सरकारों की सारी नौकरियां कुल मिलाकर दो करोड़ भी नहीं हैं। करीब 1 करोड़ 77 लाख हैं और इनमें भी 30 से 35 लाख लोग हमेशा तय सीमा से कम होते हैं यानी सरकारी नौकरियों के 25 से 30 लाख तक पद आमतौर पर रिक्त रहते हैं।

**भारत में करोड़ों युवाओं का सपना**

ये आंकड़े हैरान कर सकते हैं कि भारत में हर समय करीब 3 से 4 करोड़ युवा सरकारी नौकरियों का सपना देख रहे होते हैं। एक एक हजार सरकारी नौकरियों के लिए 80-80 लाख लोग आवेदन करते हैं। सीमित सरकारी नौकरियों की लंबी चाह ने देश में लाखों युवाओं को ये नौकरियां न मिलने के कारण कुंठित-हताश कर दिया है। हर साल 500 से 1000 युवा नौकरियों की तलाश से लेकर भर्ती न हो पाने के चलते जीवन को लेकर अतिवादी कदम उठा लेते हैं।

**बदलावकारी कदम उठाने की जरूरत**

हम आर्थिक शक्ति या विकसित देश बन सकें, इसके लिए आखिर हमें क्या करना होगा? यह कहना शायद भारतीय मन को थोड़ा निराश करता है कि हममें से हर किसी को सरकारी नौकरी का सपना नहीं देखना चाहिए। लेकिन हमें यह **बदलावकारी कदम उठाना ही होगा।**

सरकारी कार्यसंस्कृति में सुधार

देश में सरकारी कार्यसंस्कृति में तुरंत सुधार लाना होगा। सरकारी कर्मचारियों को सिर्फ उत्पादक बनने के उपदेश नहीं देने होंगे बल्कि उन्हें इसके लिए जवाबदेह बनाना होगा। उन्हें निजी क्षेत्र के बराबर उत्पादक भी बनना होगा। अगर वाकई भारत को 2047 तक एक विकसित और खुशहाल देश बनना है व सरकारी तंत्र को अपनी अर्थव्यवस्था में एसेट का दर्जा देना है तो इसे अधिक प्रभावशाली व भ्रष्टाचार-लालफीताशाही से बिल्कुल मुक्त करना होगा।

**कुशलता और गतिशीलता**


सरकारी सेवाएं बेहद धीमी और निजी क्षेत्र के मुकाबले बहुत अकुशल हैं। अगर देश में डिजिटल गवर्नेंस और नवाचार को नई ऊंचाइयों तक ले जाना है तो सरकारी तंत्र को कुशल और नतीजा डिलिवरी करने वाला बनाना ही होगा। सरकारी सेवाओं को गतिशील बनाना भी बहुत जरूरी है।

**निजी क्षेत्र में समृद्धि**

सरकारी नौकरियों पर निर्भरता कम हो और निजी क्षेत्र न सिर्फ प्रतिस्पर्धी अपितु समृद्ध हों, इसके लिए सरकार को निजी क्षेत्र के बीच एक बेहद सकारात्मक संतुलन बनाना होगा।

# महात्मा गांधी कैसा राम राज्य चाहते थे?

जीवीएस शास्त्री



भारत में 'रामराज्य' शब्द के अर्थ को लेकर कई भ्रांतियां रही हैं। कई विद्वान इस शब्द के प्रयोग से बचते रहे हैं। लेकिन अब जबकि इस शब्द के अर्थ का नए सिरे से राजनीतिक दुरुपयोग हो रहा है और इसके एक संकीर्ण अर्थ को राजनीतिक रूप से स्थापित करने की अज्ञानतापूर्ण कोशिश हो रही है, तो ऐसी स्थिति में हमें गांधी के सपनों का वास्तविक 'रामराज्य' फिर से समझने की जरूरत है. ऐसा नहीं है कि स्वयं गांधीजी के समय में इस शब्द के प्रति भ्रांतियां नहीं थीं. कई मौकों पर खुद उन्हें इस पर स्पष्टीकरण देना पड़ा था. इसलिए विभिन्न अवसरों पर उनके रामराज्य संबंधी वक्तव्यों का पुनर्पाठ इस मायने में बहुत ही महत्वपूर्ण हो सकता है।

दांडी मार्च के दौरान ही ऐसी ही भ्रांतियों के निवारण के लिए उन्हें 20 मार्च, 1930 को हिन्दी पत्रिका 'नवजीवन' में 'स्वराज्य और रामराज्य' शीर्षक से एक लेख लिखना पड़ा था। इसमें गांधीजी ने कहा था- 'स्वराज्य के कितने ही अर्थ क्यों न किए जाएं, तो भी मेरे नजदीक तो उसका त्रिकाल सत्य एक ही अर्थ है, और वह है रामराज्य. यदि किसी को रामराज्य शब्द बुरा लगे तो मैं उसे धर्मराज्य कहूंगा. रामराज्य शब्द का भावार्थ यह है कि उसमें गरीबों की संपूर्ण रक्षा होगी, सब कार्य धर्मपूर्वक किए जाएंगे और लोकमत का हमेशा आदर किया जाएगा. ...सच्चा चिंतन तो वही है जिसमें रामराज्य के लिए योग्य साधन का ही उपयोग किया गया हो। यह याद रहे कि रामराज्य स्थापित करने के लिए हमें पाण्डित्य की कोई आवश्यकता नहीं ह। जिस गुण की आवयकता है, वह तो सभी वर्गों के लोगों- स्त्री, पुरुष, बालक और बूढों- तथा सभी धर्मों के लोगों में आज भी मौजूद ह। दु?ख मात्र इतना ही है कि सब कोई अभी उस हस्ती को पहचानते ही नहीं हैं। सत्य, अहिंसा, मर्यादा-पालन, वीरता, क्षमा, धैर्य आदि गुणों का हममें से हरेक व्यक्ति यदि वह चाहे तो क्या आज ही परिचय नहीं दे सकता?'

इससे पहले अहसहयोग आंदोलन के दौरान 22 मई, 1921 को गुजराती 'नवजीवन' में महात्मा गांधी लिख चुके थे -'कुछ मित्र रामराज्य का अक्षरार्थ करते हुए पूछते हैं कि जब तक राम और दशरथ फिर से जन्म नहीं लेते तब तक क्या रामराज्य मिल सकता है? हम तो रामराज्य का अर्थ स्वराज्य, धर्मराज्य, लोकराज्य करते हैं. वैसा राज्य तो तभी संभव है जब जनता धर्मनिष्ठ और वीर्यवान बने. ...अभी तो कोई सद्गुणी राजा भी यदि स्वयं प्रजा के बंधन काट दे, तो भी प्रजा उसकी गुलाम बनी रहेगी। हम तो राज्यतंत्र और राज्यनीति को बदलने के लिए प्रयत्न कर रहे हैं; बाद में हमारे सेवक के रूप में अंग्रेज रहेंगे या भारतीय हमें इसकी चिंता नहीं करनी पड़ेगी. हम अंग्रेज जनता को बदलने का प्रयास भी नहीं करते. हम तो स्वयं अपने-आप को बदलने का प्रयास कर रहे हैं।'

अपने अर्थों वाले रामराज्य के निर्माण में महिलाओं की भागीदारी अनिवार्य बताते हुए 16 जनवरी, 1925 को महिलाओं की एक विशेष सभा में महात्मा गांधी ने कहा था - '...मैं सदा से कहता आया हूं कि जब तक सार्वजनिक जीवन में भारत की स्त्रियां भाग नहीं लेतीं, तब तक हिन्दुस्तान का उद्धार नहीं हो सकता. लेकिन सार्वजनिक जीवन में वही भाग ले सकेंगी जो तन और मन से पवित्र हैं। जिनके तन और मन एक ही दिशा में - पवित्र दिशा में चलते जा रहे हों, जब तक ऐसी स्त्रियां हिन्दुस्तान के सार्वजनिक जीवन को पवित्र न कर दें, तब तक रामराज्य अथवा स्वराज्य असंभव ह। यदि ऐसा स्वराज्य संभव भी हो गया, तो वह ऐसा स्वराज्य होगा जिसमें स्त्रियों का पूरा-पूरा भाग नहीं होगा, और वह मेरे लिए निकम्मा स्वराज्य होगा।'

आज रामराज्य को एक खास धार्मिक संप्रदाय से जोड़ा जा रहा ह। गांधी के समय भी ऐसा प्रयास हुआ था. इसका जवाब देते हुए 26 फरवरी, 1947 को एक प्रार्थना-सभा में महात्मा गांधी ने कहा था - 'जिस आदमी की कुर्बानी की भावना अपने संप्रदाय से आगे नहीं बढती, वह खुद तो स्वार्थी है ही, वह अपने संप्रदाय को भी स्वार्थी बनाता है।...मैंने अपने आदर्श समाज को रामराज्य का नाम दिया ह। कोई यह समझने की भूल न करे कि राम-राज्य का अर्थ है हिन्दुओं का शासन. मेरा राम खुदा या गॉड का ही दूसरा नाम ह। मैं खुदाई राज चाहता हूं जिसका अर्थ है धरती पर परमात्मा का राज्य. ...ऐसे राज्य की स्थापना से न केवल भारत की संपूर्ण जनता का, बल्कि समग्र संसार का कल्याण होगा।'

25 मई, 1947 को एक साक्षात्कार में महात्मा गांधी ने आर्थिक असमानता को रामराज्य के लिए खतरा बताते हुए कहा था - 'आज आर्थिक असमानता है। समाजवाद की जड़ में आर्थिक असमानता ह। थोड़ों को करोड़ और बाकी लोगों को सूखी रोटी भी नहीं, ऐसी भयानक असमानता में रामराज्य का दर्शन करने की आशा कभी न रखी जाए. इसलिए मैंने दक्षिण अफ्रीका में ही समाजवाद को स्वीकार कर लिया था. मेरा समाजवादियों से और दूसरों से केवल यही विरोध रहा है कि सभी सुधारों के लिए सत्य और अहिंसा ही सर्वोपरि साधन हैङ्क' प्रश्नकर्ता ने इस पर तपाक से गांधी से दूसरा सवाल पूछा - 'आप कहते हैं कि शासक, जमींदार और पूंजीपति केवल संरक्षक (ट्रस्टी) बनकर रहें. क्या आप इनलोगों से यह उम्मीद करते हैं कि ये अपनी प्रवृत्ति बदलेंगे?'

इस पर महात्मा गांधी का जवाब था - '...यदि वे लोग अपने आप संरक्षक नहीं बने तो समय उन्हें बनाएगा या फिर उनका नाश हो जाएगा. जब पंचायत-राज (सही मायनों में) बनेगा, तब लोकमत सब कुछ करवा लेगा. जमींदारी, पूंजी अथवा राजसत्ता की ताकत तब तक ही कायम रह सकती है, जब तक आम लोगों में अपनी ताकत की समझ नहीं होती. लोग अगर रूठ गए तो राजसत्ता, पूंजीपति या जमींदार क्या कर सकता है?'

दाशरथि राम के विजयोत्सव के शोर में सुधिजन समझें और समझाएं कि तुलसीदास और महात्मा गांधी के अर्थों वाला वास्तविक रामराज्य कैसे और कब आएगा!

## ई है टाटा नगरिया, देख बबुआ...



देश के नामी बिजनेस स्कूल एक्सएलआरआई,जमशेदपुर कैंपस में छात्र-छात्राओं ने जम कर होली खेली। पूरा कैंपस रंग-अबीर खेलते छात्र-छात्राओं से गुलजार रहा।

# महिला सहकारी संगठन: आर्थिक-सामाजिक सशक्तिकरण का उत्प्रेरक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** संयुक्त राष्ट्र महिला स्थिति आयोग (यूएनसीएसडब्लू) की ओर से 13 को चेन्नई में एक समानांतर कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में वर्किंग वुमेन्स फोरम (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) और इंडियन कोऑपरेटिव नेटवर्क फॉर वुमन (आइसीएनडब्ल्यू) की उल्लेखनीय यात्रा को प्रदर्शित किया गया। इस आयोजन में दिखाया गया कि भारत की गरीब महिलाएं सहकारी मॉडल के माध्यम से कैसे वैश्विक नेतृत्व तक पहुंची और आर्थिक और सामाजिक चुनौतियों को पार कर उद्यमी, ट्रेड यूनियन नेता और नागरिक समाज की अग्रणी बनीं। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-आइसीएनडब्लू की अध्यक्ष डॉ नंदिनी आजाद ने महिलाओं की एकजुटता, संघों के संदेश के साथ प्रतिभागियों का स्वागत किया। उन्होंने प्रसिद्ध तमिल कवि महाकवि सुब्रमण्यम भारती के प्रेरणादायक शब्दों और साहस के गीत से कार्यक्रम की शुरूआत की। यह अनौपचारिक क्षेत्र की महिलाओं के लिए



आशा और दृढ़ता का प्रतीक था।

यह पांचवीं बार था जब यूएनएससीडबलू का आयोजन चेन्नई (तमिलनाडु) में हुआ। यह आंदोलन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला शहर है। पिछले महीने, संयुक्त राष्ट्र सामाजिक विकास आयोग ने सहकारी समितियों पर एक विशेष ऑनलाइन साइड इवेंट के माध्यम से डब्लूडब्लूएफ और आइसीएनडब्ल्यू को मान्यता दी। उनके प्रभाव को उजागर किया गया। इस आयोजन में चार दक्षिण भारतीय राज्यों की 13 सहकारी शाखाओं के सदस्यों ने भाग लिया। सभी ने अपने आर्थिक सशक्तिकरण की यात्रा साझा की। आज, महिलाएं अंतर्राष्ट्रीय सहकारी आंदोलनों में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। अनौपचारिक सेक्टर में लैंगिक समानता और सहकारी विकास की वकालत कर रही हैं और गरीब महिलाओं के लिए वित्तीय और सामाजिक सम्मान सुनिश्चित कर रही हैं।

इंटरनेशनल रैफाइजन यूनियन के महासचिव एंड्रियास कैपेस ने लैटिन अमेरिका और अफ्रीका के सफल सहकारी मॉडल को उजागर किया। समारोह में उन सूक्ष्म उद्यमियों के वीडियो केस स्टडीज प्रस्तुत किये गये जिन्होंने छोटे ऋण लेकर अपने व्यवसाय खड़े किये और दूसरों को रोजगार दिया। प्रतिष्ठित जया अरुणाचलम पुरस्कार डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-आइसीएनडब्ल्यू के समर्थन से आर्थिक रूप से उन्नति करने वाली महिलाओं को सम्मानित करने के लिए प्रदान किया गया। वर्ल्ड फार्मर्स ऑर्गनाइजेशन (इटली) की मारिया जूलिया डी कास्त्रो ने कृषि सहकारी समितियों में महिलाओं की भूमिका और संयुक्त राष्ट्र एवं जी-20 जैसे वैश्विक मंचों में आइसीएनडब्ल्यू के योगदान को रेखांकित किया।

## स्पीड न्यूज

### रविदास भवन,शास्त्रीनगर में बसपा के संस्थापक कांशीराम की जयंती मनायी

**जमशेदपुर।** रविदास भवन शास्त्री नगर कदमा में दिनांक 15 मार्च 2025 को मान्यवर कांशीराम जी की जयंती मनाई गई। उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके मिशन को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया। बैठक में महाबोधि मंदिर बोधगया में चल रहे आन्दोलन की चर्चा हुई।बौद्ध मंदिर को ब्राह्मण मुक्त कराने वाले आन्दोलन का समर्थन किया गया। माननीय सरयू रविदास बोधगया दिनांक 9 मार्च को जाकर स्थिति का जायजा लेकर आए हैं। रविदास समाज का एक प्रतिनिधिमंडल शीघ्र धरनें में सामिल होने बोधगया प्रस्थान करेगा।चल रहे आंदोलन को तन मन और धन से सहयोग किया जाएगा। बैठक में माननीय हरिबलक प्रसाद, विश्राम राम, श्यामलाल, रामजी, प्रकाश चन्द्र, विद्या राम,शोभा देवी, हरेंद्र कुमार और सुदीश कुमार आदि लोग उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन राम जी किये।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली मिलन समारोह का आयोजन

**जमशेदपुर।** सृष्टि महिला विकास सहयोग समिति लिमिटेड की अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय भ्रष्टाचार नियंत्रण एवं जनकल्याण संगठन की वरिष्ठ उपनिदेशक, समाजसेवी श्रीमती रानी गुप्ता के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। शुक्रवार को बाडीडीह स्थित उनके आवासीय कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान दूर दरार से समाज के विभिन्न वर्गों की सैकड़ो महिलाएं उत्साहपूर्वक भाग लिए। समारोह में उपस्थित कामकाजी महिलाओं के साथ गृहिणियों ने भी सक्रिय भागीदारी की।जिससे समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित हुई।मौके पर श्रीमती रानी गुप्ता ने होली मिलन समारोह में उपस्तित सभी महिलाओं को संस्था की ओर से ढेर सारी बधाई व शुभकामनाएं दी।

# ब्राउन सुगर कारोबारी अफसर अली की गोली मार कर हत्या

## सीतारामपुर डैम के पास रु. के बंटवारे के क्रम में हुआ विवाद, दोस्तों ने ही मार दी गोली

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** ब्राउन सुगर का कुख्यात व्यापारी अफसर अली की हत्या गोली मार कर दी गई है। उसका शव सरायकेला-खरसावां जिले के सीतारामपुर डैम के पास मिला है। अफसर अली दम तोड़ने से पूर्व नशे में धूत था। ऐसी संभावना व्यक्त की जा रही है के अफसर अली की हत्या उसके साथी ड्रग पैडलर्स ने की है। ब्राउन सुगर की बिक्री से हासिल पैसे के बंटवारे को लेकर हुए विवाद के पश्चात अली की हत्या की गई है। बताया जा रहा है कि गत शुक्रवार की शाम अफसर अली आदित्यपुर मुस्लिम बस्ती से अपने साथियों संग सीतारामपुर डैम की ओर गया था जहां उनके बीच विवाद हुआ। विवाद होने पर साथियों ने अफसर अली को गोली मार दी। गोली चलने की सूचना पर पुलिस सीतारामपुर डैम पहुंची और अफसर अली को घायल समझ कर एमजीएम अस्पताल भेजा जहां रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। मालूम हो कि अफसर अली कुख्यात अपराधी रतन लोहार का साला था। रतन लोहार की हत्या भी बीते दिनों कर दी गई थी। ब्राउन सुगर की बिक्री को लेकर अफसर अली कई बार जेल जा चुका है। उसकी पत्नी सलमा ड्रग पेडलर के रुप में अभी भी जेल में है। ब्राउन सुगर के अवैध कारोबार को आदित्यपुर मुस्लिम बस्ती से लेकर जमशेदपुर और आस-पास की बस्तियों में फैलाने में अफसर अली और उसके परिवार की अहम भूमिका रही है।

### खुशियों के विविध रंगों के साथ वरिष्ठ नागरिक ने मनाया होली

**जमशेदपुर।** रंग, उमंग, प्रेम, उल्लास और सामाजिक समरसता के महापर्व होली के अवसर पर वरिष्ठ नागरिक सह मॉर्निंग वॉकर्स ग्रुप कदमा के सदस्यों ने कदमा सोनारी लिंक रोड गोलचक्कर के समीप रंग-बिरंगी त्योहार को हर्षोल्लास के साथ मनाया। मौके पर सदस्यों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी एवं मुँह मीठा कर खुशियां मनायी वहीं दूसरी ओर भाईचारगी एवं एकजुटता के साथ सभी के जीवन खुशियों के विविध रंगों से परिपूर्ण होने का संदेश दिया। इस अवसर पर भरत भूमिज, रामदेव जी, एस एन मित्रा, श्रीकांत देव, गुलशन सहगल, अजय श्रीवास्तव, एल एस दास, ए के राय, एस एस दास, गणेश चौधरी, लखी महतो, शंभू सरदार, धीरेन गोराय, विनोद सिंह, एच एन ठाकुर, जी सी दास, अरुण के साथ कई लोग उपस्थित थे।

## एक नजर में

### गायत्री परिवार का होली मिलन समारोह भालूबासा में संपन्न



**जमशेदपुर ।** हमें शक्ति दो मां, हमें भक्ति दो मां। धन्य हैं जिंदगी ये हमारी नाथ पा कर सहारा तुम्हारा, वृंदावन में उड़े गुलाल कहियो नंदरानी से , शिव खेलेले होली जटा खोली, सरीखे गीतों से सराबोर हुआ *गायत्री ज्ञान मंदिर भालूबासा* में आयोजित होली मिलन समारोह जो नवयुगदल और प्रज्ञा महिला मंडल के तत्वाधान में आयोजित किया गया था जिसमे सभी कार्यकताओं ने एक दूसरे पर फूल बरसा कर एवं गुलाल लगाकर अपनी शुभकामनाएं दी, साथ ही साथ आगामी *23 मार्च को होने वाले 59 वे रक्तदान शिविर* के सफलता हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### आदिवासी हो समाज बेनाशोल ने धूमधाम से मनाया मागे पर्व

**जमशेदपुर।** आज आदिवासी हो समाज बेनाशोल की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बहुत उत्साह एवं उल्लास के साथ बेनाशोल मागे मिलन समारोह का आयोजन बेनशोल पंचायत मंडप में किया गया। मागे पर्व के मुख्य अतिथि के रुप में आदिवासी हो समाज महासभा जिला पूर्वी सिंहभूम रायमुल बान्डरा, विशिष्ट अतिथि मानकी मुंडा संघ जिला समिति पूर्वी सिंहभूम के जिलाध्यक्ष रोशन पुरती ,प्रो०सोमनाथ पाडेया, कृष्णा लोहार एवं छोटू राम उपस्थित थे। अति सम्मानित अतिथि के रूप में बेनाशोल पंचायत की मुखिया सुखमनी हेंब्रम की गरिमामय उपस्थिति में मागे मिलन समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर रायमूल बान्डरा ने कहा- हो समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मागे पर्व के नाच गान के साथ पर्व के धार्मिक एवं आध्यात्मिक पक्ष को भी वर्तमान पीढ़ि को समझने की जरूरत है। रोशन पूर्ति ने कहा- उच्चत्तर शिक्षा हासिल कर आर्थिक रुप से मजबूत होकर समाज को अहम योगदान दें ताकि हो समाज आर्थिक रूप मजबूत हो सके। प्रो० सोमनाथ पाड़ेया ने कहा- हो समाज के लिए मागे पर्व प्राकृति का सबसे पावन पर्व है। मागे पर्व मानव उत्पति के लिए मनाया जाता है। इसके लिए हम सभी सिंहबोंगा/ईश्वर को धन्यवाद देते है। आदिवासी हो समाज बेनाशोल के मागे मिलन समारोह आयोजन समिति के अध्यक्ष श्री राम बानरा ने सफलतापूर्वक आयोजन किया।

### मुस्लिम समाज के लोगों ने अनुमंडल पदाधिकारी को दी होली की बधाई

**जमशेदपुर।** रंगों का त्यौहार होली पूरे भारतवर्ष में बड़े हे धूम धाम से मनाया जाता है जिसमें लोग एक दूसरे को रंग लगा कर उत्साह मनाते है इसी अवसर पर जमशेदपुर के मुस्लिम समाजसेवियों की एक टीम जिसमे मानगो नगर निगम के ब्रांड एंबेसडर मुख्तार आलम खान,गुरुद्वारा कमिटी के सरदार गुरु चरण सिंह,ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के ट्रस्टी सैयद आसिफ अख्तर,आजादनगर थाना शांति समिति के अफताब आलम,मोहम्मद नूर आलम ने मिल कर धालभूम की अनुमंडल पदाधिकारी श्री शताब्दी मजूमदार,आजादनगर थाना प्रभारी चंदन कुमार,मांगो थाना प्रभारी नीतीश कुमार को फूलों का गुलदस्ता देकर होली की बधाई दी और इतने बड़े त्योहार के अवसर पर शहर में शांतिपूर्वक होली मनाए जाने पर प्रशासन के द्वारा मजबूत लॉ एंड ऑर्डर के लिए पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त श्री अनन्य मित्तल एवं एसएसपी श्री किशोर कौशल को खास धन्यवाद दिय।

## जनवादी लेखक संघ का होली मिलन समारोह संपन्न



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** रविवार संध्या 5:00 बजे से मानगो गौड़ बस्ती स्थित बुद्धा एकेडमी स्कूल में जनवादी लेखक संघ, सिंहभूम का होली मिलन समारोह संपन्न हुआ । इस अवसर पर जनवादी लेखक संघ के सदस्य तथा शहर के अन्य कवि भी मौजूद थे । कार्यक्रम की अध्यक्षता जलेस, सिंहभूम के अध्यक्ष अशोक शुभदर्शी ने की । कार्यक्रम में गीत, गजलों की बौछार अंत तक होती रही ।

सबसे पहले होली के अवसर पर जलेस के साथियों ने अपने विचार व्यक्त किये । जलेस, सिंहभूम के साथी डी.एन.एस आनंद ने होली के वैज्ञानिक पक्ष पर चर्चा करते हुए अपनी बातें रखी । वरिष्ठ सदस्य शैलेंद्र अस्थाना ने होली को पर्व की जगह त्योहार कहा ।उन्होंने बताया कि होली प्रकृति से जुड़ा हुआ त्योहार है और इसमें सामूहिकता का बोध होता है । यह एक ऐसा त्योहार है जिसमें हर समुदाय समान रूप से सम्मिलित होता है । उसके बाद एक कवि सम्मेलन के रूप में कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया । साथियों ने अपनी कविताओं, गीतों और गजलों से महफिल जमाये रखी । होली के मौके से इतर भी कई तरह की रचनाएं कवियों ने सुनाई जिनमें वर्तमान संदर्भों और तात्कालिक परिस्थितियों पर करारा प्रहार किया गया ।

कार्यक्रम में निशांत, अजय महताब, वरुण प्रभात, विमल किशोर विमल, काशीनाथ प्रजापति, रमेश हंसमुख, विनोद बेगाना, ज्योत्सना अस्थाना, सुरेश दत्त पांडे, नजीर अहमद नजीर, श्यामल सुमन, अशोक शुभदर्शी तथा शैलेंद्र अस्थाना आदि ने अपनी कविताओं, गीतों तथा गजलों का पाठ किया ।

## टाटा स्टील कर्मचारियों ने वृद्धाश्रम में होली मनायी, जरूरत का सामान दान किया

### सेवा और संकल्प से समाज के प्रति समर्पण दिखा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**भुवनेश्वर/जमशेदपुर।** अपनों के स्नेह से वंचित बुजुर्गों के चेहरों पर मुस्कान लाने और उनका दर्द बांटने के उद्देश्य से, टाटा स्टील के फेरो एलॉयज एंड मिनरल्स डिवीजन (एफएएमडी) के कर्मचारियों ने राज्य की राजधानी स्थित स्नेहा मंदिर वृद्धाश्रम का दौरा किया और वहां के निवासियों के साथ कुछ यादगार पल बिताए।



वृद्धाश्रम में एफएएमडी के ईआइसी पंकज सतीजा व टीम।

स्वयंसेवा की भावना के साथ, टाटा स्टील के कर्मचारियों ने वृद्धाश्रम के बुजुर्गों को राशन, फल और जरूरी सामान भेंट किए। उन्होंने न केवल उनके साथ समय बिताया, बल्कि उनकी कहानियाँ सुनकर, उनकी भावनाओं को समझकर, उन्हें अपनापन और स्नेह का एहसास कराया। संयोगवश, यह दौरा होली के अवसर पर हुआ, और कर्मचारियों ने बुजुर्गों के साथ रंगों की खुशियाँ भी साझा कीं। रंगों में सराबोर होते ही उनके चेहरे पर जो मुस्कान खिली, वह इस मिलन की सबसे खूबसूरत याद बन गई।

इस नेक पहल पर अपने विचार व्यक्त करते हुए पंकज सतीजा, एग्जीक्यूटिव-इन-चार्ज, एफएएमडी, ने कहा, 2050 तक भारत में बुजुर्गों की जनसंख्या 20% से अधिक हो जाएगी, और जब हम 'विकसित भारत' की दिशा में बढ़ रहे हैं, तब इन बुजुर्गों के योगदान को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। चाहे व्यक्तिगत रूप से हो या संस्थागत स्तर पर, हम सभी उनके कल्याण के लिए योगदान दे सकते हैं। ऐसी छोटी-छोटी पहल और संवेदनशील जुड़ाव समाज में एक बड़ा सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।

यह स्वयंसेवी पहल कंपनी की उस व्यापक प्रतिबद्धता का हिस्सा है, जो समाज को लौटाने की संस्कृति को मजबूत बनाने के लिए प्रयासरत है। यह न केवल संगठन और कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों को दशार्ता है, बल्कि समाज पर सकारात्मक प्रभाव छोड़ने की दिशा में कंपनी की संवेदनशीलता और समर्पण को भी रेखांकित करता है। कंपनी के कर्मचारियों द्वारा दान किए गए सामान में चावल, दाल, तेल, चीनी, स्वच्छता सामग्री और विभिन्न प्रकार के फल शामिल थे, जिससे बुजुर्गों को पोषक आहार और आवश्यक सुविधाएं मिल सकें।

# सालपियाल पोलास बोने..., भालो बेसेछीली सुदु तोके....

## राज्य स्तरीय बंगीय उत्सव- 2025 का बिष्टुपुर में भव्य आयोजन, झारखंडभर से जुटे कलाकार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** झारखंड में बांग्ला भाषा संस्कृति को संजोए राज्य स्तरीय बंगीय उत्सव 2025 का भव्य आयोजन 16 मार्च 2025 को बिष्टुपुर गोपाल मैदान में किया गया। यह आयोजन बंगीय उत्सव समिति के तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। भव्य उत्सव में झारखंड के कोने-कोने से कलाकार, साहित्यकार और दर्शक जुटे । इस उत्सव के पहले सत्र में अतिथि के रूप में राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन, हाता माताजी आश्रम के बिनय बाबाजी, पूर्व विधायक कुणाल शरांगी, उत्सव समिति के चेयरमैन पार्थ सारथी चटर्जी, अध्यक्ष अमित कुमार पत्रों, कार्यकारी अध्यक्ष अपर्णा गुहा, इंद्रजीत, पुरवी घोष, अंशु सरकार, प्रकाश मुखर्जी, महासचिव उत्तम गुहा ने द्वीप



बंगीय उत्सव का उद्घाटन करते झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार।

प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि भाषा संस्कृति को बचाने में समाज के लोगो को आगे आने की जरूरत है। समाज के लोग अपने बच्चो को मातृ भाषा में पढ़ने में आगे आए। वर्तमान सरकार मातृभाषा में पठन पाठन की व्यवस्था में अग्रसर है। बंगला भाषा की पढ़ाई की व्यवस्था भी की जारी है। चेयरमैन पार्थ सारथी चटर्जी ने स्वागत भाषण, अपर्णा गुहा ने बंगबंधु उपलब्धिया लोगों के समक्ष रखा। विभिन्न जिलों से आए कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन किए ।

इस अवसर पर युगपुरुष सम्मान से सम्मानित अंशु सरकार और उनकी टीम द्वारा रोग मुक्ति व स्वस्थ रहने के लिए भुजंगासन नोकसान अर्धमासचन्द्रासना ससंगासना, एकपदसिकासन सहित 27 योगासन पदर्शित किया गया। चाईबासा के कलाकार अपनी पारंपरिक नृत्य शैली से समां बंधे रखा। प्रसिद्ध बांसुरी वादक अशोक दास और माउथ ऑर्गन वादक विकास कुमार शीट की जुगलबंदी दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। चास बोकारो के योग यौगिक आसन मुद्रा स्वावलंबी विद्यापीठ पुकुंकी आश्रम के मंडली द्वारा योग व आध्यात्मिक संगीत की प्रस्तुति की गई। रांची के सजल बनर्जी व उनकी टीम द्वारा संगीतमय प्रस्तुति दी गई। मानभूम पुरुलिया के कुंदन कुमार ने स्वर्ग उपरे..., रसियन लुक..., अंचल ढाका..., व कनिका कर्मकार ने सालपियाल पोलास बोने..., भालो बेसेछीली सुदु तोके... आदि राड बांग्ला संगीत की प्रस्तुति से कार्यक्रम स्थल का समा बांध दिया।

दूसरे सत्र की उद्घाटन राज्य विधानसभा के स्पीकर रवींद्रनाथ महतो, झामुमो के महा सचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने किया। बंगीय उत्सव समिति के पेट्रोन अंशुमान चौधुरी, अध्यक्ष अमित कुमार पत्रों, कार्यकारी अध्यक्ष अपर्णा गुहा, शुभंकर चटर्जी, पूरबी घोष, इंद्रजीत घोष, महासचिव उत्तम गुहा आदि द्वारा एक बांग्ला भाषा के उत्थान के लिए मांग पत्र दिया गया। रवींद्रनाथ महतो ने कहा कि बंगला भाषा के साथ क्षेत्रीय भाषाओं को भी साथ लेकर चले। बंगला एक समृद्ध भाषा है। आप सभी बंगला भाषा हर छेत्र में बोलचाल में लाए।पूर्व विधायक कुणाल सारंगी द्वारा बांग्ला गीत एटा कि बेला बोस... प्रस्तुत किए।

जमशेदपुर के सौमी बोस, संदीप बोस, सुदीप्ता दास व उनकी टीम द्वारा वसंत ऋतु के थीम पर कथक व रबिन्द्र संगीत पर नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी। स्टार जलसा सुपर स्टार फेम रांची की अंकिता बसु बनर्जी ने छुपी छुपी सोव गोलपेरा.., भालोबेसे सोखी निभृते जोतने..., अबूझ मोन बोझेना करोन... और उनके साथ एवं ए.आर. हार्ट बिट्ज के राणा बनर्जी ने संगत किया। संध्या में बांग्ला लोकगीत गायिका पौशाली बनर्जी की मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुति से हजारों की भीड़ को बंधे रखा

इस भव्य आयोजन में झारखंड के सभी जिलों से हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। यह उत्सव न केवल बंगाली समुदाय के लिए बल्कि झारखंड की समग्र सांस्कृतिक विरासत के लिए भी एक महत्वपूर्ण अवसर साबित हुआ। आयोजन समिति ने इस उत्सव को यादगार बनाने के लिए सेल्फी पॉइंट, फूड फेस्टिवल सहित बिभिन्न तरह की बांग्ला संस्कृति की समृद्ध स्टाल लगाया गया था।

# बीसीसीआइ की चिकित्सा टीम के प्रमुख की इस्तीफा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआइ) के सेंटर आफ एक्सीलेंस (सीओई, पहले एनसी राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) के स्टाफ में आने वाले कुछ महीनों में कुछ बदलाव हो सकते हैं क्योंकि खेल विज्ञान और चिकित्सा टीम के प्रमुख नितिन पटेल ने हाल ही में लगभग तीन साल के सफल कार्यकाल के बाद अपना इस्तीफा दे दिया है। पटेल इस पर टिप्पणी के लिए उपलब्ध नहीं थे, लेकिन बीसीसीआइ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस बात की पुष्टि की कि एनसीए के सबसे वरिष्ठ कर्मचारियों में से एक नितिन ने वास्तव में अपना पद छोड़ दिया है। बीसीसीआइ के एक वरिष्ठ सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, हां, नितिन ने स्पोर्ट्स साइंस और मेडिकल टीम के प्रमुख पद से इस्तीफा दे दिया है। नितिन का बीसीसीआइ के साथ बहुत अच्छा कार्यकाल था। उन्होंने एनसीए में स्पोर्ट्स साइंस और मेडिकल टीम के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सूत्र ने कहा, पिछले कुछ वर्षों में सबसे अच्छी बात यह रही कि जब भी कोई खिलाड़ी चोटिल होने पर उपचार के लिए यहां आता था तो पूरी तरह फिट होने पर ही उसे खेलने की मंजूरी मिलती थी। नितिन का परिवार विदेश में रहता है और सीओइ के खेल विज्ञान और



चिकित्सा प्रभाग की जिम्मेदारी संभालना साल में 365 दिन का काम है। पटेल ने अपने कार्यकाल के दौरान तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी, बल्लेबाज केएल राहुल और स्पिनर कुलदीप यादव जैसे प्रमुख खिलाड़ियों के रिहैबिलिटेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। सूत्र ने कहा कि लेवल तीन के कुछ कोच और ह्यस्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग से जुड़े कुछ कोच अगले कुछ महीनो में अपना पद छोड़ सकते हैं। एनसीए प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण का कार्यकाल इस साल के अंत तक पूरा होने वाला है। उनसे हालांकि 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप तक अपने पद पर बने रहने का अनुरोध किया जा सकता है। पटेल से पहले एनसीए से जुड़े कोचों में से एक साईराज बहुतुले ने भी पद छोड़ दिया था और वह राजस्थान रॉयल्स के सहयोगी स्टाफ में शामिल हो गए। यही नहीं सितांशु कोटक सीनियर पुरुष टीम स्टाफ में स्थायी रूप से शामिल हो गए हैं। भारत की अंडर 19 टीम से जुड़े एनसीए के कोच ह्षिकेश कानिटकर अब भी सीओई में हैं, लेकिन यह देखना दिलचस्प होगा कि जिम्बाब्वे और नामीबिया में अगले साल की शुरूआत में होने वाले अंडर-19 विश्व कप के समाप्त होने के बाद वह अपने पद पर बने रहेंगे या नहीं। कुछ विशेषज्ञ बल्लेबाजी और गेंदबाजी कोच हैं, जो आने वाले महीनों में नए करियर की तलाश में अपना पद छोड़ सकते हैं।

## इशान ने हैदराबाद के इंट्रा-स्क्वाड मैच के दौरान खेली शानदार पारियां, दोनों बार लगाए अर्धशतक

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** भारत के स्टाइलिश बल्लेबाज इशान किशन ने सनराइजर्स हैदराबाद के इंट्रा-स्क्वाड मैच के दौरान दो शानदार पारियों के साथ शानदार फॉर्म का प्रदर्शन किया। अभिषेक शर्मा के साथ शीर्ष क्रम में खेलते हुए इशान ने मात्र 23 गेंदों पर 64 रन और 30 गेंदों पर 73 रन बनाए। सनराइजर्स द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किये गये वीडियो में इशान को अपने शानदार शॉट सिलेक्शन से टीम को जीत दिलाते हुए दिखाया गया है। सनराइजर्स ने पिछले साल शानदार प्रदर्शन किया था, आइपीएल 2024 में उप-विजेता रहा। वे टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचे, लेकिन एकतरफा मुकाबले में उन्हें अंतिम चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स से हार का सामना करना पड़ा। अपनी टीम को मजबूत करने के लिए सनराइजर्स ने कई खराब प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को टीम से बाहर कर दिया, जबकि इशान किशन जैसे प्रमुख खिलाड़ियों को आइपीएल 2025 की टीम में शामिल किया। ईशान किशन SRH का हिस्सा बन गए क्योंकि टीम ने पिछले साल ग्रैंड ऑक्शन में उन्हें 11.25 करोड़ की शानदार राशि में खरीदा था। ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा के पारी की शुरूआत करने के साथ इशान से तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने और टूनार्मेंट में SRH के लिए महत्वपूर्ण प्रभाव डालने की उम्मीद है। इशान किशन पहले मुंबई इंडियंस के साथ थे और अपनी दमदार बल्लेबाजी के लिए जाने जाते थे। उन्होंने 2016 में डेब्यू किया और तब से वे आइपीएल के प्रमुख सलामी बल्लेबाजों में से एक हैं। उन्होंने 105 पारियों में 16 अर्द्धशतकों के साथ 2644 रन बनाए हैं। उनकी लंबी शॉट रेंज उन्हें पावरप्ले में आक्रमण करने की अनुमति देती है। वह मुंबई इंडियंस के लिए एक प्रमुख खिलाड़ी थे, लेकिन टक ने उन्हें 2025 के आइपीएल सीजन से पहले रिलीज कर दिया।

## न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को टी-20 मैच में नौ विकेट से हराया

**क्राइस्टचर्च।** जेकब डफी (चार विकेट), काइल जेमीसन (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद टिम साइफर्ट (44) और फिन ऐलन (नाबाद 29) की विस्फोटक बल्लेबाजी के दम पर न्यूजीलैंड ने रविवार को पहले टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को 59 गेंदे शेष रहते नौ विकेट से हरा दिया। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली हैं। पाकिस्तान के 91 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की टिम साइफर्ट और फिन ऐलन की सलामी जोड़ी ने विस्फोटक बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए पहले विकेट के लिए 53 रन जोड़े। छठें ओवर में अबरार अहमद ने अर्धशतक की ओर बढ़ रहे टिम साइफर्ट को आउटकर पाकिस्तान को पहली सफलता दिलाई। टिम साइफर्ट ने 29 गेंदों में सात चौके और एक छक्का लगाते हुए (44) रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये टिम रॉबिंसन ने फिन ऐलन का बखूबी साथ निभाया और दोनों बल्लेबाजों ने ताबड़तोड़ अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 10.1 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 92 रन बनाकर अपनी टीम को नौ विकेट से जीत दिला दी।

# हरमनप्रीत ने दूसरी बार मुंबई को बनाया विजेता



एजेंसी

**मुंबई।** नेट सिवर ब्रंट के हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को आठ रन से हराकर फाइनल मैच जीत लिया। इसी के साथ मुंबई एक बार फिर महिला प्रीमियर लीग का खिताब जीतने में कामयाब हुई। टूर्नामेंट के तीसरे संस्करण का खिताबी मुकाबला शनिवार को ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेला गया। इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई ने 20 ओवर में सात विकेट खोकर 149 रन बनाए। जवाब में दिल्ली निर्धारित ओवर में नौ विकेट पर सिर्फ 141 रन ही बना सकी। इस तरह मुंबई ने दूसरी बार खिताब अपने नाम कर लिया। इससे पहले हरमनप्रीत कौर की टीम ने दिल्ली को पहले संस्करण के फाइनल में हराकर ट्रॉफी अपने नाम की थी।

### ताश के पत्तों की तरह बिखरा दिल्ली का बल्लेबाजी क्रम

150 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली को उसके बल्लेबाजों का साथ नहीं मिला। टीम ने महज 44 के स्कोर पर चार विकेट गंवाए। कप्तान मेग लैनिंग 13 और शेफाली वर्मा सिर्फ चार रन बनाकर आउट हो गईं। इसके बाद जेस जोनासन को अमेलिया कर ने यास्तिका भाटिया के हाथों कैच कराया। वह सिर्फ 13 रन बना सकीं। दिल्ली के लिए मारिजन कप ने सर्वाधिक 40 रनों की पारी खेली। उनके अलावा जेमिमा रोड्रिग्स ने 30 रन बनाए। वहीं, एनाबेल सदरलैंड दो, सारा ब्राइस ने पांच, मिन्नू मणि ने चार रन बनाए। निकी प्रसाद 25 और श्री चरणी तीन रन बनाकर नाबाद रहीं। मुंबई के लिए नेट सिवर ब्रंट ने तीन जबकि अमेलिया कर ने दो विकेट लिए। वहीं, शबनम इस्माइल, हीली मैथ्यूज और साइका इशाक को एक-एक सफलता मिली।

### ब्रंट और हरमनप्रीत ने मचाई गदर

इस मैच में मुंबई के बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। नेट सिवर ब्रंट और हरमनप्रीत कौर के अलावा उनका कोई बल्लेबाज दिल्ली की घातक गेंदबाजों के खिलाफ नहीं टिक सका। टीम ने 14 के स्कोर पर दो विकेट गंवा दिए थे। मारिजन कप ने हीली मैथ्यूज (3) और यास्तिका भाटिया (8) को अपना शिकार बनाया। इसके बाद ब्रंट और कप्तान कौर ने मोर्चा संभाला। दोनों के बीच 62 गेंदों में 89 रनों की साझेदारी हुई। श्री चरणी ने इंग्लैंड की ऑलराउंडर को मिन्नू मणि के हाथों कैच कराया। वह 30 रन बनाकर आउट हुईं। वहीं, भारतीय बल्लेबाज ने 44 गेंदों में 66 रन बनाए। उनके अलावा अमेलिया कर दो, जी कमालिनी 10, अमनजोत कौर ने 14* और संस्कृति गुप्ता ने आठ* रन बनाए। सजीवन सजना खाता भी नहीं खोल सकीं। दिल्ली के लिए मारिजन कप, जेस जोनासन और श्री चरणी को दो-दो विकेट मिले जबकि एनाबेल सदरलैंड को एक सफलता मिली।

## मांडविया ने अहमदाबाद में फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल की अगुवाई की

**नयी दिल्ली।** केन्द्र सरकार की फिटनेस को लेकर चलाई जा रही मुहिम के तहत रविवार को देश भर में 25 जगहों पर आयोजित फिट इंडिया संडे ऑफ साइकिल कार्यक्रम में लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने भी अहमदाबाद में साबरमती रिवरफ्रंट पर कार्यक्रम की अगुवाई की। भारतीय खेल विकास प्राधिकरण (साइ) के गांधीनगर केन्द्र द्वारा आज आयोजित इस कार्यक्रम में करीब 650 साइकिल चालकों ने भागीदारी की। इनमें इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) गुजरात, अहमदाबाद मेडिकल एसोसिएशन के सदस्य और सांसद हसमुखभाई पटेल और दिनेशभाई मकवाना शामिल थे। पैरालंपियन एथलीट भावना चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

# भारतीय एथलीट खराडी ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड एलन मस्क ने भी शेयर की उनकी उपलब्धि

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय एथलीट विस्पी खराडी ने हरक्यूलिस पिलर को सबसे ज्यादा समय तक होल्ड करके गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करा लिया है। यह रिकॉर्ड तोड़ने वाली उपलब्धि गुजरात के सूरत में हुई, जहां खराडी ने 2 मिनट और 10.75 सेकंड तक विशाल पिलर को पकड़कर अपनी असाधारण ताकत का प्रदर्शन कियाग्रीक वास्तुकला से प्रेरित ये खंभे 123 इंच ऊंचे थे और इनका व्यास 20.5 इंच था। 166.7 किलोग्राम और 168.9 किलोग्राम वजन वाले इन खंभों ने इंसान की सहनशक्ति और ताकत की सीमाओं को लांघ दिया। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने आधिकारिक तौर पर




उनकी इस अविश्वसनीय उपलब्धि को मान्यता दी और उसका नाम रिकॉर्ड बुक में दर्ज किया। खराडी ने इस उपलब्धि के बाद एक्स पर लिखा कि उनके इस कारनामे को तब और पहचान मिली जब टेक अरबपति एलन मस्क ने उनके प्रदर्शन का एक वीडियो फिर से शेयर किया। वीडियो को मूल रूप से गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के आधिकारिक एक्स अकाउंट द्वारा पोस्ट किया गया था। खराडी ने एक्स पर लिखा, 'यह जानकर वाकई बहुत अच्छा लगा कि एलन मस्क ने मेरा गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड वीडियो एक्स पर शेयर किया है। मैं बहुत खुश हूं और सातवें आसमान पर हूं। इसके अलावा मुझे इस बात पर बहुत गर्व है कि एक भारतीय की ताकत के क्षेत्र में दुनिया भर में प्रशंसा हो रही है। खराडी की एक्स पर बयां की गई बायो के मुताबिक उनके नाम कई ब्लैक बेल्ट और 13 गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड शामिल हैं। फिटनेस विशेषज्ञ होने के अलावा वह सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के कमांडो को निहत्थे युद्ध का प्रशिक्षण देते हैं। उनके पिछले कुछ रिकॉर्ड में एक मिनट में सबसे ज्यादा ड्रिंक कैन को हाथ से कुचलना और अपने सिर से सबसे ज्यादा लोहे की सलाखों को मोड़ना शामिल है।


# कोहली बीसीसीआइ के कुछ नियम से है नाखुश

एजेंसी

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु इनोवेशन लैब इंडियन स्पोर्ट्स समिट में बातचीत के दौरान विराट कोहली ने कहा कि मैदान पर जब भी कुछ बड़ा होता है तो परिवार के साथ समय बिताना बहुत जरूरी होता है। शायद बीसीसीआइ के नए नियमों की ओर इशारा करते हुए कोहली ने कहा कि उन्हें इस बात से निराशा होती है कि लोगों को परिवार के महत्व की समझ नहीं है।

### बीसीसीआइ का खिलाड़ियों की फेमिली के लिए नया नियम क्या है?

दरअसल भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में आस्ट्रेलिया से भारत की 3-1 की हार के बाद खिलाड़ियों के परिवार




के लिए नए नियम बनाए हैं, जिसके तहत खिलाड़ी 45 दिन के दौरे के दौरान अपने परिवार को 14 दिन से अधिक अपने साथ नहीं रख सकेंगे। छोटे दौरे पर परिवार खिलाड़ी के साथ एक हफ्ते तक ही रह सकते हैं। अब, विराट कोहली ने इन नियमों पर चुप्पी तोड़ी है और बीसीसीआइ का नाम लिए बिना कहा कि जब भी मैदान पर कुछ गंभीर होता है, तो परिवार के साथ समय बिताना बहुत महत्वपूर्ण होता है. क्योंकि इससे मैदान पर कठिन दौर से गुजर रहे खिलाड़ियों की जिंदगी को संतुलन मिलता है। मुझे नहीं लगता कि लोग इस बात की पूरी समझ रखते हैं कि क्रिकेटरों की लाइफ में उनके परिवार कितना महत्व रखते हैं।

### परिवार का क्रिकेट पर कोई नियंत्रण नहीं होता

उन्होंने ये भी कहा कि परिवार का क्रिकेट पर कोई नियंत्रण नहीं होता है, फिर भी उन्हें खिलाड़ियों से दूर रखे जाने की बात कही जाती है। कोहली ने कहा, अगर आप किसी भी खिलाड़ी से पूछें कि क्या आप चाहते हैं कि आपका परिवार हमेशा आपके पास रहे? आप कहेंगे, हां, मुझे अपने कमरे में अकेला बैठकर उदास नहीं होना है। मैं सामान्य बने रहना चाहता हूं। फिर आप अपने खेल को एक जिम्मेदारी की तरह मान सकते हैं। आप उस जिम्मेदारी को खत्म करते हैं और फिर जीवन में वापस लौट आते हैं।

### कोहली ने आरसीबी को ज्वाइन किया

कोहली आइपीएल 2025 सीजन में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए खेलने के लिए तैयार हैं, जिसकी शुरूआत 22 मार्च को ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ शुरूआती मैच से होगी। कोहली ने 252 मैचों में 8,004 रन के साथ आइपीएल इतिहास में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं, जिसमें 8 शतक और 55 अर्धशतक शामिल हैं, लेकिन अभी तक उनकी टीम एक भी टाइटल नहीं जीत सकी।

## केकेआर की नजर लगातार दूसरे आइपीएल खिताब पर

**कोलकाता।** मौजूदा चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स नए नेतृत्व में टाटा आईपीएल 2025 सीजन के लिए कमर कस रही है। हाल ही में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में नए कप्तान अजिंक्य रहाणे, मेंटर ड्वेन ब्रावो, हेड कोच चंद्रकांत पंडित और उप-कप्तान वेंकटेश अय्यर ने आगामी सीजन और टीम की तैयारियों पर अपने विचार साझा किए। रहाणे ने कहा, मुझे यह अवसर देने के लिए मैं प्रबंधन का वास्तव में आभारी हूं। अनुभवी बल्लेबाज ने खिताब बचाने की चुनौती को स्वीकार किया, लेकिन तत्काल भविष्य पर ध्यान केंद्रित करते हुये कहा हम इस सीजन में निश्चित रूप से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे।

## सविता- हरमनप्रीत वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

**नयी दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को हॉकी इंडिया 7वें सालाना पुरस्कार में वर्ष 2024 के सर्वश्रेष्ठ पुरूष खिलाड़ी और दिग्गज गोलकीपर सविता को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार मिला। 50 वर्ष पहले 15 मार्च को ही कुआलालम्पुर में भारत को एकमात्र विश्व कप जिताने वाली अजितपाल सिंह की कप्तानी वाली भारतीय टीम को ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार प्रदान किया गया। पिछले साल पेरिस ओलंपिक में दस गोल करके भारत को लगातार दूसरा ओलंपिक कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि पुरस्कार काफी मायने रखते हैं और युवाओं को इससे प्रेरणा मिलती है। मैं उन्हें इतना ही कहूंगा कि नतीजे का दबाव लिये बिना कड़ी मेहनत करते रहें। वहीं, तीसरी बार पुरस्कार जीतने वाली पूर्व कप्तान सविता ने वीडियो संदेश में कहा कि इस पुरस्कार से मुझे आगे और मेहनत करने की प्रेरणा मिलेगी।

# स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड विंटर गेम्स में 33 पदकों के साथ भारत का सफर पूरा

## अंतिम दिन भारतीय एथलीटों ने चार स्पधाओं में 12 पदक जीते






खबर मन्त्र संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारतीय दल ने इटली के ट्यूरिन में आयोजित स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड विंटर गेम्स 2025 में 8 स्वर्ण, 18 रजत और 7 कांस्य सहित कुल 33 पदक जीतने के साथ अपना अभियान समाप्त किया। अंतिम दिन भारतीय एथलीटों ने चार स्पधाओं में 12 पदक जीते, जिससे पदकों की संख्या 33 हो गई। स्नोशूइंग में भारत ने चार और पदक हासिल किए, जिससे इस स्पर्धा में पहले जीते गए छह पदकों में वृद्धि हुई। वासु तिवारी, शालिनी चौहान और तान्या ने 25 मीटर स्नोशूइंग स्पर्धा में एक-एक रजत पदक जीता, जबकि जहांगीर ने इसी श्रेणी में कांस्य पदक जीता। अल्पाइन स्कीइंग सेगमेंट में भी भारतीय एथलीटों ने शानदार प्रदर्शन किया। राधा देवी और निर्मला देवी ने इंटरमीडिएट स्लैलम (क्रमशः एफ01 और एफ04 श्रेणी) में रजत पदक जीते, जबकि अभिषेक कुमार ने नोविस स्लैलम (एम02 श्रेणी) में एक और रजत पदक जीता, जिससे टूनामेंट में भारत की सफलता और मजबूत हुई। आकृति ने क्रॉस कंट्री स्कीइंग में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया तथा 100 मीटर क्लासिकल टेक्नीक (एफ02 श्रेणी) में कांस्य पदक हासिल किया। फ्लोरबॉल स्पर्धा में भारत की महिला पारंपरिक टीम ने अपने टीम वर्क और कौशल का प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता। स्पेशल ओलंपिक भारत की अध्यक्ष डॉ. मल्लिका नड्डा ने एथलीटों पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे एथलीटों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि समर्पण और दृढ़ता के साथ, वे जो हासिल कर सकते हैं उसकी कोई सीमा नहीं है। जीता गया प्रत्येक पदक उनकी कड़ी मेहनत और कोचों, परिवारों और पूरे स्पेशल ओलंपिक भारत परिवार के अटूट समर्थन का प्रमाण है। हमें उनकी उपलब्धियों पर गर्व है और हम उनकी यात्रा को और अधिक ऊंचाइयों तक ले जाने में उनका समर्थन करना जारी रखेंगे। भारत ने स्नोशूइंग और अल्पाइन स्कीइंग में 10-10 पदक जीते, जबकि स्नोबोर्डिंग में 6 पदक आए। शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग, क्रॉस कंट्री स्कीइंग और फ्लोरबॉल में देश को क्रमशः 4, 2 और 1 पदक मिले।

# एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम घोषित, दीपक-अंतिम 30 सदस्यीय टीम में शामिल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआइ) का निलंबन हटने के बाद दिल्ली के आइजी खेल परिसर में सीनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप के लिए चयन ट्रायल कराए जाने के बाद भारतीय टीम घोषित कर दी गई है। 25 से 30 मार्च तक जॉर्डन के अम्मान में होने वाले इस टूनार्मेंट के लिए 30 सदस्यीय टीम में विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता दीपक पूनिया और अंतिम पंघाल को शामिल किया गया है।

**एशियाई चैंपियनशिप के लिए चुने हुए पहलवान**

**पुरुष फ्रीस्टाइल:** चिराग (57 किग्रा), उदित (61 किग्रा), सुजीत (65 किग्रा), विशाल कालीरमन (70 किग्रा), जयदीप (74 किग्रा), चंद्रमोहन (79 किग्रा), मुकुल दहिया (86 किग्रा), दीपक पूनिया (92 किग्रा), जॉइंटी कुमार (97 किग्रा) और दिनेश (125 किग्रा)।

**पुरुष ग्रीको-रोमन:** नितिन (55 किग्रा), सुमित (60 किग्रा), उमेश (63 किग्रा), नीरज (67 किग्रा), कुलदीप मलिक (72 किग्रा), सागर (77 किग्रा), राहुल (82 किग्रा), सुनील कुमार (87 किग्रा), नितेश (97 किग्रा) और प्रेम (130 किग्रा)।

**महिला कुश्ती:** अंकुश (50 किग्रा), अंतिम (53 किग्रा), नीशू (55 किग्रा), नेहा शर्मा (57 किग्रा), मुस्कान (59 किग्रा), मनीषा (62 किग्रा), मोनिका (65 किग्रा), मानसी लाठर (68 किग्रा), ज्योति बेरवाल (72 किग्रा) और रीतिका (76 किग्रा)।

### पंघाल-रीतिका ने जीते ट्रायल

चयन ट्रायल के दौरान पुरुष फ्रीस्टाइल और ग्रीको-रोमन के साथ-साथ महिला वर्ग में 10-10 पहलवानों का चयन किया गया। 2019 विश्व चैंपियनशिप में रजत और 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण जीतने वाले पूनिया हालांकि अब 86 किग्रा से 92 किग्रा में आ गए हैं, जबकि विशाल कालीरमन भी 65 किग्रा से 70 किग्रा में खेलने लगे हैं। पंघाल (53 किग्रा) और रीतिका (86 किग्रा) ने उम्मीद के मुताबिक अपने ट्रायल जीते।

### चोट के कारण सहरावत नहीं लेंगे हिस्सा

चयन ट्रायल की देखरेख डब्ल्यूएफआइ की चयन समिति ने की जिसमें अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, उपाध्यक्ष जय प्रकाश, कोषाध्यक्ष एसपी देशवाल और ओलंपिक पदक विजेता योगेश्वर दत्त शामिल थे। डब्ल्यूएफआइ ने कहा कि उसने देश भर के शीर्ष पहलवानों को ट्रायल में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया ताकि प्रतिस्पर्धी और पारदर्शी चयन प्रक्रिया सुनिश्चित की जा सके। डब्ल्यूएफआइ ने कहा, हालांकि पेरिस ओलंपिक पदक विजेता अमन सहरावत सहित कुछ शीर्ष पहलवान चोटों के कारण भाग नहीं ले पाए।

स्पीड न्यूज

## आला अधिकारियों ने भी जमकर खेली होली

**बेरमो।** अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुआ और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह ने भी होली का पूरा आनंद लिया। बताते चलें कि अनुमंडल पदाधिकारी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने अपने अपने आवास पर पत्रकार, गणमान्य व्यक्ति और अपने कर्मी के साथ रंग, गुलाल लगाकर होली खेली। साथ ही होली के गानों पर अपने अपने नृत्य प्रस्तुत किया जिसे देख कर उपस्थित लोगों ने काफी प्रसन्न नजर आए।

## मारपीट का मामला दर्ज

**शिकारीपाड़ा।** दुमका जिला के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के सोनाढाब गांव निवासी केराब अंसारी ने थाना में लिखित आवेदन दिया है। आवेदन में बताय कि वह अपने साथियों मुस्तकीम अंसारी, अब्दुल गफ्फार, मो निसार अंसारी, अब्दुल अंसारी, अरमान अंसारी के साथ आसानबनी काम से अपने निजी वाहन से गया था। वापस लौटने के समय पर्वतपुर गांव के कुछ दूरी पर सुनसान जगह पर समय करीब लगभग 3 बजे दिन को पर्वतपुर के निवासी प्रदीप वर्मा, पिंटू मंडल, संदीप वर्मा, अजीत वर्मा, रोहित वर्मा, जितेन वर्मा, मुन्ना वर्मा, राजेश वर्मा, संजय वर्मा और 25-30 जिसका नाम नहीं मालूम है। उन सभी ने जबरन रोक कर मारपीट करने लगा और कहने लगा की होली के दिन तुम लोग कैसे बाहर निकाला है। अब तुम लोगों को दारू का खर्चा देना होगा। इसी बात को लेकर मारपीट शुरू करते हुए पॉकेट से 1700 रुपए छीन लिया। मामले में थाना प्रभारी अमित लकड़ा ने बताया कि आवेदन मिला है। मामला दर्ज किया जा रहा है।

## मारपीट का सात नामजद समेत 25 अज्ञात पर मामला दर्ज

**शिकारीपाड़ा।** जिला के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के पर्वतपुर गांव निवासी प्रदीप कुमार वर्मा ने थाना पुलिस को लिखित आवेदन मारपीट की शिकायत की है। आवेदन में बताया कि थाना क्षेत्र के सोनाढ़ाब गांव निवासी कैराव अंसारी, मुस्तकीम अंसारी, अरमान अंसारी, मुन्ना अंसारी, शमीम अंसारी,नजमूल अंसारी और कोल्हाबदार निवासी निसार अंसारी पर मारपीट का अरोप लगाया है।

## कार्यशाला का आयोजन

**बोकारो।** उत्कृष्ट जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पिण्ड्राजोरा में पाठ्यक्रम शिक्षण में सांस्कृतिक आदानों की सहभागिता विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें विभिन्न प्रतिभागियों ने अपनी-अपनी प्रस्तुति के माध्यम से कला एवं संस्कृति के पाठ्यक्रम शिक्षण में समावेश पर अपनी प्रस्तुति दी। शिक्षकों ने पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अपनी-अपनी प्रस्तुतियां देकर सराहना बटोरी। कला एवं संस्कृति के शिक्षण कार्य में समावेशन पर विस्तार से मंथन किया गया। इस क्रम में शिक्षकों ने नृत्य संगीत गायन वादन नाटक आदि के माध्यम से एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी।

## चौथी बार कसमार झामुमो प्रखंड अध्यक्ष बने दिलीप हेम्ब्रम

**बोकारो/कसमार।** झारखंड मुक्ति मोर्चा महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने बोकारो जिले के सभी प्रखंड कमिटी के गठन का पत्र जारी किया है जिसमें कसमार प्रखंड कमिटी में केदला निवासी प्रखंड बीस सूत्री कमिटी अध्यक्ष दिलीप कुमार हेंब्रम को पुनः प्रखंड अध्यक्ष बनाया है।

## कोयलांचल के कथारा में खुला पुस्तकालय

**बेरमो /कथारा।** बेरमो कोयलांचल में लोगों के लिए लगभग कमो बेस रह तरह की सुविधाएं उपलब्ध है मगर आज तक यहां बेहतर शिक्षा ग्रहण करने के लिए छात्र छात्राओं के लिए कोई व्यवस्था देखने को नही मिली। अगर कही इसकी व्यवस्था हुई भी तो आज वह व्यवस्था मरन सइया पर पड़ा दम तोड़ रहा है। उद्घाटन उपरांत पुर्व श्री बाटूल ने कहा कि यह कमी बेरमो कोयलांचल के विधार्थियों को वर्षों से खल रही है। इस लाइब्रेरी का अब विधार्थी भरपूर लाभ उठा सकते हैं।

# हर्षोल्लास के साथ होली का त्योहार संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो /बांध कथारा।** देश भर में होली का त्योहार बेहद धूमधाम, उल्लास और पूरी मौज-मस्ती के साथ मनाया जा रहा है। देश की राजधानी दिल्ली से लेकर झारखंड, बिहार और देश के तमाम राज्यों में लोगों ने रंगों के इस पर्व को पूरी मौज-मस्ती और खुशी के साथ मनाया। ऐसा ही कुछ नजर झारखंड बोकारो के बेरमो कोयलांचल सहित आसपास क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ संपन्न देखने को मिला। दो दिनी इस त्योहार के दौरान बच्चे, बड़े समेत सभी उम्र के लोग रंग के मस्ती में डुबे रहे। कथारा के आईबीएम कॉलोनी में होली के रंग में झूमते गाते युवाओं की टोली निकली। एक दूसरे को रंग और गुलाल लगाते हुए सभी ने इस त्योहार की खुशियां साथ साथ मनाई। इस हर्षोउल्लास के त्योहार मे क्षेत्र की युवतियां और महिलाओं भी काफी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया जमकर कर रंगो के त्योहार का लुत्फ उठाते नजर आए और सनातन धर्म की सदियों पुरानी परंपराओं का पालन करते हुए सद्भाव के साथ होली मनाया।

## आपसी भाईचारे के साथ रंगों का पर्व होली संपन्न : जोधन नायक

**बेरमो।** लोकहित अधिकार पार्टी के झारखण्ड उपाध्यक्ष सह श्री शिव स्वास्थ एवं शिक्षा सेवा ट्रस्ट के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी बोकारो थर्मल निवासी जोधन नायक ने अपने प्रिय मित्र, मजदूर नेता गणेश राम, एवं सरजू रजक के साथ,16-03-2025 दिन रविवार को एक प्रेस विज्ञापित जारी करके मिडिया को बताया कि रंगों का पर्व होली पूरे बेरमो के आस पास के क्षेत्रो में शनिवार को पूरे हर्षोल्लास एवं आपसी भाईचारे के साथ मनायी गई। बीते 13 मार्च की रात्रि होलिका दहन के पश्चात, दूसरे दिन 14 मार्च को दोपहर तक पूर्णिमा मुहूर्त रहने से दोपहर बाद से ही कई क्षेत्रों मे लोग होली खेलना शुरू कर दिया।

# कांशीराम साहब की जयंती धूमधाम से मनी



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/ललपनिया।** गोमिया प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत होसिर पश्चिमी पंचायत के ग्राम शब्दिटांड़ में बीएसपी पार्टी संस्थापक मान्यवर कांशीराम साहब की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत बतौर अतिथि रूपमें पंसस महेश रविदास एवं समाज सेवी सह मुखिया प्रतिनिधि सह पत्रकार महावीर रविदास और उपस्थित गणमान्य लोगो के द्वारा मान्यवर कांशीराम साहब की तस्वीर पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर नमन किया गया।कार्यक्रमको संबोधित करते हुए पंसस महेश रविदास एवं समाजसेवी महावीर रविदास ने मान्यवर कांशी राम साहब की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा की विषम परिस्थितियों में मान्यवर साहब कांशीराम ने सर्वसमाज को एक साथ में लेकर राजनीति का प्लेटफार्म स्थापित कर संगठित किया है जिनके विचार आज भी प्रासंगिक है।

## पूर्व सीएम रघुवर दास ने पूरे परिवार संग बासुकीनाथ धाम में मत्था टेका

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** सूबे के पूर्व सीएम रघुवर दास चैत माह के कृष्ण पक्ष की द्वितीया तिथि रविवार को तीर्थ नगरी बासुकीनाथ धाम सपरिवार पहुंचे। जहां उन्होंने अपने पैतृक पंडा के मौजूदगी में विद्वान वैदिक पंडितों संग पूरे विधि विधान के साथ षोड्षोपचार विधि-विधान से फौजदारीनाथ का जलाभिषेक किया। भोलेनाथ को जल चढ़ाने के बाद पूर्व सीएम ने माता पार्वती, काली एवं बगलामुखी की पूजा-अर्चना किया।

# प्रकृतिरक्षकों ने वृक्षों को अबीर गुलाल लगाकर खेली होली



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान द्वारा बोकारो के पर्यावरण-मित्र चौक स्थित पर्यावरण-मित्र वाटिका में विद्यमान सभी वृक्षों को अबीर गुलाल अर्पित कर वृक्ष-होली मिलन समारोह का आयोजन संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष रघुवर प्रसाद की अध्यक्षता में किया गया। सभी प्रकृति रक्षकों ने संस्थान के संस्थापक ब्रम्हलीन पर्यावरण-मित्र पं गौरी शंकर ओझा के चित्र पर अबीर गुलाल अर्पित कर उनका आशीर्वाद ग्रहण किया। तत्पश्चात देववृक्ष कल्पतरु को सबों ने अबीर गुलाल चढ़ाकर नमन किया और बोकारो- झारखंड सहित संपूर्ण देश के नागरिकों के लिए मंगलकामनाएं की गई । इस वाटिका के सभी वृक्षों पर सभी ने बारी बारी से अबीर गुलाल चढ़ाकर जीवनदाई वृक्षों के प्रति आभार जताते हुए होली खेलकर वृक्ष-होली मनाया एवं प्रकृति माता को सादर नमन किया। मौके पर संस्थान के महासचिव शशि भूषण ओझा मुकुल द्वारा सबों को अबीर गुलाल लगाकर हरवर्ष वृक्ष-होली मिलन समारोह को आयोजित करने का सर्वसम्मत निर्णय लिया गया और सबों को होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं व्यक्त की गई। उक्त कार्यक्रम में शशि भूषण ओझा मुकुल रघुवर प्रसाद अखिलेश ओझा अजय चौबे लक्षमण शर्मा मृणाल चौबे वीरेंद्र चौबे ललित प्रसाद अर्जुन पांडेय अभय कुमार गोलू राजेश्वर द्विवेदी एसएस चौधरी हरेश ओझा मदन मोहन तिवारी धर्मेंद्र कुमार सहित अनेक प्रकृति रक्षक उपस्थित रहे।

# घर में मिली पति और तीन बेटियों की लाश

## पत्नी गयी मायके, इलाके में सनसनी







खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** गिरिडीह जिले के खुखरा थाना इलाके के महेशलिट्टी गांव में रविवार को तीन बच्चों सहित पिता का शव घर पर पड़ा मिला। वारदात की फैली खबर के बाद डुमरी रउ्ढड सुमित प्रसाद अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। मौके पर एसडीपीओ ने चार की मौत की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आयी है कि पिता ने अपने तीन बच्चों का गला दबाने के बाद अपनी जान दे दी है। मृतकों में महेशलिट्टी निवासी सनाउल अंसारी (36), सनाउल की बेटियां आफरीन परवीन (12), सफाउल (6 ), जैबा नाज (8 ) शामिल हैं। बताया जा रहा है कि सनाउल राजमिस्त्री का काम करता था और घर में ही दुकान भी चलाता था। शनिवार की रात उसने पहले अपने तीनों बेटियों की गला दबाकर हत्या कर दी। बेटियों के गले में निशान मिले हैं। इसके बाद कमरे के अंदर ही खुदकुशी कर ली। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है।मामले की गंभीरता को देखते हुए रांची से फॉरेंसिक टीम से जांच कर रही है, जिसे स्पष्ट हो सके कि मामला हत्या का है या खुदकुशी का। ग्रामीणों के अनुसार मृतक कि पत्नी दो दिन पहले ही मायके गई हुई थी। रविवार को चारों का शव मिलने के बाद लोगों की भीड़ जुट गई है। इस बीच जानकारी मिलते ही एसपी डॉ विमल कुमार भी घटनास्थल पहुंचे और लोगों से घटना की जानकारी ली। एसपी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला हत्या का प्रतीत होता है। फिलहाल पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## ओलचिकी लिपि से छेड़छाड़ पर असामाजिक तत्वों का आदिवासी समाज ने फुंका पुतला

**दुमका।** हाल में असामाजिक तत्वों द्वारा आदिवासी समुदाय की संताली भाषा के ओलचिकी लिपि से लिखा दुमका रेलवे स्टेशन के नामपट्ट (साइन बोर्ड) से मिटा दिया गया है। रेलवे प्रशासन के अश्वासन के बाद भी अब तक दुमका रेलवे स्टेशन का नाम संताली लिपि ओलचिकी लिपि से नही लिखे जाने से आदिवासी समाज आक्रोश बढ़ता जा रहा है। जिला के मसलिया और जामा प्रखंड के कई गांवो पलासबनी, झिलुवा, नवाडीह, झुझको, मसलिया, उपरबहाल आदि गांव में ग्रामीणों ने सामाजिक परम्परा के अनुसार बैठक कर रेलवे प्रशासन के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए जल्द से जल्द दुमका रेलवे स्टेशन के नामपट्ट(साइन बोर्ड) में संताल आदिवासियों के संताली भाषा के ओलचिकी लिपि से भी स्टेशन का नामपट्ट (साइन बोर्ड) पुनः लिखे जाने का मांग किया है। ग्रामीणों ने कहा कि ओलचिकी से लिखा दुमका स्टेशन का नाम को मिटाने वाले असामजिक तत्वों ने समाज के समरसता को बिगाड़ने का प्रयास है। ग्रामीणों ने कहा कि यह कृत्य न केवल संताली भाषा, लिपि और आदिवासी संस्कृति का अपमान करता है, बल्कि क्षेत्रीय भाषाओं के सम्मान और संवैधानिक अधिकारों पर भी सीधा आघात है।

## जिला अध्यक्ष के दौड़ में मनोहर मूर्मू का नाम भी शामिल



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** झारखंड आंदोलन में दिशूम गुरु शिवू सोरेन टेकलाल महतो शिवा महतो विनोद बिहारी महतो के साथ कदम से कदम मिलाकर आंदोलन को नई धार देने वाले निवर्तमान झामुमो बोकारो जिला उपाध्यक्ष मनोहर मूर्मू ने कभी भी पद की लालसा नहीं की बावजूद इसके पार्टी और संगठन में उन्हें खास तरजी नहीं देने से इन दिनों खासे नाराज चल रहे हैं हालांकि फिजा में यह भी चर्चा है कि बोकारो जिला अध्यक्ष के पद पर उनकी प्रबल दावेदारी बन रही है।

## युवक का सड़ा-गला शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**दुमका।** जिला के नगर थाना क्षेत्र के खूंटा बांध तालाब के सामने एक जर्जर सरकारी स्टाफ क्वार्टर के कमरे से एक अज्ञात युवक का शव रविवार को बरामद हुआ। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय के खूंटा बांध इलाके में सरकारी अधिकारियों और अन्य कर्मियों के काफी संख्या में सरकारी आवासीय भवन बने हुए हैं। जिसमें कुछ जर्जर हो चुके हैं और वहां कोई नहीं रहता है। ऐसे ही एक जर्जर भवन के आसपास से रहने वाले लोगों को दुर्गंध महसूस हुई, तो उन्होंने भवन के अंदर जाकर देखा तो एक छोटे से कमरे में एक युवक का शव मिला। उसके शरीर पर एक भी कपड़े मौजूद नहीं थे। शव को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि उसकी मौत आठ-दस दिन पूर्व हुई है। लोगों ने इसकी चर्चा अगल-बगल की तो बात पुलिस तक पहुंची। पहले नगर थाना प्रभारी नंदकिशोर प्रसाद मौके पर पहुंच घटनास्थल का जायजा लिया। उन्होंने वरीय अधिकारियों को सारी बात की जानकारी दी। इस मामले की गंभीरता से लेते हुए एसपी पीतांबर सिंह खेरवार खुद घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। इधर फॉरेंसिक जांच टीम भी पहुंच गई। जांच टीम के द्वारा बारीकी से घटनास्थल के सैंपल वगैरह लिये। इधर पुलिस द्वारा शव को अग्रतर कार्रवाई और पोस्टमार्टम के लिए कब्जे में ले लिया गया है।

# होली का त्यौहार शांतिपूर्वक सम्पन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो जिला के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में होली का पर्व शांतिपूर्वक सोल्लास सम्पन्न हुआ। अधिकांश जगहों पर लोगों ने 14 को तो छिटपुट जगहों पर 15 को होली मनाई गई। किसी प्रकार की उल्लेखनीय दुर्घटना की सूचना नहीं है। जिला प्रशासन की व्यवस्था पूरी तरह से चाक चौबंद रही। दिन में लोगों ने विशेषकर बच्चों और युवाओं ने कहीं कपड़ा फाड़ होली खेली तो कहीं रंगों की बाल्टी लेकर लोग एक दूसरे पर रंग उड़ेलते नजर आए। होली के अवसर पर महिलाओं ने भी एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर परस्पर हंसी मजाक करते हुए एक दूसरे को शुभकामनाओं सहित आशीर्वाद दिया और खुशियां साझा कीं। रोटरी क्लब चास द्वारा अमृत पार्क में धूमधाम से होली मनाई गयी। रोटरी

## रोटरी चास ने दी पारंपरिक गीतों की प्रस्तुति



क्लब के सदस्यों ने एक दूसरे को अबीर लगाकर होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में उपस्थित गायकों ने होली के पारंपरिक गीतों का प्रस्तुतीकरण माहौल को खुशी से भर दिया। कार्यक्रम के संयोजक भवनीत सिंह बिंद्रा ने कहा की होली आपसी सौहार्द बढ़ाता है। कार्यक्रम में संजय बैद मनोज चौधरी विपिन अग्रवाल प्रेम शंकर सिंह सिद्धार्थ सिंह माना मनोज सिंह डॉ श्रवण कुमार दीपक झांझरिया राजेश पोद्दार हरबंस सिंह चनप्रीत सिंह आनंद अग्रवाल मंजीत सिंह पूजा बैद डिंपल कौर जसप्रीत कौर ललिता चोपड़ा रितु अग्रवाल प्रेम कुमार सहित रोटरी जिला 3250 के पूर्व जिला पाल महेश केजरीवाल सहित बोकारो रोटरी क्लब के अनेक सदस्य भी उपस्थित थे।

खबर एक नजर में

## निर्माण समिति नें जयराम महतो को ज्ञापन देकर विधानसभा में उठाने का आग्रह किया

**बेरमो।** चांदो प्रखंड निर्माण समिति का एक प्रतिनिधि मंडल नें शनिवार को डुमरी विधायक जयराम महतो को एक ज्ञापन देकर चांदो को प्रखंड बनाने का सवाल विधानसभा के चालू सत्र में उठाने का आग्रह किया। विधायक जयराम महतो नें प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते कहा कि विधानसभा चुनाव के समय मैंने कमिटमेंट किया था कि बारह पंचायतों को मिलाकर चांदो प्रखंड बनाने के लिए मैं अपने स्तर की भूमिका निभाऊंगा।

## जरमुंडी विधायक के भाभी के श्राद्ध कर्म में शामिल हुए पूर्व राज्यपाल रघुवर दास

**दुमका।** जिला के जरमुंडी भाजपा विधायक देवेंद्र कुंवर की बड़ी भाभी चंद्रप्रभा देवी के श्राद्ध कर्म में झारखण्ड के पूर्व सीएम रघुवर दास विधायक देवेंद्र कुंवर के निजी आवास पर रविवार को पहुंचे। विधायक श्री कुवंर ने पूर्व सीएम रघुवर दास को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। स्वागत के बाद पूर्व सीएम श्री दास ने दिवंगत चंद्रप्रभा देवी के चित्र पर माल्यार्पण कर दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना किया। श्राद्धकर्म के अवसर पर उनके गांव नोनीहाट में बड़ी संख्या नेता व अधिकारियों सहित लोगों का जमावड़ा लगा रहा। श्राद्धकर्म में पहुंचे लोगों ने दिवंगत को पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दिया। श्राद्धकर्म को लेकर नोनीहाट महल में दोपहर 11 बजे से ही लोगों का आना-जाना शुरू रहा। मौके पर विधायक की पुत्री मीनू कुमारी, मिथलेश सिंह आदि अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विश्व गायत्री परिवार बेरमो प्रखंड की बैठक संपन्न

**बेरमो।** रविवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार, बेरमो प्रखण्ड की बैठक गायत्री ज्ञान मंदिर, करगली बाजार में हुई, गोष्ठी का उद्देश्य आगामी माताजी के जन्म शताब्दी वर्ष एवं ज्योति कलश यात्रा भ्रमण के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा हुई, जिसकी अध्यक्षता प्रखण्ड समन्वयक श्री रघुनंदन बरनवालजी एवं जिला समन्वयक श्री मुकेश मिश्राजी के उपस्थित में हुई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की रथ भ्रमण की सफलता के लिए पुरे बेरमो प्रखण्ड के पंचायत से लेकर गांवों तक गुरुदेव के विचारों को दीप यज्ञ, साहित्य वितरण कर, लोगों को जाग्रित कर सम्मिलित करने का निर्णय लिया गया। रथ के भ्रमण के लिए अनेक प्रकार के समितियों का गठन करने का निर्णय लिया गया।

## बेटे ने माँ को डंडे से पीटकर मार डाला, गिरफ्तार

**गोपीकांदर।** गोपीकांदर थाना क्षेत्र के धोबाचापड़ गांव में कलयुगी बेटे ने अपनी बूढ़ी माँ को पीटकर जान ले लिया है। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी बेटा जियालाल देहरी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया है। घटना शुक्रवार रात की है। मृतका 65 वर्षीय चांदमुनी महारानी है। वह मूलरूप से धोबाचापड़ गांव के पहाड़िया टोला की रहने वाली थी। मृतका के छोटे बेटे बाबूराम देहरी ने बताया कि वह काम करने गया हुआ था। शुक्रवार शाम को घर पहुंचा। मौत कैसे हुई उसकी जानकारी नहीं है। घटना के संबंध में आरोपी की पत्नी प्रमिला महारानी ने बताया कि शुक्रवार को सभी होली मना रहा था। शाम करीब 4 बजे मां चांदमुनी महारानी और बेटा जियालाल देहरी के बीच कहासुनी हुई। इसी बीच जियालाल ने डंडे से अपनी मां को पीटने लगा। वह दोनों के बीच झगड़ा में बीच-बचाव किया। रात करीब 9 बजे सास की मौत हो गई। ग्राम प्रधान चन्द्रराय मरांडी ने बताया कि जियालाल ने अपनी मां को डंडे से पीटा, जिसके बाद रात में उसकी मौत हो गई है।

## अनुमंडल पदाधिकारी के आवास पर होली मनाते पदाधिकारी और ग्रामीण

**बेरमो।** बेरमो अनुमंडल स्थित बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुवा के आवास पर तेनुघाट के पत्रकार, आम जनता रंग गुलाल लगाकर होली मनाई। वही तेनुघाट थाना प्रभारी अजीत कुमार, गोमिया अंचल निरीक्षक जितेंद्र कुमार ने भी अनुमंडल पदाधिकारी के साथ होली खेली। वहीं बेरमो अनुमंडल में लोगो के द्वारा आज होली मनाई गई। लोग नाच - गाने के साथ पकवान का भी मजा ले रहे है वहीं शांति पूर्ण वतावरण में होली का त्योहार चल रहा है लोग खूब मजे ले रहे है बच्चे बूढ़े, महिलाएं की टीम घूम घूम कर होली खेल रही हैं एक दूसरे को रंग लगा रहे है।

## पेड़ से टकराया बाईक सवार, दो की मौत

**रानेश्वर।** दुमका जिला के रानेश्वर थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर बरमसिया मुख्य पथ के बुटबड़िया जंगल के पास रविवार की शाम तेज बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा जाने के कारण दो सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने की माने तो दो युवक एक बाइक में सवार हो कर काफी तेज गति से आसनबनी की जा रहा था। चालक का संतुलन बिगड़ गया और पथ के किनारे स्थित जंगल के पेड़ को जोरदार ठोकर मार दिया। ठोकर इतनी जोरदार था कि बाइक का अगले हिस्सा का परखच्चे उड़ गया एवं दोनो युवक छिटकर पथ में जा गिरा। जिससे दोनो युवक का मौके ही दर्दनाक मौत हो गया। एक युवक दिव्यांग था। सूचना पर रानेश्वर थाना पुलिस दल-बल के साथ घटना स्थल पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर मौत की पुष्टि के लिए सीएचसी लाया। समाचार लिखे जाने तक दोनो युवक का शव सीएचसी, रानेश्वर परिसर में एक पिकअप वेन में लदा हुआ था। शव का पहचान नहीं हो पाया था। बताया जा रहा है कि दोनों युवक शिकारीपाड़ा का रहने वाला था।

## कार सवार अपराधियों ने बाईक सवार युवक को मारी गोली, इलाजरत

**दुमका।** होली की धूम के बीच शहर में गोली मार युवक को घायल करने का मामला सामने आया। मामला शुक्रवार को नगर थाना क्षेत्र के गिलानपाड़ा का है। गोली कांड में नगर थाना क्षेत्र के खिजुरिया निवासी जीतु राम नामक युवक घायल को गया। जानकारी के अनुसार जीतु राम अपने बाईक से दुधानी पेट्रॉल पंप पेट्रॉल भरवाने गया था। लौटने के क्रम में पहले से ही घात लगाये कार सवार ने बाईक रोकने का इशारा किया। जब जीतु बाईक रोकी तो कार सवार अपराधियों ने पिस्टल निकाल गाली-गलौज करने लगा। इसके बाद गोली चला दिया। गोली जीतु राम के पैर में लगी। इसके बाद कार सवार अपराधी बच निकलने में कामयाब रहे। घायल अवस्था में जीतु ने घर वालों को सूचना दिया। इसके बाद स्थानीय लोगों के मदद से फुलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया। हलांकि जीतु की हालत समान्य बनी हुई है। लेकिन अपराधियों का अब तक पुलिस को कोई सुराग हाथ नहीं लगी।

## रंग लगाने के विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट,नाबालिग समेत चार हिरासत में

**दुमका।** रंग लगाने के विवाद में दो पक्षों में हुई मारपीट में पुलिस ने एक नाबालिग समेत चार को रविवार को हिरासत में ली है। पुलिस हिरासत में थाना क्षेत्र के खिजुरिया गांव निवासी जितेंद्र कापनी, दिपक कंकड़, गुड्डू केवेट एवं एक नाबालिग शामिल है। जानकारी के अनुसार बीते शनिवार को साबुन लाने के दौरान बच्चे को रंग लगा दिया। जिसकी शिकायत बच्चे ने घरवालों से किया। इसके बाद दो पक्षों में आपस में ही मारपीट हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। इसके बाद देर रात पुनः दोनों पक्ष आपस में उलझ गए और मारपीट करने लगे। देर रात सूचना पर पुलिस कैंप कर स्थिति पर काबू पाकर चार को हिरासत में लेकर कार्रवाई में जुट गई।

स्पीड न्यूज

## अमेरिका में तूफान व बवंडर से 28 की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका में हाल ही में आए तूफान और बवंडर से मरने वालों की संख्या बढ़कर 28 हो गई है। अर्कांसस, इलिनोइस, इंडियाना, केंटकी, मिसिसिपी, मिसौरी और टेक्सास राज्यों में आए बवंडर और तूफान से लगभग 13 करोड़ लोगों को खतरा है। इसके अलावा, चरम मौसम की स्थिति के कारण पहले से ही जंगल में आग फैल रही है। अबतक इन क्षेत्रों में 100 से अधिक आग लगने की घटनाएं हुई हैं। प्रभावित क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर आवासीय इमारतों एवं संरचनाओं को नुकसान हुआ है, साथ ही विद्युत आपूर्ति भी बाधित हुई है। 3,00,000 से अधिक उपभोक्ता बिना बिजली के रह रहे हैं।

## उदयपुर : अरविंद सिंह मेवाड़ का निधन

**उदयपुर।** मेवाड़ के पूर्व राजघराने के सदस्य अरविंद सिंह मेवाड़ (81) का रविवार सुबह निधन हो गया। उन्होंने शंभू निवास में अंतिम सांस ली। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे और उदयपुर स्थित उनके आवास पर उनका इलाज किया जा रहा था। सिटी पैलेस को पर्यटकों के लिए बंद कर दिया गया है। अरविंद सिंह मेवाड़ के बेटे लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने जानकारी दी कि सोमवार को अंतिम संस्कार होगा। अंतिम संस्कार में देश-विदेश के बड़े लोगों के पहुंचने की संभावना है। अरविंद सिंह मेवाड़ भगवंत सिंह मेवाड़ और सुशीला कुमारी के बेटे थे। पिछले साल नवंबर में उनके बड़े भाई महेंद्र सिंह मेवाड़ का निधन हो गया था। महाराणा प्रताप के वंशज अरविंद सिंह मेवाड़ के निधन से उदयपुर में शोक की लहर है।

## अमृतसर में दो हवाला कारोबारी गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने नशे के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अमृतसर से दो हवाला ऑपरेटरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनसे बड़ी मात्रा में भारतीय रुपये और अमेरिकी करेंसी बरामद की है। डीजीपी गौरव यादव ने रविवार को बताया कि पकड़े गए आरोपितों की पहचान सुखजीत सिंह और रणबीर सिंह के तौर पर हुई है। ये दोनों आरोपित नशीले पदार्थों की तस्करी से जुड़े अवैध वित्तीय लेनदेन में शामिल थे।

## हिंडन से जम्मू की सीधी फ्लाइट 23 से

**नयी दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली से जम्मू जाने वालों के लिए खुशखबरी है। गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट से अब जम्मू के लिए सीधी विमान सेवा उपलब्ध होगी। केन्द्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने रविवार को इसकी घोषणा की है। जम्मू से सांसद एवं केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह ने बताया कि जम्मू और एनसीआर दिल्ली के दक्षिणी भागों के बीच अपेक्षाकृत कम किराये में यात्रा करने वालों के लिए एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान 23 मार्च से हिंडन हवाई अड्डे और जम्मू के बीच शनिवार को छोड़कर संचालित होगी। सुबह 11:30 बजे जम्मू फ्लाइट लैंड होगी और 1:00 बजे हिंडन के लिए जम्मू से प्रस्थान करेगी।

## इस सप्ताह चार नये आईपीओ होंग लांच

**नयी दिल्ली।** वैश्विक दबाव की वजह से स्टॉक मार्केट में आई गिरावट का प्रत्यक्ष असर अब प्राइमरी मार्केट में भी नजर आने लगा है। सोमवार से शुरू होने वाले कारोबारी सप्ताह के दौरान कुल चार नए पब्लिक इश्यू लांच होने वाले हैं, इनमें तीन इश्यू एसएमई सेगमेंट के हैं, जबकि एक आईपीओ मेनबोर्ड सेगमेंट का है। इस सप्ताह स्टॉक मार्केट में लिस्टिंग के जरिए कारोबार शुरू करने वाली कंपनियों की बात की जाए, तो सिर्फ दो कंपनियों के शेयर इस सप्ताह स्टॉक मार्केट में लिस्ट होने वाले हैं। 17 मार्च को पारादीप परिवहन लिमिटेड का 44.86 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस आईपीओ में 19 मार्च तक बोली लगाई जा सकेगी।

# यमन में हूती विद्रोहियों पर अमेरिका का हमला, 22 की मौत

**एजेंसी**

**वॉशिंगटन।** यमन में हूती विद्रोहियों पर अमेरिका ने शनिवार को बड़ा हमला किया, जिसमें अब तक 22 लोगों की मौत हो गई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हूतियों के खिलाफ निर्णायक सैन्य कार्रवाई का आदेश दिया है। ट्रम्प ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर हूती विद्रोही हमले जारी रखते हैं, तो उनकी स्थिति नरक से भी बदतर हो जाएगी। अमेरिका ने शनिवार को यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों पर बड़ा हमला किया, जिसमें अब तक 22 लोगों की मौत हुई है।

हूतियों के स्वास्थ्य और पर्यावरण मंत्रालय ने साबा समाचार एजेंसी पर एक बयान में कहा कि नौ नागरिक मारे गए और नौ अन्य

**▸▸ अगर हूती विद्रोही हमले जारी रखते हैं, उनकी स्थिति नरक से भी बदतर हो जायेगी : ट्रंप**

घायल हैं, इनमें अधिकांश हालत गंभीर है। ट्रम्प के राष्ट्रपति बनने के बाद मिडिल ईस्ट में यह सबसे बड़ा सैन्य अभियान है। लाल सागर में व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाने के कारण राष्ट्रपति ट्रम्प ने हूतियों के खिलाफ सैन्य कार्रवाई का आदेश दिया है। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म लिखा कि ईरान से आर्थिक समर्थन पाने वाले हूतियों ने अमेरिकी विमानों पर मिसाइलें दागी हैं और हमारे सैनिकों और सहयोगियों को निशाना बनाया है। समुद्री डकैती, हिंसा और आतंक से अरबों डॉलर का नुकसान हुआ है और लोगों की जान खतरे में पड़ी है।



उल्लेखनीय है कि हूती विद्रोहियों ने नवंबर 2023 से अब तक शिपिंग पर 100 से अधिक हमले किए, जिसे रोकने के लिए अमेरिकी सेना को कई अभियान चलाने पड़े। पिछले राष्ट्रपति बाइडेन ने हूतियों के खिलाफ सीमित कार्रवाई की थी लेकिन अब ट्रम्प ने अधिक आक्रामक रुख अपनाने की मंजूरी दी है। हूती यमन के अल्पसंख्यक शिया जैदी समुदाय का हथियारबंद समूह है, जिसने पिछले दशक में यमन के ज्यादातर हिस्से पर नियंत्रण कर लिया है। हूती गाजा में हमास-इजराइल संघर्ष में फिलिस्तीनियों के प्रति एकजुटता दिखाने की कोशिश कर रहा है।

## इजरायल ने उत्तरी गाजा पर किया हमला, नौ मरे

**गाजा/यरूशलम।** इजरायल ने शनिवार को उत्तरी गाजा में ड्रोन हमला किया जिसमें कम से कम नौ लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। यह जानकारी आधिकारिक फिलिस्तीनी समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएफए ने दी। डब्ल्यूएएफए ने कहा कि ड्रोन ने बेत लाहिया में नागरिकों के एक समूह पर हमला किया और एक वाहन पर बमबारी की, जिसके कारण दो पत्रकारों सहित नौ नागरिकों की मौत हो गई। इस बीच, फिलिस्तीनी सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि ड्रोन ने अल-खैर फाउंडेशन की एक टीम को निशाना बनाया, जब वह राहत अभियान चला रही थी। ब्रिटेन और तुर्की में स्थित अंतरराष्ट्रीय मुस्लिम सहायता गैर-सरकारी संगठन के कार्यकर्ताओं के अनुसार, मृतकों में फोटो पत्रकार, एक मीडिया प्रवक्ता और एक ड्राइवर शामिल हैं। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने हमले की पुष्टि करते हुए कहा कि निशाना बनाए गए लोग आतंकवादी थे, जिनमें से दो लोग एक ड्रोन संचालित कर रहे थे, जो आईडीएफ सैनिकों के लिए खतरा उत्पन्न कर रहा था।

## आसियान देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक 19 से

**नयी दिल्ली।** आतंकवाद पर आसियान रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन-प्लस (एडीएमएम-प्लस) विशेषज्ञ कार्य समूह की 14वीं बैठक 19 से 20 मार्च तक नई दिल्ली में होगी। भारत और मलेशिया इस बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे। बैठक में 10 आसियान सदस्य राष्ट्र और आठ संवाद सहयोगी देशों के प्रतिनिधिमंडलों के साथ-साथ तिमोर लेस्ते तथा आसियान के सचिव भी भाग लेंगे। आतंकवाद का मुकाबला करने पर भारत पहली बार ईडब्ल्यूजी की सह-अध्यक्षता करेगा। बैठक में ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओ पीडीआर, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, वियतनाम, सिंगापुर व थाईलैंड हिस्सा लेंगे। आठ संवाद सहयोगी देश में ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, रिपब्लिक ऑफ कोरिया, जापान, चीन, अमेरिका व रूस के प्रतिनिधिमंडल भी भाग लेंगे।

# मैंने आरएसएस से जीवन का सार और मूल्य सीखा

## दुनिया का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ : मोदी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को प्रसारित एक पॉडकास्ट साक्षात्कार में अपने जीवन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मैं खुद को सौभाग्यशाली मानता हूं कि मैंने आरएसएस जैसे प्रतिष्ठित संगठन से जीवन का सार और मूल्य सीखा। प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी कंप्यूटर वैज्ञानिक और पॉडकास्ट लेक्स फ्रीडमैन के साथ पॉडकास्ट में बातचीत के दौरान अपने निजी और समाज जीवन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की है। इसी में से एक पहलू राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी रहा। संघ की अपने जीवन में भूमिका पर पूछे गए प्रश्न के उत्तर में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि संघ ने उन्हें गढ़ने में मदद की है। पिछले 100 वर्षों में संघ ने देश को कई ऐसे स्वयंसेवक दिए हैं, जिन्होंने पवित्र संगठन से संस्कार प्राप्त कर देश के लिए काम किया है। उन्होंने

**विवेकानंद ने जो सिखाया, संघ भी वही सिखाता है : प्रधानमंत्री**

कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दुनिया का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन है। करोड़ों लोग इससे जुड़े हैं। संघ को समझना सरल नहीं है। हमारे वैदिक संतों और स्वामी विवेकानंद ने जो सिखाया है, संघ भी यही सिखाता है। संघ देश और जन सेवा में सब कुछ अर्पित करने की प्रेरणा देता है। इसी क्रम में समाज के लिए कुछ करने की प्रेरणा देता है। प्रधानमंत्री ने इस दौरान संघ से जुड़े संगठनों के बारे में भी बताया।

उन्होंने कहा कि जीवन के हर क्षेत्र में संघ के स्वयंसेवक कार्यरत हैं। संघ का स्वयंसेवक अपनी रुचि और प्रकृति के अनुसार विभिन्न क्षेत्रों में काम करता है। इसमें सेवा भारती, वनवासी कल्याण आश्रम, मजदूर संघ और कई अन्य संगठन हैं। उन्होंने कहा कि सेवा भारती गरीब बस्तियों में लाखों सेवा प्रकल्प चल रहा है।



वनवासी कल्याण आश्रम आदिवासी समाज में काम कर रहा है और 70 हजार से ज्यादा एकल विद्यालय चला रहा है। विद्या भारती जैसा संगठन 25 हजार स्कूल संचालित करता है, जिसमें एक समय पर 30 लाख से अधिक छात्र शिक्षा और संस्कार प्राप्त करते हैं। भारतीय मजदूर संघ की देशभर में 55 हजार से अधिक यूनियन हैं। कम्युनिस्ट जहां दुनिया के कामगारों एक होने का नारा देता है, वहीं भारतीय मजदूर संघ दुनिया के लिए एक होने का नारा देता है।

# बलूचिस्तान में पाकिस्तानी सेना के काफिले पर आतंकी हमला

## सात सैनिकों की मौत और 21 घायल

**▸▸ बलूच लिबरेशन आर्मी ने 90 सैनिकों की मौत का किया दावा**

**एजेंसी**

**क्वेटा।** पाकिस्तान में बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी के विद्रोहियों ने एक बार फिर आतंकी हमला किया। क्वेटा के ताफ्तान जा रहे सेना के काफिले पर आतंकी हमला हुआ। इस हमले में सात सैनिकों की मौत हो गई। वहीं, 21 घायल हो गए। बलूच लिबरेशन आर्मी ने 90 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत का दावा किया है। बलूच लिबरेशन आर्मी ने इस हमले की जिम्मेदारी भी ली है। हमला क्वेटा से दूर नोशकी में हमला हुआ। हमले के बाद सेना ने इलाके में हेलीकॉप्टर और ड्रोन तैनात कर दिए हैं। बता दें कि काफिला शनिवार को ताफ्तान जा रहा था। काफिले में सेना की सात बसें और दो अन्य वाहन थे। आईईडी से लदे हुए वाहन के काफिले की एक बस से टक्कर हो गई। यह आत्मघाती हमला था। बलूचिस्तान के



मुख्यमंत्री सरफराज बुग्ती ने हमले की निंदा की है।

**बलूच विद्रोहियों ने ट्रेन को किया था हाईजैक :** बता दें कि पाकिस्तान के बलूचिस्तान में 12 मार्च को ट्रेन हाईजैक की घटना घटी। बलूच विद्रोहियों ने जाफर एक्सप्रेस ट्रेन को हाईजैक कर लिया था। ट्रेन में 440 यात्री सवार थे। विद्रोहियों ने 21 बंधकों की हत्या कर दी। सुरक्षाबलों ने ट्रेन हाईजैक में शामिल सभी 33 हमलावरों को मौत के घाट उतार दिया। पाकिस्तान से बलूचिस्तान की आजादी चाहता है। यह प्रांत ईरान से सटा हुआ है। दशकों से आजादी की मांग चल रही है। प्राकृतिक और खनिज संसाधनों से लैस इस प्रांत का पाकिस्तान ने खूब लूटा है। इस प्रांत को लूटते-लूटते पाकिस्तान का मन भर गया तो उसने चीन को भी जोड़ लिया। चीन ने बलूचिस्तान में ग्वादर बंदरगाह और अन्य परियोजनाओं में निवेश किया है। बलूचिस्तान के लोगों का आरोप है कि पाक और चीन प्रांत की प्राकृतिक संसाधनों का दोहन कर रहे हैं।

# भारत 2028 तक बनेगा दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था : मॉर्गन स्टेनली

**नयी दिल्ली।** ब्रोकरेज फर्म मॉर्गन स्टेनली की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि साल 2028 तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन सकता है। इसके साथ ही इस रिपोर्ट में ये दावा भी किया गया है कि 2026 में ही भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक अर्थव्यवस्था के मामले में पांचवें स्थान से उछल कर चौथे स्थान पर पहुंच जाएगी। मॉर्गन स्टेनली की रिपोर्ट में बताया गया है कि ग्लोबल प्रोडक्शन में भारत की

**अगले तक 4.70 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद**

हिस्सेदारी लगातार बढ़ रही है। भारत में पॉलिसी और इंफ्रास्ट्रक्चर पर फोकस करने के साथ ही माइक्रो स्टेबिलिटी भी दिख रही है। इसके कारण अगले 3 साल में भारतीय अर्थव्यवस्था जर्मनी की अर्थव्यवस्था को भी पीछे छोड़ देगी और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। रिपोर्ट में बताया गया है कि साल 2026 तक भारतीय अर्थव्यवस्था के 4.70 ट्रिलियन डॉलर के स्तर तक पहुंच जाने की उम्मीद है। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था एक पायदान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर आ जाएगी। ऐसा होने पर अर्थव्यवस्था के मामले में भारत से आगे सिर्फ अमेरिका, चीन और जर्मनी की अर्थव्यवस्था रह जाएगी। भारत की अर्थव्यवस्था में जिस रफ्तार से तेजी आने की उम्मीद है। 2028 तक भारतीय अर्थव्यवस्था जर्मनी की अर्थव्यवस्था से भी आगे निकल जाएगी।

## यातायात नियम तोड़ने के लिए राजद विधायक तेज प्रताप पर जुर्माना

पटना। राजद विधायक एवं बिहार के पूर्व मंत्री तेजप्रताप यादव पर होली के दौरान राजधानी के वीआईपी इलाके में यातायात नियमों का उल्लंघन करने के लिए जुर्माना लगाया गया। पटना यातायात पुलिस ने रविवार को बताया कि विधायक तेज प्रताप यादव पर चार हजार रुपये का जुर्माना लगाया। उन पर बिना हेलमेट स्कूटर चलाने और आवश्यक दस्तावेजों की कमी के कारण चालान जारी किया गया। तेज प्रताप जिस स्कूटर पर सवार थे, उसका बीमा और प्रदूषण प्रमाण पत्र भी समाप्त हो चुका था।

# रोहतास में मां और बेटी की हत्या, पिता-पुत्र गिरफ्तार

**डेहरी ऑन सोन।** रोहतास जिले के चुटिया थाना क्षेत्र के तिअरा खूर्द पंचायत के चरनी पहाड़ी के नीचे पांवर सब स्टेशन के पास मां पार्वती देवी (48)बेटी प्रतिमा कुमारी (20)की हत्या पिता रामनाथ राम व पुत्र छोटू उर्फ लुल्हा ने मिलकर शनिवार को कर दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार पुलिस को सूचना मिली की तियरा कला पहाड़ी के पास पावर ग्रिड के बगल के बाजार में सिंचाई हेतु लगे मोटर के पास से दो महिला का शव

**ऑनर कीलिंग**

**बेटी प्रतिमा की शादी झारखंड में हुयी थी, वह एक विवाहित व्यक्ति से शादी करना चाहती थी**

मिला। उन्होंने बताया कि पिता और पुत्र को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। मृतिका प्रतिमा को शादी झारखंड में तय किया गया था।वह वहां शादी नहीं करना चाहती थी । वह एक शादी शुदा व्यक्ति से शादी करना चाहती थी।जिसका समर्थन उसकी मां की थी ।

## मशहूर संगीतकार एआर रहमान चेन्नई अस्पताल में हुये भर्ती

**मुंबई।** दिग्गज संगीतकार और गायक एआर रहमान को रविवार को अचानक सीने में दर्द हुआ, जिसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल, डॉक्टरों की टीम उनकी सेहत पर करीबी नजर बनाए हुए है। उनके प्रशंसक सोशल मीडिया पर उनके जल्द ठीक होने की कामना कर रहे हैं। रहमान विदेश से चेन्नई लौटने के बाद अचानक असहज महसूस करने लगे, जिसके चलते उन्हें बीती रात चेन्नई के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# पांच कंपनियों का मार्केट कैप 93,000 करोड़ घटा

**शेयर समीक्षा**

**इन्फोसिस, रिलायंस व टीसीएस को हुआ सबसे ज्यादा नुकसान**

**नयी दिल्ली।** स्थानीय शेयर बाजारों में कमजोरी के रुख के बीच सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से पांच कंपनियों के मार्केट कैप ) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 93,357.52 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान आईटी सेक्टर की दिग्गज कंपनियों इन्फोसिस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को हुआ।

बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 503.67 अंक या 0.68 प्रतिशत नीचे आया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में 155.3 अंक या 0.69 प्रतिशत का नुकसान रहा। होली के अवसर पर शुक्रवार को शेयर बाजार बंद थे। समीक्षाधीन सप्ताह में इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआइ) और रिलायंस इंडस्ट्रीज के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। वहीं आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईटीसी, बजाज फाइनेंस और भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण चढ़ गया। इन पांच कंपनियों के बाजार मूल्यांकन में सामूहिक रूप से 49,833.62 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। समीक्षाधीन सप्ताह में इन्फोसिस का मार्केट कैप 44,226.62 करोड़ रुपये घटकर 6,55,820.48 करोड़ रुपये रह गया। टीसीएस का वैल्यूएशन 35,800.98 करोड़ रुपये घटकर 12,70,798.97 करोड़ रुपये पर आ गया। टॉप 10 कंपनियों की सूची में यह खिसक कर तीसरे स्थान पर आ गई।

हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत 6,567.11 करोड़ रुपये घटकर 5,11,235.81 करोड़ रुपये रह गई। एसबीआई का वैल्यूएशन 4,462.31 करोड़ रुपये घटकर 6,49,489.22 करोड़ रुपये रह गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज के



मूल्यांकन में 2,300.50 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह घटकर 16,88,028.20 करोड़ रुपये पर आ गया। इस रुख के उलट आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 25,459.16 करोड़ रुपये बढ़कर 8,83,202.19 करोड़ रुपये हो गई। एचडीएफसी का बाजार मूल्यांकन 12,591.60 करोड़ बढ़कर 13,05,169.99 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आईटीसी का बाजार पूंजीकरण 10,073.34 करोड़ रुपये बढ़कर 5,15,366.68 करोड़ रुपये हो गया। बजाज फाइनेंस का वैल्यूएशन 911.22 करोड़ रुपये बढ़कर 5,21,892.47 करोड़ रुपये पर और भारती एयरटेल का 798.30 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 9,31,068.27 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, आईटीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर का स्थान रहा।

## फेड रिजर्व के निर्णय पर रहेगी बाजार की नजर

मुंबई। देश में इस वर्ष फरवरी में खुदरा महंगाई में नरमी आने के बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ लगाने से व्यापार युद्ध छिड़ने की चिंता में हुई भारी बिकवाली से बीते सप्ताह 0.7 फीसदी तक लुढ़के घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के निर्णय के साथ ही चीन के आर्थिक आंकड़ों पर नजर रहेगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 503.67 अंक अर्थात 0.7 प्रतिशत की गिरावट लेकर सप्ताहांत पर 73828.91 अंक पर आ गया। निफ्टी 155.3 अंक उतरकर 22397 अंक रह गया।

